* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

29 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 309

शांतिपूर्ण संपन्न हुई जलाभिषेक यात्रा, चारों तरफ रहा सन्नाटा






## न्यूज रील्स

### 2 सितंबर को सुबह 11:50 बजे आदित्य एल-1 लांच होगा

बेंगलुरू। इसरो सूर्य के अध्ययन के लिए 2 सितंबर को सुबह 11:50 बजे सौर मिशन आदित्य एल-1 लांच करेगा। इसरो ने सोमवार को यह जानकारी दी। आदित्य एल-1 सूर्य का अध्ययन करनेवाली पहली स्पेस बेस्ड इंडियन लेबोरेट्री होगी। इसे सूर्य के चारों ओर बननेवाले कोरोना के रिमोट ऑब्जर्वेशन के लिए डिजाइन किया गया है। एल-1 सूर्य-पृथ्वी के लैग्रेंजियन पॉइंट पर रह कर सूर्य पर उठनेवाले तूफानों को समझेगा। यह पॉइंट पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। यहां तक पहुंचने में इसे करीब 120 दिन यानी चार महीने लगेंगे।

### प्रज्ञान रोवर के सामने आया चार मीटर बड़ा गड्ढा

बेंगलुरू। इसरो ने सोमवार को कहा कि 27 अगस्त को चंद्रयान-3 के रोवर प्रज्ञान के सामने चार मीटर डायामीटर का क्रेटर आ गया। रोवर की लोकेशन से तीन मीटर आगे ये क्रेटर था। ऐसे में रोवर को रास्ता बदलने का कमांड दिया गया। अब यह सुरक्षित रूप से एक नये रास्ते पर बढ़ रहा है।

### झारखंड में रक्षा बंधन की छुट्टी 31 अगस्त को

रांची। रक्षा बंधन को लेकर झारखंड में 30 की जगह अब 31 अगस्त को छुट्टी रहेगी। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से संशोधित अधिसूचना जारी की गयी है। इसमें कहा गया है कि पहले रक्षा बंधन के अवसर पर 30 अगस्त, 2023 को कार्यपालक आदेश के तहत अवकाश घोषित हुआ था। विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस साल रक्षा बंधन 31 अगस्त को मनाया जा रहा है। इसी के मद्देनजर विभाग ने यह फैसला लिया है। अब 31 अगस्त को सभी सरकारी कार्यालयों में छुट्टी रहेगी।

### रिलायंस के नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बने इशा, आकाश और अनंत



मुंबई। ईशा, आकाश और अनंत अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बन गये हैं। शेयर होल्डर्स की मंजूरी के बाद आरआइएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर ने सोमवार को मुकेश अंबानी के तीनों बच्चों को नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अपॉइंट किया। इसके साथ ही नीता अंबानी के इस्तीफे को भी बोर्ड ने एक्सेप्ट कर लिया है। कंपनी ने कहा कि नीता अंबानी रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर चेयरपर्सन की भूमिका में बनी रहेंगी।

8वें राष्ट्रीय रोजगार मेले में वर्चुअली शामिल हुए पीएम

# भारत टॉप-3 अर्थव्यवस्था में जल्द शामिल होगा : नरेंद्र मोदी

- 51 हजार युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत बहुत जल्द टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होगा। उन्होंने कहा, सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की स्थिति का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी पूरी जिम्मेदारी के साथ ऐसी गारंटी देता है। आम नागरिक पर बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के प्रभाव के बारे में उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हर क्षेत्र का विकास हो। उन्होंने महामारी के दौरान फार्मा उद्योग की भूमिका के बारे में बात की।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत का फार्मा उद्योग लगभग चार लाख करोड़ रुपये मूल्य का है। अनुमान है कि 2030 तक यह उद्योग लगभग 10 लाख करोड़ रुपये का हो जायेगा। मोदी ने ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट उद्योग के विस्तार, मोबाइल फोन, लैपटॉप, टैब आदि निर्माण समेत पर्यटन के क्षेत्र में अर्थव्यवस्था की चर्चा की। प्रधानमंत्री सोमवार को 8वें राष्ट्रीय रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। वह वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े और 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटा।



### झारखंड के 790 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

**रांची (आजाद सिपाही)।** रोजगार मेला कार्यक्रम के तहत ग्रुप केंद्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, रांची में रोजगार मेला-8 का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व ग्रुप केंद्र के उपमहानिरीक्षक डीएन लाल ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। उन्होंने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में चयनित झारखंड के 559 अभियार्थियों को नियुक्ति पत्र दिया। उधर, हजारीबाग के सीमा सुरक्षा बल प्रशिक्षण केंद्र, मेरू में रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें 231 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी उपस्थित थीं।

**45 जगहों पर रोजगार मेले का आयोजन :** देश के विभिन्न राज्यों में 45 जगहों पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 51 हजार 106 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस रोजगार मेले के आयोजन के माध्यम से गृह मंत्रालय विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) जैसे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), असम राइफल्स, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ), भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के साथ-साथ दिल्ली पुलिस में कर्मियों की भर्ती कर रहा है। पूरे देश से चुने गये नये रंगरूट गृह मंत्रालय के तहत विभिन्न पुलिस बलों में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी), सब-इंस्पेक्टर (जनरल ड्यूटी) और नॉन-जनरल ड्यूटी कैडर जैसे विभिन्न पदों पर भर्ती होंगे।

**आप आजादी के अमृत काल के अमृत रक्षक :** मोदी ने कहा कि देश के हर युवा का सपना है कि वह देश का प्रहरी बने। आप देश की सेवा के साथ-साथ यहां के नागरिकों की रक्षा भी करेंगे। इसलिए आप सभी आजादी के अमृत काल के अमृत रक्षक हैं। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि रोजगार मेले का यह संस्करण ऐसे समय में हो रहा है, जब राष्ट्र गर्व और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान 3 और प्रज्ञान रोवर लगातार चंद्रमा के नवीनतम फोटो प्रसारित कर रहे हैं। इस प्रतिष्ठित क्षण में, प्रधानमंत्री ने कहा कि नये रंगरूट अपने जीवन काल की सबसे महत्वपूर्ण यात्रा शुरू कर रहे हैं। उन्होंने सभी नयी नियुक्त अभ्यर्थियों और उनके परिवारों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

**10 महीने में 5 लाख लोगों को नियुक्ति पत्र मिला :** 22 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। तब प्रधानमंत्री ने कहा था कि हमारा लक्ष्य देश के युवाओं को 2023 के अंत तक 10 लाख सरकारी नौकरियां देना है। मोदी ने पिछले 10 महीनों में आठ रोजगार मेलों में करीब पांच लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया है।

# चारा घोटाला में रांची के पूर्व विधायक गुलशन अजमानी समेत 50 से अधिक दोषी करार दिया

- 124 आरोपियों में से 52 को तीन साल, 37 अन्य को तीन साल से अधिक की सजा, 35 हुए बरी

आजाद सिपाही संवददाता

**रांची।** 26 साल पुराने चारा घोटाले के सबसे बड़े मामले में रांची सीबीआइ की विशेष कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। 21 जुलाई को इस केस से जुड़े सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने चारा घोटाला मामले में रांची के पूर्व विधायक गुलशन लाल अजमानी समेत 50 से अधिक लोगों को दोषी करार दिया। सुनील कुमार सिन्हा, अजय कुमार सिंह, जगदीश प्रसाद, नंद किशोर सिंह, राजीव कुमार, नरेश प्रसाद, रवींद्र प्रसाद, रवींद्र कुमार मेहरा, अजय वर्मा, डॉ हीरालाल और डॉ बिनोद कुमार को तीन-तीन साल की सजा सुनायी गयी है। इसके अलावा डॉ केएम प्रसाद, रामा शंकर सिंह, अरुण कुमार वर्मा, गौरी प्रसाद, शरद कुमार, अशोक कुमार यादव, राम नंदन सिंह, अजय कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार सिंह, सुरेश दुबे, मदन कुमार पाठक सहित अन्य को दोषी करार दिया गया। गौरतलब है कि चारा घोटाले के डोरंडा कोषागार मामले में सोमवार को सीबीआइ की विशेष अदालत ने फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव ने सजा सुनायी है। इस मामले में 124 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इनमें से 52 को तीन साल तक की सजा, 37 अन्य को तीन साल की सजा सुनायी गयी। वहीं 35 लोगों को रिहा कर दिया गया। तीन साल से अधिक सजा पाने वाले सभी 37 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अब इनकी सजा पर एक सितंबर को सुनवाई होगी।

### कोटा की कोचिंग में दो महीने तक टेस्ट पर बैन

**कोटा (आजाद सिपाही)।** कोटा में विद्यार्थियों के सुसाइड का सिलसिला थम नहीं रहा है। पढ़ाई के प्रेशर में छात्र यहां लगातार जान दे रहे हैं। रविवार को भी दो छात्रों ने टेस्ट सीरीज में कम नंबर आने से तंग आकर सुसाइड कर लिया। इसके बाद जिला कलेक्टर ने कोचिंग संस्थानों में टेस्ट लेने पर रोक लगा दी है। फिलहाल रोक दो महीने के लिए लगायी गयी है। गौरतलब है कि रविवार को चार घंटे के अंतर पर दो छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी। इस तरह इस साल जनवरी से 28 अगस्त तक 24 मामले सामने आये हैं। इनमें 13 छात्रों को कोटा आये हुए दो-तीन महीने से लेकर एक साल से भी कम समय हुआ था।

बाबूलाल और लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने सरकार पर साधा निशाना

# जेल जाने से नहीं बच सकते हेमंत: लक्ष्मीकांत

- मोदी के हाथों में कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत सुरक्षित
- रामगढ़ की जनता ने हेमंत सरकार को बता दिया, अब डुमरी की बारी: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** अपनी संकल्प यात्रा के बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने सोमवार को डुमरी उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार अभियान का नेतृत्व संभाल लिया। दोनों नेताओं ने निमियाघाट मंडल के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में हेमंत सरकार और यूपीए गठबंधन पर हमला बोला तथा एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी को आगामी 5 सितंबर को केला छाप पर बटन दबा कर अपार मतों से जिताने का आह्वान किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि देश में भ्रष्टाचारियों ने विश्व के सर्वमान्य नेता यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 2024 में रोकने के लिए गठबंधन बनाया है, लेकिन सबको पता है कि मोदी के साथ जनता जनार्दन है। देश की जनता मोदी के विकास के संकल्पों के साथ खड़ी है। मोदी जी ने देश से परिवारवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण को समाप्त करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण व्याप्त है, और यह सब हेमंत सोरेन के सामने हो रहा है। उन पर जिस तरह के आरोप हैं, वे जेल जाने से नहीं बच सकते। वाजपेयी ने कहा कि आज राज्य की संपत्ति लूटी जा रही, बहन बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं। माता-पिता बच्चों को बाहर भेजते हैं, तो उनके घर लौटने तक चिंतित रहते हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ उत्तरप्रदेश सरकार ने बुलडोजर बाबा के नेतृत्व में अपराधियों पर सख्त कारवाई की है। वाजपेयी ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड को बनाया। राज्य की सभी भाजपा सरकारों ने विकास के मार्ग को प्रशस्त किया। चाहे बाबूलाल मरांडी की सरकार रही हो या अर्जुन मुंडा या रघुवर दास की, उसने बुनियादी सुविधाओं के साथ उग्रवाद को नियंत्रित किया। डबल इंजन की सरकार में गांव, गरीब, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी समाज के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलीं। महिला सशक्तिकरण के काम हुए, लेकिन वर्तमान गठबंधन सरकार ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य को केवल लूटा है। प्रदेश प्रभारी ने 2024 में झारखंड की 14 लोकसभा सीट एनडीए गठबंधन को देकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और राज्य में भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाने का आह्वान किया।



सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह उपचुनाव हेमंत सरकार को सबक सिखाने का अवसर है। रामगढ़ की जनता ने पिछले उपचुनाव में बता दिया, अब डुमरी की बारी है।

# सीएम के निर्देश पर श्रम विभाग की टीम लेह लद्दाख में, झारखंड के श्रमिकों का जाना हाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर श्रम विभाग के एक प्रतिनिधिमंडल ने लेह लद्दाख में कार्यरत झारखंड खास कर संताल परगना के संताली आदिवासी श्रमिकों की स्थिति का जायजा लिया। प्रतिनिधिमंडल ने लेह लद्दाख और सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों से बातचीत कर श्रमिकों की स्थिति को और बेहतर करने का आग्रह किया है।

राष्ट्र को बेहतर आधारभूत संरचना से आच्छादित करने में झारखंड के संताली आदिवासी श्रमिकों का विशिष्ट योगदान है। इनका योगदान सीमा सड़क संगठन के सभी कार्य में है। चाहे गहरी खाई पर पुल बनाना हो या पहाड़ को चीर कर सड़क। इसलिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन्हें वीर श्रमिक की उपाधि दी है। लेह लद्दाख में बीआरओ की परियोजनाओं जैसे हिमांक, विजयक और योजक को समय पर काम पूरा करने में झारखंड के कुशल और मेहनती श्रमिकों का अहम योगदान है। इसको ध्यान में रखते हुए लद्दाख में प्रवासी श्रमिकों की स्थिति की जानकारी लेने के लिए प्रतिनिधिमंडल श्रमायुक्त झारखंड के नेतृत्व में 21 अगस्त को लेह लद्दाख गया था।

**श्रमिकों के लिए हमेशा तत्पर सरकार :** लद्दाख में श्रम सचिव द्वारा आयोजित बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने बीआरओ को राज्य के प्रवासी श्रमिकों को कार्य के दौरान जरूरी रक्षा संसाधनों से सुसज्जित करने का निर्देश दिया है, ताकि श्रमिकों की जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इससे पूर्व भी राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों को हर संभव सहायता झारखंड सरकार ने पहुंचायी। कोरोना संक्रमण काल में भी श्रमिकों को सरकार हवाई जहाज से सुरक्षित झारखंड लेकर आयी थी।

**मुख्यमंत्री का मिला है निर्देश :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्रम विभाग के अधिकारियों को प्रवासी श्रमिकों को हर संभव सहायता करने और लद्दाख में निबंधित लेबर एजेंसीज द्वारा खास कर संताली आदिवासियों को गैर कानूनी रूप से नियोजित करने के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया है।

**प्रवासी श्रमिकों से की मुलाकात :** प्रतिनिधिमंडल ने प्रवासी श्रमिकों से मुलाकात की तथा कार्यस्थलों का भी दौरा किया। जहां से झारखंड के श्रम विभाग को प्रवासी श्रमिकों द्वारा संपर्क किया जा रहा था। प्रवासी श्रमिकों को परेशानी होने पर हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की बात कार्यरत श्रमिकों से कही गयी है।

### मुख्यमंत्री ने नीरज चोपड़ा को दी बधाई



रांची (आजाद सपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गोल्ड मेडल जीतने वाले एथलीट नीरज चोपड़ा को बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट किया है कि वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी नीरज जी को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। आपने अनेक बार अपने खेल से देश को विश्व पटल पर गौरवांवित किया है। आप ऐसे ही खेलते रहें, आगे बढ़ते रहें, यही कामना करता हूं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,900 रु./10 ग्राम
चांदी 77,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 29 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



# कहानी इसरो की, जिसने दुनिया में हर भारतीय का माथा ऊंचा किया

## ■ वेद-पुराण और आधुनिक विज्ञान का सबसे शानदार संगम है यह संस्था

## ■ इसरो के कारण भारत आज दुनिया के अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा है

आजाद सिपाही विशेष

**इसरो की कहानी हर भारतीय को जाननी चाहिए, क्योंकि यह भारत की कहानी है, उसके विकास और छलांग की कहानी है। अंतरिक्ष में उसकी महत्वाकांक्षाओं के विस्तार की कहानी है। इसरो का इतिहास भारत की अनंत जिज्ञासा का भी इतिहास है। इसरो का नाम आज भारत के 140 करोड़ लोगों और संभवत: विश्व में लगभग हरेक व्यक्ति की जुबान पर है। यह तब संभव हुआ, जब इसरो का चंद्रयान-3 मिशन सफल हुआ। चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के साथ ही भारत विश्व के अग्रणी देशों की पहली पंक्ति में शुमार हो गया। आज देश खुद पर इतरा रहा है। यहां के लोग गर्व कर रहे हैं। भारत को क्यों न विश्व गुरु की श्रेणी में रखा जाये। जब नासा नाइन प्लैनेट्स ढूंढ़ रहा था, तब भारत के घर-घर में नवग्रहों की पूजा होती थी। भारत हनुमान चालीसा में पहले ही धरती से सूर्य तक की दूरी नाप चुका था। भारत ने ही शून्य का आविष्कार किया। हमें पढ़ाया गया कि 1903 में विमान का आविष्कार राइट ब्रदर्स ने किया था, लेकिन हजारों वर्ष पहले ऋषि भारद्वाज वैमानिक शास्त्र में हवाई जहाज या यूं कहें उड़नेवाले यंत्र या विमान के कई प्रकारों का वर्णन और उन्हें बनाने की तकनीक का वर्णन किया हैं। न्यूटन से 15 सौ साल पहले भारत को गुरुत्वाकर्षण मतलब ग्रैविटेशन की जानकारी थी। वेदों में तो पहले ही चंद्रमा पर पानी का जिक्र है। भारत विश्व गुरु था और अपने चंद्रयान -3 की सफलता से उसने फिर से यह सिद्ध कर दिया कि कैसे किफायती दर पर अंतरिक्ष मिशन को सफल किया जा सकता है। भारत के वैज्ञानिक आज हर क्षेत्र में अपने बुद्धिबल का परिचय दे रहे हैं। क्या है इसरो की कहानी, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

इसरो की कहानी देश की आजादी के लगभग डेढ़ दशक बाद शुरू हुई थी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) भारत की अंतरिक्ष एजेंसी है। इसरो अंतरिक्ष विभाग भारत सरकार का एक प्रमुख घटक है। इस संगठन में भारत और मानव जाति के लिए बाह्य अंतरिक्ष के लाभों को प्राप्त करने के लिए विज्ञान, अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी शामिल हैं। इसका लक्ष्य अंतरिक्ष विज्ञान अनुसंधान और ग्रहों की खोज को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय विकास के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना है। इसरो को पहले भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति (इंकोस्पार) के नाम से जाना जाता था। विक्रम साराभाई उसके मुखिया थे। वर्ष 1962 में विक्रम साराभाई ने देश में स्पेस रिसर्च शुरू करने के लिए भारत में एक सरकारी इंस्टीट्यूट बनाने का विचार रखा। साराभाई के पास गिने-चुने वैज्ञानिकों की टीम थी और पैसों की तंगी भी। इस विचार को मूर्त रूप देते हुए 15 अगस्त 1969 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की स्थापना की गयी तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए विस्तारित भूमिका के साथ इसने इंकोस्पार की जगह ली। उसके बाद अंतरिक्ष विभाग की स्थापना हुई और 1972 में इसरो को अंतरिक्ष विभाग के तहत लाया गया।

### साइकिल पर लाद कर लांच सेंटर तक पहुंचाये गये रॉकेट के पार्ट्स


इंकोस्पार के गठन के ठीक एक साल बाद 1963 में, भारत ने अपना पहला रॉकेट अंतरिक्ष में लांच किया था। ऊपरी वायुमंडल की जांच के लिए बनाये गये साउंडिंग रॉकेट को केरल के थुंबा इक्वेटोरियल रॉकेट लांचिंग स्टेशन से लांच किया गया था। इसे अब विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के रूप में जाना जाता है। भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने बताया था कि कैसे तैयारी शुरू होने से पहले इंकोस्पार को एक स्थानीय चर्च से जमीन लेनी पड़ी और ग्रामीणों को स्थानांतरित करना पड़ा। फिर वे रॉकेट पार्ट्स को साइकिल पर लाद कर लांच पैड तक ले जा रहे थे। 21 नवंबर, 1963 को उन्होंने डॉ होमी भाभा जैसे विशिष्ट वैज्ञानिकों की मौजूदगी में रॉकेट लांच किया।

### आर्यभट्ट: देश के पहले उपग्रह का लांच

1969 में इसरो की स्थापना के बाद भारत ने अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट एक सोवियत रॉकेट के जरिये अंतरिक्ष में भेजा। आर्यभट्ट भारत का पहला उपग्रह था, जिसे 19 अप्रैल 1975 को कॉस्मोस-3 एम लांच व्हीकल से लांच किया गया था। प्रसिद्ध भारतीय खगोल शास्त्री के नाम पर इसका नाम आर्यभट्ट रखा गया। इसे इसरो ने बनाया था और सोवियत संघ ने लांच किया था।

### इसरो के ऑफिस के पीछे की कहानी

विक्रम साराभाई को अंतरिक्ष अनुसंधान का दायरा बढ़ाने के लिए भारत में एक सरकारी संस्थान बनाने की जरूरत महसूस हुई। उन्होंने 1962 से पहले ही इसकी तैयारी शुरू कर दी थी। 1969 में इसे लागू किया गया। उसी साल भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की स्थापना हुई। लेकिन इसरो के मुख्यालय को बेंगलुरु लाने के अथक प्रयास के पीछे जिस शख्स का नाम है, वह हैं सतीश धवन। श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र का नाम उन्हीं के नाम पर रखा गया है। इसरो का ऑफिस बेंगलुरु लाने के पीछे भी एक कहानी छिपी है। पहले इसरो का हेडक्वार्टर इस शहर में नहीं था। वरिष्ठ वैज्ञानिक सतीश धवन ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सामने इसरो का हेडक्वार्टर बेंगलुरु ले जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे उन्होंने तुरंत ही स्वीकार कर लिया। विज्ञान के क्षेत्र में उनके द्वारा दिये गये योगदान को देखते हुए श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र का नामकरण भी सतीश धवन के नाम पर किया गया। धवन का कहना था कि बेंगलुरु में स्पेस रिसर्च एकेडमी के लिए जरूरी सभी इंफ्रास्ट्रक्चर है। यहां पर वर्ष 1940 में हिंदुस्तान एयरक्राफ्ट (अब एयरोनॉटिक्स) लिमिटेड की स्थापना की गयी थी। इसके बाद 1942 में आइआइएससी को बेंगलुरु में स्थापित किया गया था। सतीश धवन इसी आइआइएससी के निदेशक थे। इस तरह इसरो के इस शहर में आने से सभी जरूरी चीजें एक ही जगह पर मिल गयी थीं, जिसके बाद देश ने अंतरिक्ष विज्ञान में सफलता की नयी कहानियां लिखनी शुरू कर दी।



### विक्रम साराभाई के निधन से लगा झटका

प्रो धवन ने हमेशा रिसर्च का दायरा बढ़ाने की कोशिश की। उनका मकसद अनुसंधान कार्यों के लिए कई और केंद्र स्थापित करना था। आइआइएससी के काम का विस्तार करने के लिए एस्ट्रा (ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग के लिए सेल), सीइएस (पारिस्थितिकी विज्ञान केंद्र)। विज्ञान और शोध के काम को विस्तार देने के लिए धवन काफी पहले से ब्लू-प्रिंट तैयार कर रहे थे। वह दुनिया भर में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा की तलाश में थे। ऐसे कार्यकर्ताओं की तलाश, जो शोध कार्य को आसमान की ऊंचाइयों तक ले जायें। लेकिन कभी-कभी लय में अचानक गिरावट आ जाती है। आरंभ होने से पहले ही भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान गहरे अंधकार में डूब गया। 30 दिसंबर 1971 को इसरो के दिग्गज विक्रम साराभाई का 52 वर्ष की उम्र में अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। तब सभी लोग असमंजस में पड़ गये।

### एसएलवी 3 इसरो का बनाया पहला स्वदेशी रॉकेट

वर्ष 1980 में देश ने अपना पहला रॉकेट बनाया, जिसे सैटेलाइट लांच व्हीकल-3 नाम दिया गया था, जो सभी ठोस, चार चरण वाहन थे। यह 22 मीटर की ऊंचाई के साथ 17 टन वजन और 40 किलोग्राम श्रेणी के पेलोड को निम्न पृथ्वी ऑर्बिट (एलइओ) में रखने में सक्षम था। इसे 18 जुलाई 1980 को लांच किया गया था। एसएलवी 3 ने रोहिणी को ऑर्बिट में स्थापित किया था। इस तरह भारत अंतरिक्ष-प्रगतिशील देशों के एक विशेष क्लब का छठा सदस्य बन गया। रोहिणी इसरो द्वारा लांच सैटलाइट की एक सीरीज थी। इस सीरीज में चार सैटलाइट शामिल थे। उनमें से तीन ने सफलतापूर्वक ऑर्बिट में प्रवेश किया।

### पीएसएलवी: इसरो का सबसे भरोसेमंद लांच व्हीकल

पोलर सैटेलाइट लांच व्हीकल (पीएसएलवी) भारत का तीसरी पीढ़ी का लांच व्हीकल है। इसे अक्टूबर 1994 में लांच किया गया था और तब से जून 2017 तक लगातार 39 सफल मिशनों के साथ एक विश्वसनीय लांच व्हीकल के रूप में उभरा है। इसी ने सफलतापूर्वक 2008 में चंद्रयान-1 और 2013 में मंगल ऑर्बिटर स्पेस क्राफ्ट को लांच किया था। वहीं 2001 में जीएसएलवी इसरो की ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिसे जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल कहा जाता है। जीएसएलवी में पीएसएलवी की तुलना में कक्षा में भारी पेलोड डालने की क्षमता है।

### चंद्रयान 1: चांद की ओर बढ़ा इसरो

चंद्रयान 1 भारत का पहला मून मिशन था। अक्टूबर 2008 में इसे लांच किया गया था। इसने चंद्रमा के चारों ओर 3400 से अधिक चक्कर लगाये। 29 अगस्त 2009 को स्पेस क्राफ्ट से संपर्क टूटने के बाद मिशन समाप्त हो गया था।

### मंगलयान मिशन: पहली कोशिश में रचा इतिहास

मार्स ऑर्बिटर मिशन किसी ग्रह पर स्पेस क्राफ्ट भेजने का भारत का पहला मिशन था। रोस्कोस्मोस, नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के बाद इसरो मंगल की कक्षा में पहुंचने वाली दुनिया की चौथी अंतरिक्ष एजेंसी बन गयी। अपनी पहली ही कोशिश में भारत मंगल ग्रह की कक्षा में पहुंचनेवाला दुनिया का पहला देश बन गया। मंगलयान 5 नवंबर 2013 को लांच किया गया था।

### चंद्रयान 2: आखिरी वक्त में टूटा कनेक्शन

2019 में इसरो ने चंद्रयान-2 लांच किया था। चंद्रयान-2 जब चंद्रमा की सतह पर उतरने ही वाला था कि लैंडर विक्रम से संपर्क टूट गया। इस तरह आखिरी वक्त में चंद्रयान-2 का 47 दिनों का सफर अधूरा रह गया। भारत का यह मून मिशन चंद्रमा की सतह से 2.1 किलोमीटर दूर रह गया था।

### चंद्रयान-3: भारत चांद पर

चंद्रयान-3 ने चंद्रमा पर सफल लैंडिंग कर इतिहास रच दिया। चंद्रयान-3 के द्वारा भारत ने अब चांद पर कदम रख दिया है। रूस, अमेरिका और चीन के बाद ऐसा करनेवाला भारत दुनिया का चौथा देश बन गया है। वहीं चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करनेवाला दुनिया का पहला देश। जैसे ही मिशन सफल हुआ, देश में लोग खुशी से झूम उठे। हर तरफ तालियों से खुशी और सफलता जाहिर की गयी। इसरो का कंट्रोल सेंटर तालियों से गूंज उठा। पीएम मोदी मुस्कुरा उठे। गर्व से उनका रिएक्शन देखने लायक था। इस मौके पर इसरो चीफ के चेहरे की खुशी देखते ही बन रही थी। यह पल विश्व में भारत को पहली पंक्ति में खड़ा होने का अनुभव दिला रहा था।

### इसरो किफायती कॉमर्शियल लांचिंग के लिए जाना जाता है

इसरो दुनिया में अपने किफायती कॉमर्शियल लांचिंग के लिए जाना जाता है। चंद्रयान-1 ने चांद पर पानी खोजा। चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर आज भी काम कर रहा है। उसी ने चंद्रयान-3 के लिए लैंडिंग साइट खोजी। इसके अलावा मंगलयान का परचम तो पूरी दुनिया देख चुकी है। इन सबके बाद चंद्रयान-3 की सफलता ने दुनिया में भारत के दमखम को दिखाया है और यह साबित किया है कि भारत की काबिलियत किसी से कम नहीं। इससे दुनिया में यह संदेश गया है कि भारत के पास वह क्षमता है, जो कम बजट और कम संसाधनों में भी काम कर सकता है, जो बड़े-बड़े देश नहीं कर सकते। इस उपलब्धि ने दुनिया भर में भारत की विश्वसनीयता को और ज्यादा बढ़ा दिया है।

### मिशन पर क्या रहा खर्च

2008 में भेजे गये चंद्रयान-1 का कुल खर्च 386 करोड़ रुपये था। इसी तरह 2019 में भेजे गये चंद्रयान-2 पर कुल 978 करोड़ रुपये का खर्च आया था। चंद्रयान-3 का कुल खर्च 615 करोड़ यानी तीनों मिशन पर इसरो का कुल खर्च 1979 करोड़ रुपये रहा है। अमेरिका ने अपना लूनर मिशन साल 1960 में शुरू किया था। तब उसके मिशन का कुल खर्च 25.8 अरब डॉलर था। अगर आज के हिसाब के देखें, तो यह 178 अरब डॉलर बैठता है। रुपये के हिसाब से देखें तो यह रकम करीब 14 लाख करोड़ रुपये बैठती है। यानी इसरो के मुकाबले नासा के मून मिशन का खर्च करीब तीन हजार गुना ज्यादा था। इसरो ने कुछ साल पहले मंगलयान को भी लांच किया था। इसका कुल खर्च करीब 450 करोड़ रुपये था, जबकि 2013 में आयी हॉलीवुड फिल्म ग्रैविटी की लागत छह सौ करोड़ रुपये थी।

### 2014 के बाद इसरो के अंतरिक्ष प्रोजेक्ट के बजट में 123% की भारी वृद्धि

2014 तक साइंस एंड टेक्नोलॉजी का बजट 5400 करोड़ रुपये था। इसके बारे में कहा जाता था कि सारा पैसा वेतन भुगतान और प्रयोगशालाओं के रखरखाव में ही खर्च हो जाता है। 2022 में यह 14 हजार 217 करोड़ हो गया है। यानी 2014 से लेकर 2022 तक इसके बजट में तीन गुना बढोत्तरी हुई और इसने इस क्षेत्र में बहुत बदलाव लाया है। केवल अंतरिक्ष क्षेत्र का बजट ही पिछले 10 वर्षों में 123% की भारी वृद्धि के साथ 5615 करोड़ से बढ़ कर 12543 करोड़ हो गया है। बजट में यह उल्लेखनीय वृद्धि स्पेस रिसर्च में भारत सरकार की प्रतिबद्धता और अग्रणी अंतरिक्ष शक्ति बनने की उसकी महत्वाकांक्षा का प्रमाण है। यह सही है कि आजादी के तुरंत बाद देश में स्पेस रिसर्च की बेहतर शुरुआत हुई। हम दुनिया भर में स्पेस रिसर्च में टॉप 5 या टॉप 6 देशों में शामिल रहे हैं। पर इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता कि देश में पिछले नौ सालों में बहुत कुछ बदला है। 2014 से पहले भारत प्रति वर्ष औसतन 2.15 सैटेलाइट ही प्रक्षेपित कर रहा था, पर 2014 के बाद प्रति वर्ष 5.9 अंतरिक्ष यान मिशनों के प्रभावशाली होने का उदाहरण है। यह उछाल भारत की बढ़ती क्षमताओं और वैश्विक अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# हाइकोर्ट ने हजारीबाग में माहेश्वरी परिवार के छह लोगों की मौत मामले की सीबीआइ जांच की याचिका की स्वीकृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग में माहेश्वरी परिवार के छह लोगों की मौत मामले की सीबीआइ जांच करने का आग्रह करनेवाली राजेश माहेश्वरी की रिट याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने प्रार्थी की क्रिमिनल रिट याचिका को स्वीकृत कर लिया। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि स्टेट एजेंसी के सक्षम अधिकारी मामले का अनुसंधान करें और पुरानी जांच में शामिल अधिकारियों को इसमें शामिल नहीं किया जायेगा। कोर्ट ने चार माह में अनुसंधान पूरी कर फाइनल रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि स्टेट एजेंसी के अधिकारी मामले की जांच सक्षम अधिकारियों से करायें।




दरअसल, पूर्व में इस मामले की जांच सीआइडी कर रही थी। सीआइडी ने फाइनल रिपोर्ट जमा कर कहा था कि यह सुसाइड का मामला है और मामले में सीआइडी ने फाइनल फॉर्म अदालत में जमा कर दिया था, जिसे प्रार्थी ने हाइकोर्ट में चुनौती देकर कहा था कि यह माहेश्वरी परिवार के छह लोग के सुसाइड का मामला नहीं है, यह मर्डर का मामला है।

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता हेमंत सिकरवार ने कोर्ट को बताया कि 70 वर्षीय महावीर माहेश्वरी और उनकी 65 वर्षीय पत्नी दोनों की मौत पंखे से लटक कर बतायी जा रही है, जबकि मौत के बाद उनका पैर थोड़ा मुड़ा हुआ था, जो बेड से सटा हुआ था। बेड पर चादर भी सही तरीके से थी, जबकि सुसाइड के दौरान छटपटाहट में बेड खराब स्थिति में दिखना चाहिए था।

बता दें कि हजारीबाग के खजांची तालाब स्थित एक अपार्टमेंट में 70 वर्षीय महावीर माहेश्वरी, उनकी पत्नी, बेटा सहित तीन पीढ़ी के छह लोगों की 23 जुलाई 2018 को मौत हो गयी थी। मामले की पूर्व में सीआइडी जांच करायी गयी थी।


कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा

अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05/2023–24 दिनांक 26.08.2023

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14 | Construction of Guard wall & Steps and Cleaning of silt on both sides over river from Arghoti river bridge Jainagar road to taar tree near the house of Pradeep Pandey, Under Nagar Panchayat koderma. | 2495600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2 | 01 | Construction of R.C.C Drain with Slab from the house of Ramrenuk Singh to the House of Dilip Das via Shop of Sadhu Yadav in ward no. 01, Under Nagar Panchayat koderma. | 2499800.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3 | 01 | Construction of Tempu Stand near Dhawajadhari Gate, Koderma in ward no.01, Nagar Panchayat Koderma. | 2079400.00 | 41600.00 | 5000.00 | 03 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website | | | 29-08-2023 | | |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | | | 06-09-2023 | | |
| C | Date of Hard copy receiving | | | 08-09-2023 | | |
| D | Date of opening Tender | | | 09-09-2023 | | |
| E | Name & Address of office inviting tender | | | Executive Officer Nagar Panchayat Koderma | | |
| F | Helpline No. | | | +91-8434850985 | | |

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 305686 Urban Development(23-24)#D

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.2 °c | 21.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.11 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.30 बजे |



# जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस डांस प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस डांस कंपटीशन का भव्य आयोजन किया गया। भारत के चार महापुरुषों स्वामी विवेकानंद, सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन, गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर एवं मदर टेरेसा के जीवन दर्शन को प्रतिबिंबित करते हुए विद्यालय में चार हाउस ग्रुप का गठन किया गया है, ताकि हमारी नयी पीढ़ी इन महापुरुषों के बताये मार्ग का अनुसरण करते हुए अपने भावी भविष्य का निर्माण कर सकें।




बच्चों ने राजस्थान, हरियाणा, पूर्वोत्तर में असम और अंत में झारखंड के लोक नृत्य परंपराओं के सुंदर स्वरूप को प्रस्तुत किया। सभी प्रस्तुतियां मनमोहक और आत्मविभोर कर देने वाली थी। संपूर्ण भारत की साझी सांस्कृतिक लोक विरासत को सहेजने की कोशिश बड़ी अच्छी लगी। विवेकानंद हाउस को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। मदर टेरेसा हाउस को द्वितीय स्थान मिला, जबकि टैगोर हाउस को तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा।

विद्यालय के निदेशक मदन सिंह ने कहा कि झारखंड में हाई क्लास एजुकेशन की नीव हमने रखी है इसे मजबूती के साथ आगे बढ़ाने के लिए हमें कठिन परिश्रम करना है। प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि कलाओं के विभिन्न स्वरूपों का हमारे जीवन से बड़ा गहरा नाता है इसे हमें समझना होगा सीखना होगा और अपने बच्चों को सीखना भी होगा। यही कोशिश हम कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पदमश्री मुकुंद नायक ने बच्चों को अपने जीवन में लोक संस्कृति की महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने झारखंडी नागपुरी गीत को अपने विशिष्ट अंदाज में गाया जिससे सभी झूम उठे। झारखंड रत्न से सम्मानित विपुल नायक ने भरत मुनि द्वारा प्रतिपादित भारत की विशिष्ट नाट्य परंपरा नौरस को अपनी विशिष्ट नृत्य शैली में प्रस्तुत किया। झारखंडी लोक कला के विख्यात कलाकार श्री मन पुलक जी ने अपनी अनोखी मांदर वादन शैली से सबका खूब मनोरंजन किया। विख्यात भरत नाट्यम नृत्यांगना गार्गी सोम ने भरत नाट्यम की विश्व वंदना शैली से लोगों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# विष्णु अग्रवाल की बेल याचिका पर इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर सोमवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अब कोर्ट विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर 11 सितंबर को सुनवाई करेगा। विष्णु अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है। याचिका में उन्होंने कहा है कि इस पूरे केस में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। साथ ही उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए कोर्ट से जमानत याचिका मंजूर



करने की गुहार लगायी है।

**लैंड स्कैम केस में प्रमुख आरोपी हैं विष्णु अग्रवाल :** बता दें कि विष्णु अग्रवाल लैंड स्कैम केस में प्रमुख आरोपी हैं। इडी ने उन्हें 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था। इसी केस में पावर ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश से भी इडी पूछताछ कर चुकी है। स्वास्थ्य खराब होने के कारण विष्णु अग्रवाल फिलहाल रिम्स के कैदी वार्ड में भर्ती हैं, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# रजनीगंधा की बिक्री पर लगी रोक हटाने के लिए दायर याचिका हाइकोर्ट में स्वीकृत

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने रजनीगंधा कंपनी की याचिका को स्वीकार कर लिया है। झारखंड सरकार ने राज्य में रजनीगंधा समेत अन्य 10 पान मसालों की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया था, जिसके खिलाफ कंपनी ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस मामले की सोमवार को सुनवाई हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में हुई। कंपनी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता विवेक कोहली और अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने पक्ष रखा। पिछली सुनवाई में सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# 2 को दाहू यादव के सरेंडर करने का अनुमान, जांच में जुटी इडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अवैध खनन मामले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले मे इडी की तरफ से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस सिलसिले में इडी ने सुनील यादव से पूछताछ की। हालांकि सुनील यादव का भाई दाहू यादव अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस को अंदेशा है कि वह इस समय नेपाल में छुपा हो सकता है, लेकिन पुलिस के पास उसकी मौजूदगी को लेकर पुख्ता जानकारी नहीं है।

बता दें कि शुक्रवार को सुनील यादव को पुलिस ने उसके घर से धर-दबोचा था। इस दौरान उसे इडी कोर्ट में पेश करने से पहले पुलिस ने पूछताछ की। पूछताछ में सुनील ने स्वीकार किया कि उसका बड़ा भाई दाहू यादव इस समय विदेश में है। थोड़ी देर के लिए साहिबगंज आया था, फिर वापस चला गया था। हालांकि अंदेशा लगाया जा रहा है कि वह इस वक्त नेपाल में भी छिपा हो सकता है। इससे पहले दाहू यादव ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर कर दी थी। उसे उम्मीद थी कि सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल जायेगी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद उसने अब इडी के सामने सरेंडर करने का मन बनाया है। इधर, पुलिस सुनील यादव से दाहू के बारे में मिली इस कथित लीड की जांच कर रही है।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने नेत्रदान का संदेश दिया

## कश्यप मेमोरियल आई बैंक ने किया झारखंड में सबसे ज्यादा नेत्र प्रत्यारोपण

2022 से अब तक 148 नेत्रों का प्रत्यारोपण

पिछले 5 वर्षों में 334 नेत्रों का प्रत्यारोपण

अब तक कुल 795 नेत्रों प्रत्यारोपण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 38वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के तहत कश्यप मेमोरियल आई बैंक के द्वारा उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल में नेत्रदान जागरूकता पर आधारित पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। इस पेंटिंग कंपटीशन में उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल की 11 और 12 के क्लास की बच्चियों ने भाग लिया।

इस पेंटिंग कंपटीशन की विजेताओं को 8 सितंबर को बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगांव, रांची में होने वाले ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन के कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा। कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के कार्निया प्रत्यारोपण विशेषज्ञों डॉ निधि गडकर कश्यप और डॉ पूजा द्वारा उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल सहित कई अन्य स्कूलों में निरंतर नेत्रदान जागरूकता व्याख्यान दिये जा रहे हैं।

**उर्सुलाइन कान्वेंट में 100 नेत्रदान के शपथ पत्र भी भरे गये**

कश्यप मेमोरियल आई बैंक की मेडिकल डायरेक्टर डॉ भारती कश्यप ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े में एक बार फिर से कश्यप मेमोरियल आई बैंक द्वारा रन फॉर विजन का आयोजन किया जा रहा है। 2005 से नेत्रदान जागरूकता के लिए रन फॉर विजन का लगातार आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रांची के बच्चे एवं गणमान्य लोग नेत्रदान जागरूकता के लिए दौड़ते हैं। यह दौड़ बहुत ही संवेदनात्मक तरीके से नेत्रदान का संदेश देता है।

ज्ञातव्य हो कि कश्यप मेमोरियल आई बैंक, झारखंड के संस्थापक डॉ बीपी कश्यप एवं डॉ भारती कश्यप द्वारा झारखंड-बिहार का पहला नेत्र प्रत्यारोपण किया गया था। कश्यप मेमोरियल आई बैंक के द्वारा अभी तक 795 नेत्रों का प्रत्यारोपण किया जा चुका है। पिछले 5 वर्षों में हमने 334 नेत्र प्रत्यारोपण किये। 2022 से अभी तक हम ने 148 नेत्र प्रत्यारोपण किये हैं। कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल की डॉ निधी गडकर कश्यप की नेत्रित्व में नेत्र प्रत्यारोपण में प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम की वजह से यह सब संभव हो सका है।

# सर्वजातीय हिंदू महापंचायत और संतों की अगुवाई में विश्व शांति कल्याण की कामना के साथ संपन्न हुई ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुरुग्राम।** अगस्त 28, 2023। सर्वजातीय हिंदू महापंचायत के आह्वान पर, पूज्य संतों के मार्गदर्शन में विश्व हिंदू परिषद के साथ आज संपूर्ण मेवात क्षेत्र के हिंदू समाज ने सामूहिक रूप से संगठित होकर न सिर्फ पांडव कालीन प्राचीन मंदिरों में जलाभिषेक किया अपितु, हर्षोल्लास पूर्वक अपनी यात्रा अधूरी जलाभिषेक यात्रा भी पूर्ण की। सोमवार को दोपहर 12 बजे नूंह के नल्हड़ महादेव मंदिर में सबसे पहले पूज्य संतों के मार्गदर्शन में महापंचायत के प्रमुख अरुण जैलदार एवं विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्याध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ताआलोक कुमार ने भगवान भोले शंकर का आह्वान कर जलाभिषेक किया और संपूर्ण



हिंदू समाज के मंगल की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि हिंदू समाज विजयी है और विजयी ही रहेगा। हमने यह यात्रा विश्व शांति, विश्व कल्याण व विश्व बंधुत्व के लिए पूर्ण की है। हमें संतोष है कि इसके सामने बाधाएं खड़ी करने वाले सफल नहीं हुए। इस वर्ष जी 20 की बाध्यताएं थीं, अगले वर्ष हम इस यात्रा को व्यापक पैमाने पर पुनः करेंगे। मेवात की 52 पाल के प्रधान अरुण जैलदार ने सभी पूज्य संतों एवं आगंतुकों का अभिनंदन कर जलाभिषेक प्रारंभ किया और मेवात सहित संपूर्ण विश्व के हिंदुओं के मंगल की कामना की।

जलाभिषेक का मार्गदर्शन वरिष्ठ और पूज्य संतों ने किया जिनमें महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी धर्मदेव महाराज, पूज्य नारायण गिरी महाराज, पूज्य नरेंद्र गिरी महाराज, पूज्य जितेंद्रानंद महाराज और पूज्य नवल किशोर दास महाराज के अतिरिक्त अनेक संत बृंद उपस्थित थे। हरियाणा के अन्य 27 जिलों के 63 मंदिरों में जुटे हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भोले का अभिषेक किया। मेवात की यात्रा में सामिल अन्य प्रमुख लोगों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत संघ चालक प्रताप, प्रांत प्रचारक विजय एवं विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष रिटायर्ड जस्टिस पवन कुमार सहित मेवात क्षेत्र के अनेक पंचायतों के प्रधान आदि उपस्थित थे। शांतिपूर्ण, सौहार्द और उल्लास के साथ निकाली गई यह यात्रा सायं 4:00 बजे क्षीरेश्वर महादेव मंदिर होते हुए सिंगार गांव के श्रृंगार मंदिर में पूर्ण हुई।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति रांची के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रतिनिधिमंडल ने छह सितंबर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद, अध्यक्ष विनोद गोप, संरक्षक कुमार राजा, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल गौतम एवं श्री अर्जुन गुप्ता उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री से मिले कुलपति डॉ अशोक आर पाटिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल) रांची के कुलपति डॉ अशोक आर पाटिल ने मुलाकात की। यह मुलाकात शिष्टाचार भेंट बतायी जा रही है।

# आरक्षी से लिया जा रहा है क्लर्क का काम

सीएम सचिवालय ने मांगी थी रिपोर्ट, अब तक नहीं मिली

आशु संवर्ग के कर्मियों को किया जा रहा है कहीं और तैनात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड दूसरे राज्यों से थोड़ा अलग है। यहां नियमों का पालन अलग-अलग तरीके से होता है। अधिकारी जो चाहते हैं, वही कानून। पुलिस में भी कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। पुलिस के कई सीनियर अधिकारियों के यहां सामान्य आरक्षी लिपिक का काम कर रहे हैं।

यह नियम विरुद्ध है। संबंधित कार्यालय में जो आशु लिपिक तैनात किये गये हैं, उनसे किसी दूसरे विभाग में काम लिया जा रहा है। कई जिलों में तो जमादार गोपनीय शाखा में तैनात हैं और लिपिक का काम कर रहे हैं। इन सब मामलों पर हाइकोर्ट के अधिवक्ता अमरेश विश्वास ने मुख्यमंत्री सचिवालय को एक ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ता के आरोपों पर सीएमओ ने पुलिस मुख्यालय से एक रिपोर्ट मांगी। यह रिपोर्ट अब तक सीएमओ को नहीं मिली है।

**क्या किया पुलिस मुख्यालय ने :**सीएमओ से पत्र मिलते ही पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में एक पत्र जारी किया। पुलिस मुख्यालय के कार्मिक डीआइजी के हस्ताक्षर से झारखंड पुलिस अकादमी, रेंज के सभी डीआइजी, एसीबी विशेष शाखा, सीआइडी, झारखंड जगुआर, रेल, जंगल वॉरफेयर स्कूल नेतरहाट को पत्र भेजकर इस संबंध में रिपोर्ट मांगी गयी। रिपोर्ट तो नहीं मिली, उल्टे कई जिलों के एसपी ने आशुलिपिक को हटाकर आरक्षी या जमादार को गोपनीय शाखा में तैनात कर दिया है।

# रांची-जमशेदपुर एक्सप्रेस-वे की केंद्रीय मंत्री गडकरी ने की तारीफ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय पथ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को नेशनल हाइवे-33 सड़क को लेकर सोशल मीडिया में तस्वीर साझा की है। उन्होंने कहा है कि जहां पहले रांची से जमशेदपुर जाने में काफी समय लगता था, वह दूरी अब महज दो घंटे में पूरी हो रही है। ऐसा सिर्फ इस एक्सप्रेस-वे के बनने से हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने सड़क के किनारे हर ओर हरियाली, पहाड़ और नदियों की भी तस्वीर साझा की और कहा कि एक नया आनंद इस एक्सप्रेस वे से गुजरने पर लोगों को हो रहा है। रांची से जमशेदपुर फोरलेन रोड का निर्माण एक समय में जहां मुमकिन नहीं लग रहा था, वहीं अब इसके पूरी तरह से बन जाने के बाद बिल्कुल नये लुक में आ गया है। रांची से जमशेदपुर-महुलिया तक 165 किमी रोड का निर्माण कार्य लगभग दस साल से चल रहा है। शुरुआती समय में जिस एजेंसी मधुकॉन को इसके निर्माण का जिम्मा दिया था, उसने आधा-अधूरा काम करके छोड़ दिया, जिसके कारण सालों तक परियोजना लटकी। केंद्र सरकार ने बाद में इस कंपनी को टर्मिनेट कर दिया। इसके बाद एनएचएआई के जरिये चार पैकेज में इस सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया।

E-mail-mdjscb@jscb.gov.in Ph.No. 0651-2913111
JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LIMITED, RANCHI
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi-834001
Ref. :- 1469 Date: 28.08.2023
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. Invites EoI for **"Networking at Head Office"** for Jharkhand State Cooperative Bank Limited.
Last date for submission of documents: **20.09.2023 till 12:00 Noon.**
For eligibility criteria and other details, please visit website: **http://www.jscb.gov.in**
Sd/- CEO, JSCB, Ranchi

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा। जॉब में परिवर्तन। व्यापार-व्यवसाय में सफलता।

**वृष** प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर। आकस्मिक धन लाभ होगा। महत्वपूर्ण कार्य बनेगा।

**मिथुन** सुख-सौहार्द्र की वृद्धि। आर्थिक क्षेत्र में सफलता। मांगलिक कार्य का संपादन।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि। धन-द्रव्य का लाभ। शुभसमाचार की प्राप्ति होगी।

**सिंह** सभी काम पूरा होगा। बेरोजगारों को रोजगार के अबसर बनेंगे। आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी।

**कन्या** जमीन-मकान संबंधी काम पूरे होंगे। नौकरी-पेशावाले जातकों की सेवा शर्तों में सुधार होगा।

**तुला** लाभदायक प्रेरक प्रसंगों की अभिवृद्धि होगी। पारिवारिक समस्या का समाधान होगा।

**वृश्चिक** स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, शुभ संवाद की प्राप्ति।

**धनु** सुख-साधनों की वृद्धि। विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा। महत्वकांक्षा पूरी होगी।

**मकर** परिश्रम से सफलता मिलेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। परिवार में मांगलिक कार्य होगा।

**कुंभ** रोजी-रोजगार की स्थितियों में सुधार। दिमागी तनाव दूर होंगे। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

**मीन** व्यापार में लाभ। समस्याओं का निराकरण। नौकरी में कुछ उन्नति होने की संभावना।

# सांसद मनोज तिवारी रांची होते हुए गिरिडीह पहुंचे

**रांची (आजाद सिपाही)।** सोमवार को भाजपा सांसद सह लोक गायक मनोज तिवारी रांची पहुंचे। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एव खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक सह भोजपुरी युवा विकास मंच के अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी ने रांची एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भोजपुरी फिल्म अभिनेता अयाज खान भी उनके साथ थे। मनोज तिवारी ने कहा कि भोजपुरी एक मीठी भाषा है। झारखंड राज्य प्रकृति का एक नायाब तोहफा है। यहां के लोग और मौसम दोनों मृदुल हैं। वह अपने निजी वाहन से निजी कार्यक्रम के लिए गिरिडीह रवाना हो गये।

# रांची पुलिस ने 14 अपराधियों को किया गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने 14 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों का नाम अंबर कुमार, नीरज कुमार, सनी पासवान, सूरज गुप्ता, मनीष कुमार समेत कई अन्य है। रांची पुलिस को जानकारी मिली थी कि आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में कुछ अपराधी लगे हुए हैं और घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे हैं। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद एक टीम का गठन किया गया। इस मामले की जांच करते हुए टीम ने 14 अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने दो देशी पिस्तौल, एक देसी कट्टा और छिनतई के आठ मोबाइल और सात स्कूटी बरामद किया।

AFFIDAVIT
As per affidavit Ref. No. 1687 dated 22.08.2023 I, **JITENDRA TIRKEY,** Son of Late Budhwa Tirkey, aged about 51 years, Aadhar No-950545014068, Resident of Village-Near, Mission School, Sundil, P.S-Ratu, District-Ranchi, State-Jharkhand, do hereby declare as follows:-
1. That I am the father of **AKANCHA JASMIN TIRKEY** and has been passed the ICSE Board Exam in the year 2023 from Don Bosco School, Kokar, Ranchi.
2. That mother of **AKHANCHA JASMIN TIRKEY** has not been inserted in entire certificate, which has been issued by ICSE Board, New Delhi vide School Registration Code-JH090.
3. That **EVA KHALKHO** is my wife and mother of said **AKANCHA JASMIN TIRKEY.**
4. That in Birth Certificate of **AKANCHA JASMIN TIRKEY,** her mother's name **EVA KHALKHO** has been inserted.
5. That this affidavit is being solicited to add the name of mother **EVA KHALKHO** upon the certificate issued to **AKANCHA JASMIN TIRKEY** from the ICSE Board, New Delhi.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



### जहर खाने के बाद रिम्स में इलाजरत छात्रा साक्षी कुमारी की हुई मौत

# शिक्षकों की गिरफ्तारी की मांग, शव के साथ काठीटांड़ चौक को किया जाम





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** कृषक उच्च विद्यालय गडरी गुडू की छात्रा की जहर पीने के चार दिन बाद रिम्स में इलाजरत साक्षी कुमारी की मौत हो गयी। वह स्कूल की 10वीं क्लास की छात्रा थी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। छात्रा की मौत के बाद परिजनों ने मारपीट के आरोपित शिक्षक-शिक्षिका की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को पहले थाना घेरा इसके उपरांत शव को बीच रास्ते में रखकर पांच घंटे तक काठीटांड़ चौक एनएच 75 को जाम रखा। सड़क जाम के कारण सड़क के चारों ओर सैकड़ों वाहनों की लंबी कतार लग गयी। आने-जाने वालों को बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ा। लंबी दूरी की बसों के यात्री काफी परेशान दिखे।

आक्रोशित ग्रामीण कृषक उच्च विद्यालय के चार शिक्षक-शिक्षिकाओं की गिरफ्तारी व कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। जाम की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह, अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, सीआई संतोष उरांव, आजसू नेता भरत कांसी ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। लगातार पांच घंटे चले समझौते के बाद जाम हटा दिया गया। डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

### जानें क्या है मामला

कृषक उच्च विद्यालय गडरी गुडू की 10वीं क्लास की छात्रा साक्षी कुमारी ने बुधवार की सुबह कीटनाशक दवा खा ली थी। 22 अगस्त को विद्यालय की तीन छात्राएं 16 वर्षीय साक्षी कुमारी, 11 वर्षीय रिया कुमारी एवं 15 वर्षीय अशिता कुमारी स्कूल के लिए निकली थी, परंतु स्कूल न जाकर वह कहीं घूमने चली गयीं। बुधवार को जब छात्राएं स्कूल पहुंची तो उनसे स्कूल में अनुपस्थिति का कारण पूछा गया। घूमने जाने की जानकारी मिलने पर छात्राओं के साथ मारपीट की गई। स्कूल से घर वापस लौटने के उपरांत बुधवार की सुबह एक छात्रा साक्षी कुमारी ने अपमानित होकर घर में रखी कीटनाशक दवा खा ली। कीटनाशक दवा खाने की जानकारी मिलते ही परिजन साक्षी को लेकर कटहल मोड़ स्थित रिंची अस्पताल पहुंचे। तीन दिन के इलाज के बाद स्थिति खराब होने पर परिजन साक्षी को रिम्स ले गये जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गयी। मृतका छात्रा एक भाई व दो बहन में सबसे छोटी थी। पिटाई से दो और छात्राओ के शरीर में गंभीर चोट के निशान हैं। मामले को लेकर परिजनों ने स्कूल की प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी, शिक्षिका श्वेता कुमारी, शिक्षक निरंजन महतो एवं सचिव अशोक महतो के खिलाफ मारपीट करने की प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

### संताल परगना बिल्डर्स पर सियासत

# बाबूलाल मरांडी के भाई रामिया मरांडी ने कहा : हमने 2011 में ही इस कंपनी से नाता तोड़ लिया

**हेमंत सरकार इस कंपनी पर एफआइआर क्यों नहीं करती**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संताल परगना बिल्डर्स प्रकरण मामले में अब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के भाई रानिया मरांडी फ्रंटफूट पर आये हैं। सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने राज्य सरकार पर हमला बोला। कहा कि सरकार इस मामले में लोगों में केवल भ्रम फैलाने में लगी है। उसमें कार्रवाई करने का साहस नहीं है, इसलिए प्रेस के माध्यम से वह उनके भाई बाबूलाल पर छींटाकशी करने में लगी है। रामिया के मुताबिक यह सही है कि 2005 में संताल परगना बिल्डर्स बना। वह भी उसमें एक डायरेक्टर बने, पर जब योगेंद्र तिवारी के जमीन और शराब कारोबार के अलावा कुछ ऐसे कामों में लगने की जानकारी मिली, जिससे भविष्य में बदनामी की आशंका बनने लगी। उसका मुख्य पेशा राजनीति, प्रशासन में प्रभावी लोगों के बीच पैठ बनाना और गलत काम करने तथा मुसीबत से बचने को प्रभावशाली लोगों के प्रभाव का इस्तेमाल करना होने लगा, ऐसे में अपनी और अपने भाई बाबूलाल की प्रतिष्ठा को बचाये रखने को वह 2011 में हर तरह से इस कंपनी से अलग हो गये।

**सरकार करे एफआइआर :** रामिया मरांडी ने ताज्जुब जताते हुए कहा है कि आखिर 13 वर्षों बाद संताल परगना बिल्डर्स के साथ उनका नाम क्यों जोड़ा जा रहा। अखबारों में उनका नाम छपवाने का प्रयास क्यों हो रहा है, यह उनकी समझ से परे है। रामिया ने यह भी कहा है कि अगर इस कंपनी ने गलत किया है, तो उस पर तुरंत एफआइआर करें। सारी संपत्ति जब्त करें। कठोर कार्रवाई हो। अगर वे दोषी होंगे, तो वे भी जेल जायेंगे, सरकार को इस पुण्य काम को करने से किसने रोका है।

### कांग्रेस की जनसुनवाई में पहुंचे फरियादी

# जनता के लिए समर्पित है कांग्रेस पार्टी : बन्ना गुप्ता



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के लिए समर्पित है। पार्टी ने यह निर्णय लिया है कि जनता की समस्याओं का समाधान के लिए पूरा प्रयास किया जाए। जनता ने हम पर विश्वास जताया है तभी जाकर हम लोग सत्ता में है। कांग्रेस पार्टी ने जनता से जो वादा किया था उस वादा को पूरा करने में सफल हो रहे हैं। हमारी सरकार जन-कल्याणकारी योजनाओं को लेकर काम कर रही है, जिस से हरेक जरूरतमंद व्यक्ति को सरकारी योजना का लाभ मिल रहा है। श्री गुप्ता सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में बोल रहे थे। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर आये और मंत्री को आवेदन दे कर अपनी बातों को उनके समक्ष रखा। मंत्री ने बड़े ध्यान पूर्वक सभी लोगों की बातों को सूना और त्वरित कार्रवाई करने के लिए अपने विभाग के संबंधित पदाधिकारियों से बात किया एवं सभी आवेदन के आलोक में अपने निजी सचिव को पत्राचार करने का आदेश दिया।बता दें कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में गत 21 अगस्त को कांग्रेस के सभी मंत्रियों के साथ बैठक आहूत की गयी थी, जिसमें जन-सुनवाई कार्यक्रम का निर्णय लिया गया। इसमें महीने के प्रत्येक सप्ताह सोमवार को कांग्रेस कार्यालय में एक मंत्री की ओर से जनसुनवाई सुनी जायेगी।

# बीएयू में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से भारत को गौरवान्वित करने में झारखंड की भूमिका पर सेमिनार का आयोजन

### कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बीएयू की सराहना की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल ने बीएयू से किसान हित में कम अवधि औरअधिक उत्पादन वाली किस्मों के विकास पर शोध की अपील की, वहीं बीएयू के औषधीय क्षेत्र की उपलब्धियों की सराहना की।

राज्यपाल ने कहा कि सेमिनार का विषय वर्तमान संदर्भ में राज्य के लिए एक बड़ी चुनौती और प्रेरणादायक है। उन्होंने राज्य के विश्वविद्यालयों में अकादमिक कौंसिल प्लेटफार्म के सृजन का समर्थन किया। विश्वविद्यालयों में इस तरह के आयोजन से भावी झारखंड के निर्माण में नयी सोच, नये विचार और संसाधनों का उचित उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही। विश्वविद्यालयों में राज्य की देशज तकनीकी पर आधारित छोटे-छोटे स्टार्टअप को बढ़ावा देने पर बल दिया। कहा कि हमारे अपने प्रयासों और नवीन पहल का महत्व है।

राज्यपाल ने कहा कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का फसल और पशु प्रजाति के विकास के साथ विशेषकर औषधिय क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा है। देश का पहला गिलोय प्रसंस्करण और शोध केंद्र और एलोवेरा विलेज जैसी उपलब्धियों से संभावना के क्षेत्र का विस्तारीकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्षा के आगमन और उसकी स्थिति को देखते हुए किसान खेती करते है और खेतों में एक साथ दीखते हैं। उन्होंने राज्य में वर्षापात की असमानता औरं मौसम में बदलाव को देखते हुए बीएयू वैज्ञानिकों से कम अवधि में अधिक उत्पादन वाले खाद्यान विशेषकर चावल तथा दलहन और तेलहन फसलों उन्नत किस्मों के विकास पर शोध करने की अपील की।

# सीएमपीडीआइ के सीएमडी मनोज ने बिरसा-11 की टीम को पुरस्कृत किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीएमपीडीआइ में राष्ट्रीय खेल दिवस-2023 के उपलक्ष्य में आयोजित तीन-दिवसीय अंतर विभागीय फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन-सह-पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि संस्थान के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने विजेता टीम बिरसा-11 को ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। मौके पर सीएमपीडीआइ के निदेशक एसके गोमास्ता ने उप-विजेता टीम एवं ध्यानचंद-11 टीम के श्री स्नेहाशीष को प्लेयर ऑफ दी मैच तथा बिरसा-11 की टीम के जगदेव मुंडा को प्लेयर ऑफ दी टूनामेंट के खिताब से सम्मानित किया। वहीं, निदेशक अजय कुमार ने विजेता एवं उप-विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर उत्साहित किया। इस तीन-दिवसीय अंतर विभागीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला ध्यानचंद-11 बनाम बिरसा-11 के बीच हुआ। निर्धारित समय में दोनों टीमें 1-1 गोल की बराबरी पर रहीं। तत्पश्चात पेनाल्टी शूटआउट का विकल्प दोनों टीमों को दिया गया। पेनाल्टी शूटआउट में बिरसा-11 की टीम ने 3-2 से ध्यानचंद-11 की टीम को पराजित किया। ज्ञात हो कि 26-28 अगस्त, 2023 तक चलने वाले इस तीन-दिवसीय अंतर विभागीय फुटबॉल टूर्नामेंटमें कुल 6 टीमों ने भाग लिया।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से रोहित सिन्हा ने की मुलाकात



**प्रदेश की मौजूदा और आगामी राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा हुई**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** युवा कांग्रेस के महासचिव सह रांची विधानसभा के प्रभारी , प्रदेश यूथ इंटक कमेटी के उपाध्यक्ष श्री रोहित सिन्हा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे से दिल्ली में शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने श्री खड़गे को प्रदेश के वर्तमान राजनीतिक हालातों के बारे में भी विस्तार से बताया। रोहित ने आलाकमान को अवगत कराया कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में स्थिरता और प्रगति प्रदान करने का रिकॉर्ड हुआ है, वह पार्टी के लिए सकारात्मक ऊर्जा सौभाग्य लेकर आए हैं। आगामी नगर निकाय चुनाव और लोकसभा विधानसभा चुनाव में जनता विकास और कल्याण के एक नए युग की शुरुआत करने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में हर जाति, हर समाज,युवाओं,महिलाओं का विश्वास गठबंधन के साथ है।

# धुर्वा पोस्ट ऑफिस में 50 लाख का फर्जीवाड़ा, चार लोग सस्पेंड

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** धुर्वा पोस्ट ऑफिस में 50 लाख रुपये के फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। पोस्ट ऑफिस के खाता धारकों से एजेंट ने 50 लाख रुपये उड़ा लिये है। इसकी जानकारी होने पर खाता धारकों ने इस मामले में प्रशासन से मदद और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। खाताधारक नागेंद्र कुमार, प्रियंका कुमारी समेत अन्य के अकाउंट से उनके जमा पैसे को किसी ने अवैध तरीके से निकाल लिया। जब इस मामले की शिकायत पोस्टमास्टर को दी गयी, तो पोस्टमास्टर ने कार्रवाई की बात कही। पोस्टमास्टर ने कहा मामले को संज्ञान में लिया गया है। चार लोगों पर कार्रवाई करते हुए संस्पेंड कर दिया गया है।

**अकाउंट रिनुअल करने के लिए एजेंट ने हस्ताक्षर लिये थे :** अकाउंट रिनुअल करने के लिए खाताधारकों ने एजेंट के कहने पर एक हस्ताक्षर किया था। खाताधारकों को शक है कि उसी हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर एजेंट और पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी ने उनके खाता से पैसे की निकासी कर ली। पीड़ितों ने बताया कि जो एक मुख्य एजेंट था, जिसने सभी लोगों को इस जालसाज में फंसाया था, उसकी मौत हो चुकी है।

### जनहित प्रोडक्शन का जनहित सम्मान समारोह का पोस्टर विमोचन

# झारखंड में कलाकारों और समाजसेवियों को उचित मंच नहीं मिल पाया: हिना खान




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जनहित प्रोडक्शन के तत्वावधान में समाज और कला के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। इसके लिये जनहित सर्वोच्च सम्मान 2023 का पोस्टर विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन सोमवार को हरमू चौक स्थित कार्यालय कोलकाता की मशहूर एक्ट्रेस हिना कौसर के द्वारा किया गया। वहीं हिना कौसर ने कहा कि झारखंड में कलाकारों की कमी नहीं है, लेकिन इन कलाकारों और समाजसेवियों को उचित मंच नहीं मिला पाया है। कार्यक्रम के आयोजक चन्दन मिश्रा की शुक्रगुजार है कि उन्होंने झारखंड में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने की जिम्मेदारी उठायी है और मुझे आमंत्रित किया। आयोजक चंदन मिश्रा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि जनहित प्रोडक्शन झारखंड के उन सभी कलाकारों को सम्मानित करने के साथ- साथ समाज की मजबूत कड़ी के रूप में अपना योगदान देने वाले डॉक्टर, वकील, शिक्षक, सफाईकर्मी, पुलिसकर्मी, दिव्यांगजन आदि को भी संस्था सम्मानित करने का कार्य करेगी। इसके लिये कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। समाजसेवी निरंजन कुमार ने बताया कि जनहित सर्वोच्च सम्मान कार्यक्रम में झारखंड के अलग- अलग लोकगीत पर कलाकार थिरकते नजर आयेंगे। फाइनल इवेंट में झारखंड के ऐसे कलाकार जो मुंबई जाकर अपने राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं उन्हें चिह्नित कर सर्वोच्च सम्मान दिया जायेगा। मीडिया प्रभारी अंशु तिवारी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस इवेंट में झारखंडी थीम पर फाइनल सेटअप तैयार किया जायेगा। इसमे झारखंडी कलाकार नृत्य, ड्रामा, फैशन शो के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। यह झारखंड का पहला ऐसा कार्यक्रम होगा जो पूरी तरह से रेड कारपेट होगा। पूरा इवेंट 5 घंटे का होगा। बहुत जल्द कलाकारों का एक ऑडिशन लिया जाएगा जो इस ऑडिशन में सेलेक्ट होंगे वो फाइनल इवेंट में परफॉर्म करेंगे। मौके पर जनहित प्रोडक्शन के पूजा मिश्रा, अंकिता सिंह, आशीष सिंह, राजकुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# नव युवक संघ दुर्गा पूजा समिति ने लोअर चुटिया में पूजा पंडाल का किया भूमि पूजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नव युवक संघ दुर्गा पूजा समिति ने सोमवार को लोअर चुटिया स्थित महादेव मंडा के प्रांगण में बड़ा एवं भव्य दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए पूजा पंडाल का भूमि पूजन (खुटी पूजा) किया। भूमि पूजन में समिति के उपाध्यक्ष अमित साहू बैठे।

पुरोहित जनार्दन पांडे ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना संपन्न कराया।

इस पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष राजकुमार महतो, राधेश्याम केसरी, संजय प्रसाद, अरविंद कुमार, प्रमोद गोप, रवि गोप, मनोज गोप, लालो महतो, मिथिलेश गोप, राजू गोप, रवि महतो, धनंजय सिंह, सुमित महतो, राजू गोप, चुन्नू गोप, गुल्लू गोप, महावीर रजक, अमर चौधरी, जसवंत प्रसाद साहू, करण कुमार महतो, विवेक महतो, गौतम महतो, दीपक बारला, तपन कुमार महतो, कृष्णा गोप, बादल महतो, अशोक गोप, भोला केसरी, अमित लोहरा, अंवित गोप, शिवम गोप, संजय वर्मा, उमेश गोप, दिलीप गोप, अमरदेव महतो उपस्थित थे।

### नीतीश का आइएनडीआइए का संयोजक बनने से इनकार, कहा

# मैं कुछ बनना नहीं, बस सभी को एकजुट करना चाहता हूं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आइएनडीआइए गठबंधन का संयोजक बनने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि मैं कुछ भी नहीं बनना चाहता, ये बात मैं आपको बार-बार कहता आया हूं। मेरी ऐसी कोई इच्छा नहीं है। मैं बस सभी को एकजुट करना चाहता हूं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव सोमवार को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल पहुंचे थे।

विपक्षी दलों के गठबंधन अइएडीआइए की तीसरी बैठक मुंबई में 31 अगस्त और एक सितंबर को होगी। इस बैठक में गठबंधन के संयोजक की घोषणा होनी है। शुरुआत से ही इस बात की चर्चा है कि नीतीश कुमार को संयोजक बनाया जायेगा। मुंबई में होने वाली तीसरी बैठक में 26 दलों के लगभग 80 नेताओं के शामिल होने की संभावना है। मुंबई की बैठक में आइएनडीआइए गठबंधन का लोगो जारी किया जा सकता है।

### तिरिल बस्ती कोकर रांची में सरना समिति की बैठक

# महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, नशा मुक्ति और स्थानीय समस्याओं को लेकर विचार-विमर्श

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को तिरिल बस्ती कोकर रांची में सरना समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता तिरिल निवासी सुनील केरकेट्टा ने किया। इसमें महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, नशा मुक्ति, स्वस्थ और स्थानीय समस्याओं को लेकर विचार विमर्श हुआ।

इस मौके पर सुनील केरकेट्टा ने कहा कि आदिवासी समाज में नशा हावी हो रहा है। इसे हम लोगों को रोकना है। साथ ही महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न पर भी रोक लगाना है।

केंद्रीय सरना समिति फूलचंद तिर्की गुट के पूर्व जिला अध्यक्ष नमित हेमरोम ने कहा कि सरकार आदिवासियों को रोजगार और शिक्षा देने में असफल रही है। इसलिए सरकार को जल्द से जल्द आदिवासियों के शिक्षा और रोजगार पर ध्यान देने की आवश्यकता है। साथ ही स्थानीय समस्याओं पर भी चर्चा की गयी। बैठक में वक्ता के रूप में राहुल राज, नमित हेमरोम, पंकज, बिपिन थे।

बैठक में विकाश लकड़ा, निशांत केरकेट्टा, सुमित तिर्की, चंदन लोहरा,अजय मुंडा, विजय कच्छप, निशांत करकेट्टा, ऋषि लकड़ा, आयुष लकड़ा, संजू केर-केट्टा, दीपक केरकेट्टा सुशांत गाड़ी, सुनील गाड़ी और तिरिल बस्ती के अन्य लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 29 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in
05

# सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सावन की अंतिम सोमवारी पर सभी शिव मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक के लिए हजारो की संख्या में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही लोगों का मंदिरों में आना शुरू हो गया। लोगों ने भक्ति भाव से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र सभी जगह श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। सुबह तीन बजे से पहाड़ी मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की लाइन लग रही थी। पहाड़ी मंदिर में संध्या छह बजे महाआरती की गयी।

## 501 महिलाओं सहित हजारों भक्तों ने की पहाड़ी बाबा की भव्य संध्या महाआरती



**रांची।** आयोजक नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि इस साल श्रावण मास के अंतिम एवं आठवीं सोमवारी के दिन रांची के सुप्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार के पास मुख्य रूप से यह कार्यक्रम हुए। दोपहर 03:00 बजे से पहाड़ी बाबा के मुख्य द्वार के पास भोले के फौजी के द्वारा भजन। शाम बजे से समिति के तमाम लोगों का सम्मान समारोह। 5 बजे से कार्यक्रम में सम्मिलित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद और अतिथियों का सम्मान। शाम 5:15 बजे से हरा साड़ी पहनी 501 महिलाओं सहित हजारों भक्तों के द्वारा भव्य संध्या महा आरती पहाड़ी बाबा सहित तमाम देवी देवताओं की गयी। शाम 6:15 बजे से पहाड़ी बाबा के हजारों भक्तों के बीच में महा भोग के रूप में पूरी सब्जी और खीर का वितरण किया गया भव्य भंडारा के रूप में। कार्यक्रम में विशेष रूप से इनका योगदान रहा- भारतेंदु कुमार, नंद किशोर सिंह चंदेल, उज्जवल सिन्हा,रिशु रितेश,बंटी सिंह अनिल कुमार, सचिन कुमार, सुनील यादव, बंटी यादव,अशोक यादव, शुभाषित चटर्जी, सत्येंद्र सिंह, शेरू सिंह, राजकुमार सिंह, सूर्यकांत सिंह, जितेंद्र सिंह, अमर सिंह, मनीष सिंह, विपिन सिंह, दीपक जी, बिरेंद्र प्रसाद, कमलेश यादव, टी के मुखर्जी, गुलशन मीढ्ढा, रॉनित साहू, अमित सिंह चंदेल, गुड्डू साउंड, विकास सिंह, गिरिजा शंकर पेडीवाल ,आबीर चटर्जी,विजय पांडे,बबन सिंह महिलाओं में विशेष रूप से-संजना शर्मा,शिल्पी कुमारी वर्मा, नीतू सिंह, पूजा कुमारी,स्वप्ना चटर्जी, वीणा श्री, सुमन सिंह, सुप्रिया सिंह, प्रिया सिंह, गोपा मुखर्जी, ममता मिश्रा, रंजीता पांडे, विक्की जी, रीना जी, अमृता शर्मा, मोनी मुखर्जी,राखी कौर,मीनू सिंह, बबीता सिंह,मधु सिंह,नीमा देवी, पिंकी देवी,शोभा देवी,किरण कुमारी,परि कुमारी, सिमरन कुमारी स्वास्तिका मिश्रा, हनी, सुधा नायक, प्रिया मुखर्जी, बबीता चौधरी,छोटी चौधरी, मौसमी, मीणा, प्रीति मौर्या, राजश्री सोनी, आदि उपस्थित थे।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा ने पहाड़ी मंदिर में लगाया सेवा शिविर




**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर कमेटी की ओर से श्रावण मास की अंतिम सोमवारी पर सोमवार को पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार के समीप कावंरियों और शिव भक्तों की सेवा के लिए सेवा सह सहायता शिविर लगाया गया। संगठन की ओर से भक्तों में दूध, बिल्व पत्र और पूजन सामग्री का वितरण किया गया।

## भवानी सेना ने 201 लीटर दूध का किया वितरण



**रांची।** सावन के आठवीं सोमवारी पर भवानी सेना पिस्का मोड़ मंडल के द्वारा 201 लीटर दूध का वितरण पहाड़ी मंदिर में किया गया। इस अवसर पर उद्देश्य चौधरी, मोहित सिंह, सजल तिवारी, राजवीर चौधरी, विकास पाठक, विशाल कुमार, अंकित सिंह, साहिल सिंह, आदित्य उपस्थित थे।

## एकता, भाईचारा एवं सद्भावना हमारी गंगा जमुनी तहजीब व संस्कृति का अटूट हिस्सा है : किशोर कौशल



सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर रांची के कांटा टोली चौक में स्वागत शिविर लगाया गया। शिविर बिरसा बस स्टैंड के संचालक मो इरफान खान के नेतृत्व और सर्वधर्म सद्भावना समिति के अध्यक्ष मो. इस्लाम की अध्यक्षता में कांवरियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिविर में बतौर मुख्य अतिथि एसएसपी रांची किशोर कौशल, विशिष्ट अतिथि के रूप में सिटी एसपी सुभांशु जैन, अतिथि के रूप में लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार, श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जयसिंह यादव, सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के महासचिव अकीलुर्रहमान, समाजसेवी सागर कुमार, राजेश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोगों को शाल, बुके एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। एसएसपी रांची किशोर कौशल ने कहा कि एकता, भाईचारा एवं सद्भावना हमारे भारतीय संस्कृति एवं तहजीब का अटूट हिस्सा है। कार्यक्रम का संचालन सर्वधर्म सद्भावना समिति के अध्यक्ष मो इस्लाम एवं धन्यवाद ज्ञापन सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के महासचिव अकीलुर्रहमान ने किया। कार्यक्रम में जियाउल हक, अंजुमन इस्लामिया नूरिया के अध्यक्ष हाजी सऊद आलम, चिश्तिया पंचायत के अध्यक्ष मो. इश्तेयाक, मो. सरफराज, राजकुमार गुप्ता, फिरोज अंसारी, फुटपाथ दुकानदार समिति के परवेज आलम, जमीअतुल कुरैश झारखंड के अध्यक्ष हाजी बेलाल कुरैशी, सुहैल खान, शमीम कुरैशी,एम एस भारती,घनश्यामदास, इरशाद खान, यूसुफ, सलीम खान, इबरार खान, साजिद मल्लिक, साजिद खान, कलीम खान, हाशिम खान,मो. अफरोज, मोहन राम, अनुज राम, राजू राम उपस्थित थे।

## श्री श्याम मंदिर में श्री श्यामेश्वर महादेव का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सावन माह के अंतिम अष्टम सोमवार के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में विराजमान श्री श्यामेश्वर महादेव की पूजा वंदना जलाभिषेक दुग्धाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में भक्तों की भागीदारी रही। प्रातः पांच बजे मंदिर के कपाट खुलते ही बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना अभिषेक प्रारंभ हो गयी। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि शिवपूजा के लिए भक्तों को मंदिर के तरफ से प्रतिदिन पात्र में दूध निशुल्क दिया जाता है। दो माह के सावन के लिए दूध सेवा अन्नपूर्णा सरावगी द्वारा अर्पित किया जा रहा है। संध्या काल उज्जैन के महाकाल के तर्ज पर श्यामेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्यामसुंदर शर्मा, गौरव, मोनू, अनिल ननोर्ली, स्नेह पोद्दार, स्नेहा पोद्दार, रौनक पोद्दार, अरविंद सोमानी, श्याम सुंदर जोशी सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

**आज 65 वां श्री सुंदरकांड पाठ :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा मंगलवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में संध्या 4:30 बजे से श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का आयोजन होगा।

## अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**रांची (आजाद सिपाही)।** अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर को अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष अनवर खान ने आयोजित किया। शिविर में 50 युवाओं ने रक्तदान किया। अनवर खान ने कहा की हमारी संस्था अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन समाज के कल्याणकारी का कार्य करती है। शिविर में रक्तदाओं को प्रशस्ति पत्र बांटे। रक्तदान शिविर के लिए रांची सदर अस्पताल से आई कर्मचारी की टीम ने रक्तदाताओं के रक्त ग्रुप की जांच कर रक्तदान करवाया। अनवर खान ने कहा की हमने कुरान में पढ़ा है की किसी एक इंसान की जिंदगी बचायी तो उसने पूरी इंसानियत को जिंदगी बचायी। इस आयोजन में नसीम, अनवर, रियाजुद्दीन, काशिफ, रयान, फिरोज, फरहान, आबिद अली इत्यादि उपस्थित रहे। साथ ही साथ सदर अस्पताल के ब्लड बैंक के कर्मचारी ने अपना योगदान दिया। मो हाशिम, मो इमरान, मो अमानुल्लाह, निशा, अनूप, निरंजन और डॉक्टर यस विनायक मौजूद रहे।

## टीआरआइ में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की शुरुआत

**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोरहाबादी में सोमवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की शुरूआत हुई। विषय आदिवासी इतिहास और उभरती हुई दुनिया के परिपेक्ष में मुद्दे है। सोमवार को पहले सत्र की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय की डॉ रोमा चटर्जी ने की। वक्ता के रूप में जेएनयू दिल्ली की इतिहास अध्ययन केंद्र की प्रोफेसर महालक्ष्मी राधाकृष्णन ने कहा कि तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व और तीसरी शताब्दी इस्वी के बीच रचित संगम कविता तमिल सांस्कृतिक परिदृश्य को साझा करने वाले समुदायों की समृद्ध परंपरा पर प्रकाश डालने वाली सबसे उल्लेखनीय रचनाओं में से एक है। तमिल विश्वविद्यालय, तमिलनाडु के पुरातात्विक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर वी सेल्वाकुमार ने पुरातन तथ्यों के हाशिये पर जाने के कारणों पर विस्तार से जानकारी दी। जेएनयू की शोधार्थी स्नेहा गांगुली ने भारत के आरंभ में असुर पर विचार रखे। हिमाचल प्रदेश गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, शिमला की इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर किशोरी लाल चंदेल ने वेस्टर्न हिमालय की जनजातीय समूहों के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में अपनी बातें कहीं।

## भारत भ्रमण पर निकले जयदेव रावत को गुरुनानक सत्संग सभा ने किया सम्मानित



**रांची (आजाद सिपाही)।** सोमवार को सुबह 11:30 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड में स्वैक्षिक रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भारत भ्रमण पर साइकिल से निकले जयदेव रावत की मुहिम को लेकर गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा सम्मानित किया गया। एक सादे समारोह में सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने गुरुद्वारा साहिब में जयदेव रावत को गुरु घर का सरोपा ओढ़ा कर और मनीष मिढ़ा ने मोमेंटो प्रदान किया तथा दीपक नंदा ने माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर जयदेव रावत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को श्रद्धापूर्वक माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु नानक सत्संग सभा और गुरुनानक सेवक जत्था ने जयदेव रावत को बाकी बचे सफर के लिए सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी।

पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के निवासी जयदेव रावत ने बातचीत में बताया कि वे 1 अक्टूबर, 2022 को कोलकाता से साइकिल से भारत भ्रमण के लिए निकले हैं और उनका लक्ष्य पुरे भारत में स्वैक्षिक रक्तदान को लेकर लोगों को जागरूक करना है और उनकी सोच है देश के हर घर से एक रक्तदाता हो। अपनी इस मुहिम में वे अभी तक धनबाद, पटना, मुंबई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, जमशेदपुर का दौरा करते हुए रांची पहुंचे हैं और यहां से आज मुरी और पुरुलिया होते हुए वापस कोलकाता पहुंचेंगे। उनके सम्मान कार्यक्रम में अर्जुन देव मिढ़ा, नरेश पपनेजा, मनीष मिढ़ा, सूरज झंडई, अतुल गेरा, दीपक नंदा, विशेष काठपाल, यश बेदी, वंश डावरा, हर्षित बजाज, गगनदीप सिंह, सरदार पिंदे सिंह, राकेश घई, जयंत मुंजाल, दीपक तलेजा, रुद्र गिरधर, गीतांशु तेहरी, वरुण गेरा और पुनीत अरोड़ा समेत अन्य उपस्थित थे।

## डुमरी से झारखंड मुक्ति मोर्चा की विदाई तयः सुदेश महतो

- जनता का झामुमो से विश्वास उठ गया है
- डुमरी से आतंक और जंगल राज खत्म कर जनता राज स्थापित करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंद्रपुरा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा की विदाई तय है। यहां जनता का झामुमो से विश्वास उठ गया है। डुमरी की जनता बदलाव के लिए आगे बढ़ चुकी है। उपचुनाव में झामुमो वाले आपराधिक आचरण दिखा रहे हैं। हम डुमरी से आतंक और जंगल राज खत्म करके जनता राज स्थापित करेंगे। डुमरी उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में प्रचार करते हुए आजसू प्रमुख ने सोमवार को चंद्रपुरा के नर्रा, हरलाटांड, बारवाडीह, बेलियाटांड, जुनौरी में पद यात्रा एवं तरंगा, पपलो, नर्रा, अलारगो में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन में साहस है तो प्रचार के दौरान जनता के बीच डुमरी का विकास कार्ड सामने रखें। दुमका के बारे में भी कुछ बताएं। लेकिन मुख्यमंत्री यह नहीं कर सकते क्योंकि राजनीति में सेवा झारखंड मुक्ति मोर्चा या उसके राजा के चरित्र में रहा ही नहीं है। रात में लूट और दिन भर झूठ यही झारखंड मुक्ति मोर्चा और उसकी सरकार का असली चरित्र है। उन्होंने कहा कि डुमरी में बदलाव पौने चार साल के कुशासन से राज्य को मुक्ति दिलाएगा और 2024 में होने वाले चुनाव में राज्य की दिशा तय करेगा।

**बेरोजगारी और झूठे वादे पर क्यों नहीं कुछ कहती सरकार**

सुदेश महतो ने सवाल किया कि 2019 के चुनाव से पहले किए गए 400 वादे किस हाल में हैं, इस पर झारखंड मुक्ति मोर्चा वाले या मुख्यमंत्री कुछ नहीं कहते। राज्य के 12 लाख लोग दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं। और 40 लाख बेरोजगार हैं। पांच लाख नौकरियां देने के वादे पर मुख्यमंत्री बकरी और सूअर पालने की सलाह देते हैं। इस राज्य के युवाओं में गुस्सा है। निराशा है। इसकी सजा सरकार को भुगतना होगा।

## स्वास्थ्य कर्मियों संग रक्षाबंधन मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सोमवार को एकल अभियान (दक्षिण झारखंड संभाग) श्री हरि सत्संग समिति रांची चैप्टर द्वारा रक्षाबंधन का कार्यक्रम सदर अस्पताल रांची के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सफाई कर्मी के संग मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रांची के सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार, विशिष्ट आतिथि डॉक्टर अनिल कुमार खेतान मुख्य वक्ता एकल अभियान के केंद्रीय अभियान प्रमुख डॉक्टर ललन शर्मा, श्रीहरि कथा प्रसार योजना के केंद्रीय प्रभारी श्रीमान सतीश तुलस्यान, एकल अभियान ग्रामसंगठन महिला समिति की राष्ट्रीय मार्गदर्शिका उषा जालान, एकल अभियान ग्रामोत्थान उत्पाद फाउंडेशन की डायरेक्टर सुनीता महांसरिया, मंच संचालन करते बबिता जालान (सचिव श्री हरि सत्संग समिति) संभाग अध्यक्षा राजकुमारी जैन के साथ-साथ श्री हरि सत्संग समिति के अनेक गणमान्य पदाधिकारी के साथ-साथ एकल फ्यूचर झारखंड प्रांत अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह की पूरे टीम के साथ एकल अभियान के सेवावर्ती व्यास भाई बहन के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विसिठ आतिथि और सम्मानित आतिथि गणों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गयी। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर सदर अस्पताल के डाक्टर, नर्स, सुरक्षा और सफाई कर्मियों को राखी बांध मिठाइयां खिलाकर प्रेमसेतू का संबंध स्थापित कर एक दूसरे के प्रति सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया।

## प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में स्व. पीएन सिंह की पुण्यतिथि मनायी गयी




**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्व पीएन सिंह की पुण्यतिथि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में मनायी गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता और कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धासुमन के उपरांत एक सभा का आयोजन कर कांग्रेसजनों द्वारा स्व. पीएन सिंह जी का व्यक्तित्व के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। इस अवसर पर राजेश ठाकुर ने स्व. सिंह को सच्चा कांग्रेसी बताते हुए कहा कि एक-एक कार्यकर्ता और उनके परिजनों से उनका व्यक्तिगत लगाव था। उनके नहीं रहने पर भी उनके पुत्रों द्वारा यह परम्परा का निर्वाहन किया जा रहा है, यह बहुत बड़ी बात है। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रदेश महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, मदन मोहन शर्मा, डॉ बिनोद सिंह, रवीन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, डॉ एम तौसीफ, आभा सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, शैलेन्द्र सिंह, अमरेन्द्र सिंह, धमेन्द्र सिंह, डॉ कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो, कमल ठाकुर, रामाकांत आनंद, सलीम खान, सुनील सिंह, उज्ज्वल तिवारी, भानू प्रताप बड़ाइक, अरूण सिंह, नागेन्द्र सिंह, जगदीश साहू, निरंजन पासवान, दिनेश लाल सिन्हा, राजकुमार जायवाल सहित कई अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

## अध्यक्ष-उपाध्यक्ष स्वर्ण समाज से बनाना झारखंडी समाज बर्दाश्त नहीं करेगा : विजय शंकर नायक

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को गैर झारखंडी और स्वर्ण समाज से बनाना झारखंड के झारखंडी मुस्लिम एवं पसमांदा समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। उक्त बातें झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने कही। सोमवार जारी अपने बयान में श्री नायक ने कहा कि राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष पद पर हिदायतुल्लाह खान और उपाध्यक्ष पद पर शमशेर आलम के नाम को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हरी झंडी दी है। मुख्यमंत्री और कांग्रेसी नेता इस भूल को सुधार कर पसमांदा झारखंडी समुदाय से बनाये। नहीं तो मूलवासी, खतियानी झारखंडी पसमांदा समुदाय आने वाले दिनो मे झारखंडे बाहरी नाय चलतो के तर्ज पर आन्दोलन करने को बाध्य होगा। और आगामी चुनाव में झामुमो और कांग्रेस को महंगा पड़ेगा।

## नवंबर और दिसंबर में धीरेंद्र शास्त्री का झारखंड दौरा

**रांची (आजाद सिपाही)।** बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर महाराज श्री धीरेंद्र शास्त्री इस साल के खत्म होते-होते नवंबर और दिसंबर में झारखंड आ सकते हैं। नवंबर में बाबा रांची में प्रभात तारा मैदान में हनुमंत कथा कहेंगे और लोगों की अर्जी सुनेंग, जबकि दिसंबर में बाबा विधायक ढुल्लू महतो के निमंत्रण पर धनबाद आ सकते हैं। 3 दिसंबर और 4 दिसंबर को बाबा का दो दिवसीय कार्यक्रम तय किया गया है। फेसबुक सहित कई मंचों पर इसे लेकर जानकारी साझा की जा रही है और लोगों को अभी से आमंत्रित किया जा रहा है।

## एनडीए की चुनावी सभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं का हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंद्रपुरा।** प्रखंड अंतर्गत नर्रा ग्राम में एनडीए की चुनावी सभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा और जमकर की नारेबाजी चुनावी सभा में एनडीए की प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में वोट की अपील करने के लिए अजासू सुप्रीमो और बोकारो के विधायक विरंचि नारायण चंद्रपुरा प्रखंड के नर्रा पंचायत में सभा कर रहे थे। तभी चौराहे से गुजर रहे झामुमो के कार्यकर्ताओं ने सभा स्थल पर आकर अपने आचरण का परिचय देने का काम किया उन्होंने सभा को बाधित करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का झंडा और बैनर लेकर नारेबाजी करने लगे और अपनी प्रत्याशी के जिंदाबाद के नारे लगाने लगे साथ ही सांसद सीपी चौधरी मुर्दाबाद के नारे भी लगने लगे वही इस पूरे मामले पर आजसु सुप्रीमो सुदेश महतो ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारा शेड्यूल प्रोग्राम चुनाव आयोग को दिया हुआ है उसी के तहत चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए पहुंचा था और लगातार मैं मंच से झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं का आचरण अपराधी की तरह हो गया है और आज अपराधी की तरह आचरण भी हमने देख लिया वह चाहते थे की सभा ना हो यह हमें डिस्टर्ब कर रहे हैं लेकिन अब शासन प्रशासन और चुनाव आयोग को देखना है मुझे अपनी बात और मेरे लोगों से मिलने से कोई नहीं रोक सकता हम लगातार संपर्क बनाए रखेंगे लेकिन यह दुनिया देख रही है और इसी गुंडाराज को तत्पर साथ से खत्म करने के लिए पूरा गांव और डुमरी तैयार है यहां से ऐतिहासिक जीत हासिल होगी इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि जब हार का भय होगा। तब लोग इस तरह का आचरण करते हैं जब आपको यह डर सताने लगे कि आपका तिलिस्म ढहने वाला है तब जाकर ऐसा आचरण करते हैं नहीं तो किसी के स्टेज और जहां कार्यक्रम होने वाला हो कोई जाकर ऐसा गुंडागर्दी करता है क्या। मैं अपने राजनीतिक जीवन में ऐसी गुंडागर्दी को पहली बार देखा है।

# मुजफ्फरनगर में बच्चे की पिटाई

यूपी के मुजफ्फरनगर स्थित एक प्राइवेट स्कूल में टीचर का बच्चे को सहपाठियों के हाथों पिटवाने वाला विडियो किसी को भी परेशान कर सकता है। होमवर्क करके न आने पर बच्चे को क्लास में इस तरह से सजा दी जाये, यह हमारी शिक्षा व्यवस्था के मौजूदा हालात पर गंभीर सवाल खड़े करता है। संबंधित शिक्षिका ने कहा है कि विडियो के साथ छेड़छाड़ हुई है, लेकिन उनके स्पष्टीकरण को ज्यों का त्यों सच मान लेने से भी घटना की गंभीरता कम नहीं होती। विडियो वायरल होने के बाद राज्य प्रशासन और शिक्षा विभाग ने इस मामले में कार्रवाई की है। न केवल शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, बल्कि स्कूल मैनेजमेंट को भी नोटिस जारी कर पूछा गया है कि क्यों न स्कूल की मान्यता निरस्त कर दी जाये। इन कदमों का क्या नतीजा निकलता है, यह जांच प्रक्रिया से जुड़ा सवाल है, लेकिन इस तरह का मामला सामने आना ही यह स्पष्ट कर देता है कि आज के हमारे समाज में कुछ ऐसी बुनियादी गड़बड़ियां हैं, जिन्हें दूर करना होगा। यह गड़बड़ी किसी एक टीचर या किसी खास स्कूल तक सीमित नहीं है। मुजफ्फरनगर की घटना में पीड़ित बच्चे का अल्पसंख्यक समुदाय से होना निर्णायक रहा या नहीं इसे लेकर विवाद हो सकता है, लेकिन विडियो में टीचर जिस तरह की बातें कहती नजर आ रही हैं, वे अगर सच हैं, तो इससे उनका पूर्वाग्रह तो सामने आता ही है। निश्चित रूप से बच्चों को पढ़ाते हुए यह और ऐसे अन्य पूर्वाग्रह बाहर आते होंगे, जो बच्चों के व्यक्तित्व और उनकी सोच पर नेगेटिव असर डालते होंगे। एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह विडियो सोशल मीडिया पर आया और फैलता चला गया। निश्चित रूप से इसने लोगों की संवेदना को झकझोरा, तभी यह वायरल भी होता गया, लेकिन इस क्रम में यह लोगों को अविश्वसनीय नहीं लगा। निंदा सबने की, लेकिन किसी को यह महसूस नहीं हुआ कि आज के भारत में ऐसा नहीं हो सकता। भले कानून में और शिक्षा विभाग की ओर से जारी दिशानिर्देशों में ऐसा लिख दिया गया हो कि स्कूल में बच्चों की पिटाई नहीं की जा सकती, व्यवहार में ऐसा किया जाना कितना सहज और स्वाभाविक माना जाता है। यह उस टीचर की इस सफाई से भी स्पष्ट है कि मैं एक दिव्यांग हूं, इसलिए मुझे दूसरे बच्चों से उसकी पिटाई करवानी पड़ी। शिक्षा विभाग की ओर से जारी नोटिस और उस टीचर के खिलाफ दर्ज मामले को उसकी तार्किक परिणति तक जरूर ले जाया जाये, लेकिन यह भी याद रखना जरूरी है कि इससे शिक्षा की स्थिति सुधारने और शिक्षकों में जागरूकता लाने का उद्देश्य पूरा नहीं होने वाला। न ही इससे समाज में विभिन्न तबकों और समुदायों के बीच बढ़ती दूरी को कम करने में मदद मिलेगी। इन मोर्चों पर अलग से और लंबे समय तक काम करने की जरूरत है।

**यह विडियो सोशल मीडिया पर आया और फैलता चला गया। निश्चित रूप से इसने लोगों की संवेदना को झकझोरा, तभी यह वायरल भी होता गया, लेकिन इस क्रम में यह लोगों को अविश्वसनीय नहीं लगा। निंदा सबने की, लेकिन किसी को यह महसूस नहीं हुआ कि आज के भारत में ऐसा नहीं हो सकता।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अंतरिक्ष तक पहुंचने की हमारी क्षमता अब संदेह से परे साबित हो गयी है, क्योंकि प्रधानमंत्री ने खुद कहा है कि अंतरिक्ष कोई सीमा नहीं है। इसलिए हम ब्रह्मांड के अनछुए क्षेत्रों की खोज के लिए अंतरिक्ष से आगे निकल गये हैं। दूसरा हिस्सा, जो मुझे लगता है कि भारत के लिए काफी अनोखा है, वह यह है कि पिछले 8 वर्षों में, खासकर प्रधानमंत्री के आने के बाद हमें बुनियादी ढांचे के विकास के क्षेत्रों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को लागू करने की स्वतंत्रता दी गयी है।**

# हम ब्रह्मांड के अनछुए क्षेत्रों की खोज के लिए अंतरिक्ष से आगे निकल गये

डॉ जितेंद्र सिंह

चंद्रयान-3 एक मील का पत्थर है और पूरा देश इसे लेकर उत्साहित है। यह भारत के लिए एक जीत है जो अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के इस परिष्कृत क्षेत्र में देर से शुरू हुई। आज भारत वैश्विक मुद्दों पर नेतृत्व करने की क्षमता के साथ अपनी स्थिति की पुष्टि करता है चाहे वह अंतरिक्ष, स्वच्छ ऊर्जा या जलवायु संबंधी चिंताएं हों। वैज्ञानिक समुदाय के दृष्टिकोण से यह उत्सव उस प्रगति का प्रतिबिंब है जो चन्द्रमा के रहस्य को उजागर करने के संबंध में की गयी है।

एक आम आदमी के दृष्टिकोण से यह उन रहस्यों और कल्पनाओं के पीछे रूमानियत का अधिक प्रभाव हो सकता है, जिन्होंने उसे बचपन से ही लोकगीत, सिनेमा और गीतों से मंत्रमुग्ध कर दिया है। विज्ञान के दृष्टिकोण से यह उन वास्तविक तत्वों की खोज में एक प्रगति है, जो चंद्रमा के संपूर्ण परिवेश को निर्धारित करते हैं। उदाहरण के लिए चंद्रयान-1 ने हमें खनिज तत्वों में निहित पानी के अणुओं की उपस्थिति का प्रमाण दिया, जो वहां मानव जीवन की अनुकूलता या संभावना का सूचक है।

इसी संबंध में यह मिशन काम करेगा। जहां तक चंद्रमा की यात्रा का सवाल है, मुझे लगता है कि इसने भारत को 3 या 4 देशों की विशिष्ट लीग में ला दिया है और जिस बात पर अक्सर बात नहीं की जाती वह यह है कि अधिकांश देश पहले प्रयास में सफल नहीं हुए हैं। यानी भारत का मानव संसाधन और क्षमता कई मायनों में दूसरों से आगे है। हमारे पास संभवतः एक सक्षम वातावरण की कमी थी और मैं पूरे वैज्ञानिक समुदाय की ओर से कह रहा हूं कि हम प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहते हैं उनके बिना यह संभव नहीं हो पाता।

**चंद्रयान की लागत करीब 600 करोड़ रुपये है, जबकि कुछ कल्याणकारी योजनाओं की लागत इससे कहीं अधिक है।**



**हाल ही में संसद द्वारा पारित अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाऊंडेशन की स्थापना का कदम अगले 5 वर्षों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए 50,000 करोड़ रुपये निर्धारित करता है। इसमें से करीब 36 हजार करोड़ रुपये निजी स्रोतों से जुटाये जायेंगे। अगर हमें इससे आगे जाना है, तो हमें धन की कमी से नहीं बांधा जा सकता।**

उनसे हमें जो संरक्षण, प्रोत्साहन और स्वतंत्रता मिलती है वह उल्लेखनीय है। कुछ वर्ष पहले तक श्री हरिकोटा और इसरो पर दुनिया के बाकी हिस्सों में प्रतिबंध लगा हुआ था। अब जिस तरह से वह जश्न मना रहे हैं, पूरी दुनिया उनकी सराहना कर रही है। फिर चाहे वे स्कूली बच्चे हों या गृहणियां हों, युवा हो या फिर मीडिया कर्मी हो और वह इस मिशन की जिम्मेवारी ले सकते थे, क्योंकि वह इसके संपर्क में थे, क्योंकि श्रीहरिकोटा के द्वार प्रधानमंत्री मोदी द्वारा खोल दिये गये थे।

जब 14 जुलाई को इसकी लांचिंग हुई, तो हमारे परिसर में एक हजार से अधिक मीडियाकर्मी मौजूद थे और यह वही श्रीहरिकोटा है, जिसने मीडियाकर्मी या किसी अन्य को प्रतिबंधित कर दिया था। हमारे पास पहले से ही 150 से अधिक स्टार्टअप हैं और उनमें से कुछ ने अपनी परियोजनाओं से अच्छा भाग्य बनाना शुरू कर दिया है। दूसरी ओर जहां तक श्रीहरिकोटा और उसके सभी कार्यों का संबंध हैं, वहां अपनेपन की भावना है।

अंतरिक्ष तक पहुंचने की हमारी क्षमता अब संदेह से परे साबित हो गयी है, क्योंकि प्रधानमंत्री ने खुद कहा है कि अंतरिक्ष कोई सीमा नहीं है। इसलिए हम ब्रह्मांड के अनछुए क्षेत्रों की खोज के लिए अंतरिक्ष से आगे निकल गये हैं। दूसरा हिस्सा, जो मुझे लगता है कि भारत के लिए काफी अनोखा है, वह यह है कि पिछले 8 वर्षों में, खासकर प्रधानमंत्री के आने के बाद हमें बुनियादी ढांचे के विकास के क्षेत्रों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को लागू करने की स्वतंत्रता दी गयी है।

चंद्रयान की लागत करीब 600 करोड़ रुपये है, जबकि कुछ कल्याणकारी योजनाओं की लागत इससे कहीं अधिक है। भारतीय संदर्भ में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का मतलब सिर्फ रॉकेट योजना नहीं है। यह आज लगभग हर भारतीय पर मंत्रालय और विभाग में प्रवेश कर चुका है। पिछले 8-9 वर्षों में बुनियादी ढांचे के विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम प्रयोग किया गया है जोकि यूके या यूएस जैसे देशों में भी इस हद तक देखा नहीं गया है, जहां ये प्रयोगों और रॉकेट तथा अंतरिक्ष यान भेजने तक ही सीमित है।

यह विशेष रूप से एक विकासशील देश के लिए एक उपलब्धि है, क्योंकि यह न केवल लागत प्रभावी साबित होती है, बल्कि विकास की गति को भी तेज करती है। इसरो सीमित बजट पर काम कर रहा है और कुछ मिशनों के लिए लागत संबंधी बाधाएं हैं। इसरो के पास कुछ हद तक धन की कमी थी। हमने मानव संसाधन के साथ इसकी भरपाई की, क्योंकि जुनून और प्रतिबद्धता बहुत अधिक थी। यदि आप डॉ विक्रम साराभाई और इसरो वैज्ञानिकों की साइकिल पर असेंबली के लिए रॉकेट के पुर्जे ले जाते हुए अभिलेखीय चित्र देखेंगे तो आप समझ जायेंगे कि वह आगे बढ़ने पर अड़े हुए थे।

इसलिए हमने अपने जुनून और प्रतिबद्धता के साथ उस चीज की भरपाई की, जो हमारे पास आर्थिक रूप से नहीं थी। हाल ही में संसद द्वारा पारित अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाऊंडेशन की स्थापना का कदम अगले 5 वर्षों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए 50,000 करोड़ रुपये निर्धारित करता है। इसमें से करीब 36 हजार करोड़ रुपये निजी स्रोतों से जुटाये जायेंगे। अगर हमें इससे आगे जाना है, तो हमें धन की कमी से नहीं बांधा जा सकता। यह एक सीमित कारक नहीं हो सकता है, यदि ऐसा करना है, तो हम सब कुछ सरकारी संसाधनों पर नहीं छोड़ सकते क्योंकि इसकी अपनी सीमाएं हैं। हम सभी को तालमेल बिठाना होगा। पुराना युग खत्म हो गया है और निजी और सार्वजनिक के बीच का अंतर धीरे-धीरे दूर हो रहा है। यदि आप अमेरिका में अंतरिक्ष क्षेत्र को देखें तो बहुत कुछ निजी क्षेत्र द्वारा संभाला जा रहा है। हम भी उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, क्योंकि अब हम वैश्विक प्रतिस्पर्धा को स्वीकार करने और वैश्विक मानकों पर खरा उतरने की स्थिति में हैं।


**(लेखक : केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विज्ञान प्रौद्योगिकी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### विधायक सरयू राय की पहल लायी रंग, बागुनहातु सहित अन्य क्षेत्र में शीघ्र मिलेगी जुस्को से बिजली

# जुस्को के अधिकारियों ने पावर सब-स्टेशन निर्माण के लिए किया स्थल का निरीक्षण

**बिरसानगर क्षेत्र में भी जुस्को की बिजली के लिए जोन नं. 7, 8 और 10 में पावर सब-स्टेशन निर्माण के लिए स्थल का चयन प्रक्रिया में है।**





आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बागुनहातु क्षेत्र के रहने वाले लोगों को अब जुस्को के बिजली पानी मिलने की उमीद जगने लगी है। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के प्रयास से टाटा लीज क्षेत्र व इससे सटे अन्य बस्तीयों में जुस्को की बिजली पानी उपलब्ध कराने का कार्य जारी है। सोमवार को जुस्को के अधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल बागुनहातु क्षेत्र का दौरा किया। जहां जुस्को के बिजली उपलब्ध कराने व उसके लिए सेंट्रल पावर सब-स्टेशन का निर्माण का जगह का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने निरीक्षण कर स्थल की पहचान की। जुस्को के अधिकारियों ने बताया बहुत ही जल्द उक्त स्थल पर सेंट्रल पावर सब-स्टेशन का निर्माण करायेगी। सरकार से भूमि का हस्तांतरण करवाने के लिए जिला अपर उपायुक्त को पत्र लिखा जायेगा। निकट भविष्य में बढ़ती आबादी की आवश्यकता को देखते हुए अतिरिक्त भूमि हस्तांतरित करने की योजना है। ताकि भविष्य में आवश्यकता के अनुसार और पावर सब-स्टेशन का निर्माण कराया जा सके। उधर बीते दिनों विधायक सरयू राय ने टाटा लीज क्षेत्र और इससे सटे अन्य बस्तीयों के निवासियों को जुस्को का विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने को लेकर बनी कमिटी की बैठक में बागुनहातु के लागों को शीघ्र बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने की बात कही थी। इसके लिए उन्होंने बस्तीवासियों से बिजली कनेक्शन हेतु प्राप्त आवेदनों को भी जुस्को के महाप्रबंधक को दिया था। यथाशीघ्र इसपर कारवाई करने का निर्देश दिया गया था। जुस्को के अधिकारियों ने इसके लिए सर्वे टीम तैयार कर सब-स्टेशन निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण और नेटवर्क फिजीबिलिटी का सर्वे करने की बात कही थी। जिसके परिणाम स्वरूप सोमवार को पावर सब स्टेशन के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया। जुस्को की बिजली के लिए की गयी पहल को लेकर बागुनहातु के नागरिकों में काफी उत्साह है। लोगों ने विधायक सरयू राय के प्रति आभार प्रकट की। विधायक राय के प्रयास से छायानगर-चंडीनगर, निर्मलनगर में बिजली देने के लिए पावर सब-स्टेशन निर्माण का कार्य जुस्को द्वारा पूरा कर लिया गया है। उपभोक्ताओं को बिजली देने के लिए एलटी लाइन का कार्य शीघ्र पूरा करने का कार्य चल रहा है। मोहरदा में भी बिजली कनेक्शन देने के लिए पावर सब-स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। बागुननगर क्षेत्र में विद्युत क्षमता को 2 केवीए से बढ़ाकर 10 केवीए करने के लिए विधायक राय की पहल पर बागुननगर में एक नया सब स्टेशन का निर्माण कर लिया गया है। लोगों को बिजली कनेक्शन देने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। इसके अलावा विधायक राय ने बागुननगर के डी ब्लॉक में भी जुस्को बिजली देने का प्रस्ताव रखा है। जिसपर जुस्को द्वारा शीघ्र पहल करने की उम्मीद है। वही बिरसानगर क्षेत्र में भी जुस्को की बिजली के लिए जोन नं. 7, 8 और 10 में पावर सब-स्टेशन निर्माण के लिए स्थल का चयन प्रक्रिया में है। बारीडीह बस्तीवासियों को जुस्को बिजली देने के लिए पावर सब-स्टेशन का निर्माण जिला स्कूल के समीप की जायेगी। बारीडीह के शक्तिनगर, शांतिनगर, वास्तुविहार को भी जुस्को की बिजली से जोड़ने के लिए सर्वे का कार्य जारी है। इसके लिए शांतिनगर पुलिया के समीप सब-स्टेशन का निर्माण करने की योजना चल रही है। निरीक्षण के दौरान जुस्को के डीजीएम एम के पाण्डा, विधायक सरयू राय के निजी सचिव सुधीर, भाजमो के विजय, राकेश, विष्णु, सुभाष जेना, दिनेश, सुबीर, नागेश सहित कई स्थानीय नागरिक मौजुद रहे।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं ने किया प्रदर्शन, 11 सूत्री मांग पत्र सौंप कर न्याय के लिए लगायी गुहार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने 11 सूत्री मांग को लेकर डीसी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। सावन के अंतिम सोमवारी के दिन प्रदर्शन के पूर्व महिलाओं ने साकची स्थित आमबगान मैदान से रैली निकाल के जिला मुख्यालय पहुंची। डीसी कार्यालय पहुच कर रैली प्रदर्शन मे तब्दील हो गयी। महिलाओं ने अपनी 11 सूत्री मांगो को लेकर जमकर प्रदर्शन करते हुए विरोध दर्ज कराई। इस अवसर पर महिलाओं ने डीसी के सामने अपनी 11 सूत्री मांग रखा। डीसी से आश्वासन मिलने के बाद मांग पत्र सौप कर सभी ने न्याय के लिए गुहार लगाते दिखी। उधर लक्ष्मी रानी ने बताया विगत जनवरी माह से बकाये मानदेय अभी तक नही मिला। जिसे अविलम्ब निर्गत किये जाने की मांग की। वही जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों मे गैस सिलिंडर एवं उसे रिफिल करने हेतु राशि निर्गत किये जाने की महिलाओं ने मांग की। साथ ही रिटायरमेन्ट बेनिफिट कों तीन लाख किये जाने व केंद्रों मे बर्तन उपलब्ध करवाने सहित अन्य कुल 11 सूत्री मांग को लेकर डीसी को एक मांग पत्र सौपा गया। उन्होंने बताया सभी महिलाएं रैली के माध्यम से डीसी कार्यालय में पहुच कर दर्ज की है। ताकि सभी को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा विगत लगभग आठ महीनों से मानदेय नहीं मिला। आज सभी महिलाएं रोजगार की समस्या झेल रही है। सभी के परिवार की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। उन्होंने डीसी साहेब के माध्यम से राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा उधार के जिंदगी से आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं को मुक्त कराए सरकार। ताकि सभी अपने परिवार के साथ जिंदगी जी सके।

## फैशन और मॉडलिंग प्रतियोगिता में युवाओं ने लिया बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा, सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सिदगोदा स्थित टाउन हॉल में आरडीए अकादमी की ओर से फैशन व मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सोमवार को प्रतियोगिता में किड्स कैटेगरी में साइबा कौर व आर्यन साहू ने फाइनल का खिताब जीता। वहीं मिस्टर एंड मिस कैटेगरी में अविष्का चंद व नील, मिसेज कैटेगरी में मीता घोष ने जीत हासिल की। इस अवसर पर विजेताओं को झारखंड चार्मिंग फेस का खिताब के साथ सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मॉडलिंग प्रतियोगिता में कुल 45 प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें 15 प्रतिभागी किड्स कैटेगरी, 20 प्रतिभागी मिस्टर व मिस कैटेगरी, 10 प्रतिभागी मिसेज कैटेगरी में शामिल रहे। वहीं डांस में कुल 150 प्रतिभागी शामिल रहे। प्रतियोगिता के पहली चरण 6 अगस्त की किया गया था। मौके पर आरडीए अकादमी के चेयरमैन रोहित कर्मकार व भोजपुरी एक्ट्रेस प्रिया चौधरी ने बताया शहर में फैशन व मॉडलिंग का जबरदस्त क्रेज है।प्रतियोगिता में सभी कैटेगरी के लोग हिस्सा ले रहे है। उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन आगे भी होता रहेगा। ताकि बच्चों व युवाओं में फैसेन और मॉडलिंग के प्रति क्रेज बढ सके।

# डीसी के दरबार में समस्याएं लेकर पहुंची जनता, मिला न्याय

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** हेमंत सरकार में पूर्वी सिंहभूम जिले के जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का समाधान के लिए अब भटकने की जरूरत नहीं है। जिले के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी लोगो की बारी बारी से समस्याओ को सुन कर संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश देने से आम जनता का सरकार पर भरोसा जगने लगी है। सोमवार को डीसी कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में आम लोगों की समस्याओं को सुना गया। डीसी ने क्रमवार लोगों से मुलाकात कर समस्या को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को मौके पर बुलाकर समाधान भी किया। वही घाटशिला प्रखंड के बधुडिया ग्राम से आए व्यक्ति ने जनता दरबार में डीसी के समक्ष अपना आवेदन समर्पित करते हुए उन्हें बताया ग्रामीणों द्वारा उनके साथ मारपीट की जा रही है। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया इस पूरे मामले की जांच कर अनैतिक व जो विधि संगत नहीं है ऐसे कार्य नहीं करने को लेकर समझाने की बात कही। उसके बावजूद अगर नहीं माने तो एफआईआर का निदेश दिया गया। उधर पटमदा से आए ग्रामीण ने 2022 से अनाज न मिलने के मामले को संज्ञान में लाया। जिसपर डीसी ने एजीएम व अन्य को शो कॉज करने का निर्देश दिया। महिला फरियादी ने बच्चे के नामांकन में आ रही परेशानी के बारे में बताया जिसपर उपायुक्त ने तत्काल शिक्षा पदाधिकारी को बुलाकर इस मामले को जांच कर मामले का निराकरण करने का निर्देश दिया। कोर्ट से जुड़े मामले भी थे। जिसमे अवैध रूप से संपत्ति पर कब्जा, भू माफिया द्वारा जमीन पर कब्जा जैसे मामले शामिल थे। इस संबंध में विगत दिनों में पी.पी से बातचीत कर समाहरणालय परिसर में पारा लिगल वॉलंटियर व एक वकील के बैठने के संबंध में चर्चा की गई थी। इसके तहत दो वकील आज उस प्रकार के मामलों का अवलोकन कर फरियादियों को उचित मार्गदर्शन एवं परामर्श देने हेतु उपस्थित थे। जनता दरबार में फ्लैट में पानी बिजली कनेक्शन काटे जाने, सीमांकन, राशन कार्ड से नाम हटाने, जलजमाव तथा जनसमस्याओं से जुड़े अन्य मामले भी शामिल रही। जिसपर संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदन अग्रसारित करते हुए समयबद्ध कार्रवाई का निदेश दिया गया। डीसी ने कई आवेदनों का ऑनस्पॉट समाधान भी किया।

## महिलाओं ने बच्चे के साथ न्याय के लिए लगायी गुहार





**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले में बालू का त्रासदी से मजदूर लोगो का जीना बेहाल हो गया हैं। बीते कई सालो से बालू घाटों का नीलामी नहीं होने पर बालू घाट में कार्य करने वाले मजदूर भूखमरी के कगार में हैं। बताया जा रहा है सोमवार को सालडीह बस्ती रामदास भट्ठा के समीप झोपड़ी में रहने वाली महिला व पुरुष अपने बच्चों को दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए बालू घाटों से बोरा के सहारे कुछ बालू निकालकर उसे बेचा करते हैं। लेकिन सरकार के निर्देश पर बालू घाटों में प्रतिबंध होने से पुलिस का कार्रवाई जारी है। उधर पुलिस ने एक लूना, साइकिल व दो व्यक्तियों को पकड़ ने के बाद जरूरतमंद परिवार के महिलाएं अपने बच्चों के साथ आदित्यपुर थाना के परिसर में आकर बैठ गयी। उन्होंने दो वक्त का रोटी के लिए थाना प्रभारी से गुहार लगायी। इस संबंध में महिलाओं ने बताया कई साल पहले हरदेव सिंह ईटा भट्ठा में मजदूर का कार्य करने के लिए आए थे। भट्ठा बंद होने के बाद बालू घाटों में चलने वाले गाड़ियों में मजदूरी का कार्य भी करते थे। लेकिन कई सालों से बालू घाट बंद हो जाने के कारण सभी मजदूर बेरोजगार हैं। दूसरी जगह काम मांगने पर रोजगार भी नहीं मिलता। जिसके कारण विवश होकर छोटे-छोटे बच्चों को पालने के लिए बालू घाटों का सहारा लेना पड़ता है। उधर कुछ महिलाओं की आंखो से आंसू इतनी ज्यादा निकल रही थी जिसे उन्हें रोक पाना भी मुश्किल हो रहा था। वे लगातार दो वक्त की रोटी के लिए थाना प्रभारी से गुहार लगाते रही। लेकिन बालू घाटों में प्रत्यूष बंद होने के कारण आदित्यपुर थाना प्रभारी भी असमर्थ दिखाई दे रहे हैं। उधर आदित्यपुर थाना में गुहार लगाने के बाद सभी सरायकेला एसपी व डीसी के पास गुहार लगाने के लिए निकल पड़ी।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 29 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



## महत्वपूर्ण न्यूज

### दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सावन महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में उपस्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के सभागार में सावन महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें परिसर की सभी महिलाओं ने इस कार्यक्रम का आनंद उठाया। इस इस पूरे कार्यक्रम का संचालन रिंकी बरनवाल, रंजना, नीतू कुमारी तथा डॉ सुनीता गुप्ता के द्वारा किया गया। परिसर की आवास में रहने वाली सभी महिलाएं उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में अनेक प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सावन क्वीन डॉ मीरा को चुना गया। कार्यक्रम का मंच संचालन नीतू सिंह, शाइस्ता मौविन, स्वप्निल पाण्डे के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं में खुशबू, मीणा, ममता, अनुप्रिया आदि अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

### आरकेवीएस के सभागार में बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों के बीच मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरकेभीएस के सभागार में बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि इस तरह के आयोजन से प्रशिक्षणार्थियों के बीच रचनात्मक विकास होता है। उनकी छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। सावन के पवित्र माह में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि यह एक उत्सव है, जिसे आज धूमधाम से मनाया जा रहा है। पहले चित्रकारी लोग मनोरंजन के लिए करते थे, लेकिन आज इस तरह की चित्रकारी कैरियर और जीविकोपार्जन का साधन बन गयी है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चन्द्रदीप पाण्डेय ने कहा कि सावन माह में मेहंदी रचाने का विशेष महत्व है। भारतीय संस्कृति में मेहंदी लगाना जीवन में खुशहाली और हरियाली का प्रतीक है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रवीण दूबे, राजेन्द्र चौबे, रीतेश जायसवाल, आनंद मिश्रा, सतीश तिवारी और रंजना दूबे व अन्य उपस्थित थे। प्रशिक्षणार्थियों में पल्लवी, नौरीन, प्रियांजलि, प्रियंका, श्रेया आदि ने एक-दूसरे के सहयोग से विभिन्न तरह के मेहंदी डिजाइन को अपनी हथेली पर चित्रित किया। इस प्रतियोगिता को लेकर सभी में खूब उत्साह देखा गया।

### कांवर यात्रा के दौरान जिप सदस्य रंजनी शर्मा ने की जलपान की व्यवस्था




**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** शिव पहाड़ी गुफा मंदिर समिति के तत्वावधान में कांवर यात्रा निकाली गयी। जिसमें भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने केतार मुख्य मार्ग दूध मनिया यात्री शेड के पास एवं शिव पहाड़ी गुफा मंदिर के प्रांगण में जलपान की व्यवस्था की। केतार पांडा नदी संगम स्थल से जल लेकर शिव पहाड़ी गुफा पहुंचने वाले कांवर यात्रियों के लिए जिप सदस्य के द्वारा की जलपान की व्यवस्था की गयी। कांवर यात्रियों की सेवा में मुख्य रूप से रंजनी जिला परिषद सेवा समिति एवं अन्य समाजिक संगठन के साथ-साथ प्रदेश अध्यक्ष अमीन संघ कुंदन कुमार ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता राकेश गुप्ता, राजमोहन यादव, युवा जागृति सेवा परिषद के संस्थापक मनीष कुमार गुप्ता, भवनाथपुर पत्रकार जितेंद्र कुमार, उमेश सिंह, सुरेंद्र पाल, संतोष कुमार यादव, लोकेश यादव, अनिरुद्ध चंद्रवंशी, दिलकश कुमार सिंह, बृजेश, सुनील, रंजू देवी, रीता देवी, संगीता देवी, पूजा देवी ने कांवर यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**प्रेस कांफ्रेंस : बच्चों को मिलेगा पढ़ाई का बेहतर माहौल, सुसज्जित होंगे सभी छात्रावास : मंत्री मिथिलेश**

# 1.08 करोड़ की लागत से होगा दो छात्रावासों का जीर्णोद्धार

**आदिवासी बालक छात्रावास के नये भवन निर्माण की भी योजना है, शीघ्र ही इसका भी निर्माण कार्य कराया जाएगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में लगभग एक करोड़, आठ लाख रुपए की लागत से दो छात्रावासों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। गढ़वा में संचालित अल्पसंख्यक बालक छात्रावास एवं अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का जीर्णोद्धार लगभग एक करोड़, आठ लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। जबकि आने वाले समय में आदिवासी बालक छात्रावास के नये भवन निर्माण की भी योजना है। शीघ्र ही इसका भी निर्माण कार्य कराया जाएगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिला मुख्यालय में संचालित अल्पसंख्यक बालक छात्रावास का जीर्णोद्धार लगभग 56 लाख रुपए तथा अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का जीर्णोद्धार लगभग साढ़े 51 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला सहित पूरे राज्य में संचालित सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार कर उसे सुसज्जित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पिछले करीब 30-40 वर्षों से निर्माण के बाद इन छात्रावासों की ओर किसी का भी ध्यान नहीं गया। इन गरीब बच्चों की पढ़ाई अच्छे ढंग से हो सके यह बात किसी ने भी नहीं सोची। सभी छात्रावासों की स्थिति काफी खराब है। बच्चे इसमें किसी तरह से रह कर पढ़ाई कर रहे हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि बच्चों को बेहतर पढ़ाई का माहौल दिया जाए। उन्हें बेहतर एवं सुसज्जित छात्रावास उपलब्ध कराया जाए। ताकि ठीक तरह से उनकी पढ़ाई हो सके। यही कारण है कि मुख्यमंत्री जिस जिले में भी जाते हैं वहां छात्रावास का भ्रमण जरूर करते हैं।

**शिक्षा के संपूर्ण माध्यमों को पूरी तरह से सुदृढ़ बनाया जायेगा**

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में संचालित आदिवासी बालक छात्रावास की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है। इसका जीर्णोद्धार करा पाना संभव नहीं है। इस कारण आने वाले समय में आदिवासी बालक छात्रावास के नये भवन का निर्माण कराया जाएगा। ऐसा प्रस्ताव है। इसका भी निर्माण कार्य यथाशीघ्र ही कराया जाएगा। शिक्षा के संपूर्ण माध्यमों को पूरी तरह से सुदृढ़ बनाया जाएगा।

## रंका प्रखंड मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी का गठन

**हमारे सनातन धर्म में वैदिक काल से ही नारी शक्ति की पूजा होती आ रही है : आशीष कुमार दूबे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड रंका के तत्वावधान में रविवार को श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर प्रांगण में मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मातृशक्ति प्रमुख अंजलि कुमारी, संयोजिका नेहा कुमारी, सह संयोगिता स्नेहा कुमारी, सत्संग प्रमुख पलक कुमारी, सह प्रमुख कुमकुम कुमारी, सेवा प्रमुख अनुप्रिया पाण्डेय, सह सेवा प्रमुख शिवानी कुमारी एवं खुश्बू कुमारी, कला विकास प्रमुख अदिति कुमारी को दायित्व प्रदान किया गया है।

इस अवसर पर जिला से आए गढ़वा व्यवहार न्यायालय अधिवक्ता आशीष कुमार दूबे ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे सनातन धर्म में वैदिक काल से ही नारी शक्ति की पूजा होती आ रही है। पाश्चात्य संस्कृति ने इन्हें भोग की वस्तु के रूप में देखा है। विदेशी आक्रांताओं के आक्रमणों के पश्चात समाज दूषित हुआ। पाश्चात्य संस्कृति से जो विसंगतियां उत्पन्न हुई हैं, उसे मिटाने के लिए आज दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ता कटिबद्ध हैं तथा भारत में नारी शक्ति को समर्थ वह समृद्ध बनाने में भी दुर्गा वाहिनी के रंका प्रखंड इकाई के माध्यम से एक सशक्त और समृद्ध नारी शक्ति को पुनः स्थापित किया जा रहा है। गढ़वा जिला संयोजक शुभम चौबे ने कहा कि सुनियोजित षड्यंत्र के तहत एक वर्ग के द्वारा नित्य निरंतर हमारी बहन बेटियों को लव जिहाद के माध्यम से प्रेम जाल में फंसा कर उनका यौन शोषण कर उनकी हत्या भी की जा रही है। ऐसे में लव जिहाद पर अंकुश लगाने के लिए हमारी दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ता हमेशा तत्पर रहेंगी। विहिप रंका कला अध्यक्ष सोनू मद्धेशिया ने कहा कि मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी संगठन बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ लव जिहाद जैसी घटनाओं से निपटने में मदद करेगा।

मौके पर जिला विद्यार्थी विद्यालय प्रमुख अभिषेक कुमार, बजरंग दल रंका इकाई के शुभम झा, रानू राज सिंह, राजन गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, समाजसेवी स्वयंसेवक अमरेंद्र कुमार, विकास पाल, डेविड गुप्ता, मोहित कुमार चौधरी, सौरभ सिंह, विक्की कुमार सहित दर्जनों की संख्या में मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी संगठन की बहनें उपस्थित थीं।

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गयी

**29 अगस्त को नर्मदेश्वर महादेव के भव्य रुद्राभिषेक होगा आयोजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से चलकर चकचक मोड़, गांधी चौक, मेन रोड रोड होते हुए बांकी एवं सूखड़ा नदी के संगम तट पर पहुची। जहां अयोध्या से आए आचार्य प्रकाश ओझा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से कलश में जल भरकर श्रद्धालु उसी रास्ते से चलकर पुनः वापस नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर जलाभिषेक किया। श्रद्धालु पूरे रास्ते बोल बम, हरहर महादेव का जयकारा से भक्तिमय का माहौल बना हुआ था। कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। तत्पश्चात नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की।

मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अरविंद प्रताप देव ने बताया कि नर्मदेश्वर महादेव मंदिर कोचेया विशुनपुरा का आज पहली वर्षगांठ मनाई जा रही है। वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ काफी रही एवं रात्रि में देवी जागरण का आयोजन किया गया है। वहीं मंदिर के पुजारी प्रवीण पाण्डेय ने बताया कि 29 अगस्त दिन मंगलवार को नर्मदेश्वर महादेव का भव्य रुद्राविषेक का आयोजन की तैयारी की जा रही है। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि कृपाल सिंह, लक्ष्मण राम, मुखिया ददन सिंह, कृष्णा विश्वकर्मा, प्रवीण यादव, सचिव रविन्द्र प्रताप देव, कोषाध्यक्ष राजदेव प्रसाद, संयोजक आलोक प्रताप देव, सोनु देव, आनन्द प्रताप देव, विश्वनाथ प्रताप सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, सुनील मेहता, लक्ष्मी गुप्ता, प्रमोद गुप्ता सहित हजारो सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे। वहीं विशुनपुरा का बहुचर्चित विष्णु मंदिर समिति द्वारा हरेक वर्ष की तरह सावन माह की अंतिम सोमवारी को कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

कलश यात्रा विष्णु मंदिर से चलकर लाल चौक होते हुए बांकी नदी तट पर पहुचीं जहां श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरकर पुनः वापस मेन रोड, मेन रोड होते हुए पुरानी बाजार स्थित शिव मंदिर पर कलश की आधा जल को जलाभिषेक किया तथा पुनः विष्णु मंदिर परिसर पहुंच कर शिव मंदिर में जलाभिषेक किया गया। इस मौके पर विष्णु मंदिर के अध्यक्ष नारायण शर्मा, सचिव नवल किशोर गुप्ता, पुरोहित त्रिदीप मिश्रा, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद, ललन गुप्ता, सचिन गुप्ता, कृष्णा ठाकुर, छुनु ठाकुर, महेंद्र चंद्रवंशी, संजय चद्रवंशी सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

**कार्यक्रम : स्व. मुकेश की पुण्यतिथि पर स्थानीय कलाकारों ने उनके गाये गीतों को गाकर दी श्रद्धांजलि**

# एक दिन बिक जायेगा माटी के मोल, जग में रह जायेंगे प्यारे तेरे बोल.....

**मेलोडी ग्रुप एवं संगीत कला महाविद्यालय ने संयुक्त रूप से किया कार्यक्रम का आयोजन**






आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** देश के जाने माने गायक स्व. मुकेश चंद्र माथुर की 47वीं पुण्यतिथि पर टंडवा स्थित शगुन बैंक्वेट हॉल में मेलोडी ग्रुप एवं संगीत कला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपविकास आयुक्त राजेश कुमार राय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलख नाथ पांडेय, डीएसपी अवध कुमार यादव, सार्जेंट मेजर ओम प्रकाश दास, जीएन कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक मदन प्रसाद, परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के संचालक एवं सर्जन डॉ निशांत सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबेदुल्ला हक अंसारी, समाजसेवी नंद कुमार गुप्ता, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनिता दत्त, मैलोडी ग्रुप के निदेशक दया शंकर गुप्ता, समाजसेवी दौलत सोनी, कपड़ा बैंक संचालक शौकत खान, डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, भाजपा नेता चंदन जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम की शुरुवात में सुधांशु कुमार ने 'जाने कहां गए वो दिन' गीत गाकर माहौल को गमगीन कर दिया। कृति कुमारी एवं सुधांशु कुमार ने 'किसी राह में किसी मोड़ पर', बसंत कुमार ने 'सुहानी चांदनी रातें' और युगल गीत पूर्णिमा कुमारी के साथ 'हम तुम युग युग से ये गीत मिलन के गाते रहे हैं', दया शंकर गुप्ता ने 'चंचल शीतल निर्मल कोमल' युगल गीत, कृति कुमारी के साथ 'मैं ना भूलूंगा मैं ना भूलूंगी', विजय प्रताप देव ने 'एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल और युगल गीत कृति कुमारी के साथ 'महबूब मेरे महबूब मेरे' मोहित केशरी व आकांक्षा कुमारी ने 'संसार है एक नदिया सुख दुख दो किनारे हैं', बसंत कुमार व श्यामलता ने 'धीरे धीरे बोल कोई सुन ना ले', धनंजय कुमार पांडेय ने 'जाने चले जाते हैं कहां दुनिया से जानेवाले' और युगल गीत श्यामलता के साथ 'हम तो तेरे आशिक हैं सदियों पुराने', किशोर अम्बष्ठ एवं ऋतु सिन्हा ने 'हमदोनों मिलके कागज के दिल पे', अमित कुमार ने 'कभी कभी मेरे दिल में ख्याल आता है' और युगल गीत 'तुमने कभी किसी से प्यार किया है', सार्जेंट मेजर ओम प्रकाश दास ने 'रास्ते का पत्थर किस्मत ने मुझे बना दिया' गीत बहुत ही खूबसूरत ढंग से गाकर सभी को अचंभित कर दिया। छोटा कलाकार प्रत्यूष पांडेय ने 'किसी के मुस्कुराहटों पे हो निशार' गीत गाकर खूब वाहवाही लूटी। धर्मेंद्र कुमार व पूर्णिमा कुमारी ने 'फूल तुम्हें भेजा है खत में', जुबां पे दर्द भरी दास्तां चली आयी और युगल गीत आकांक्षा कुमारी के साथ 'क्या खूब लगती हो बड़ी सुंदर दिखती हो', किशोर अम्बष्ठ व सरिता कुमारी ने 'एक प्यार का नगमा है', मोहित केशरी एवं पूर्णिमा कुमारी ने 'सावन का महीना पवन करे शोर' गीत गाकर सभी को सावन का एहसास दिल दिया। सभी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों गाकर स्व. मुकेश जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे कार्यक्रम का निर्देशन संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी के द्वारा किया गया और बहुत ही खूबसूरत ढंग से मंच संचालन पूनमश्री जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर रश्मि वर्मा, प्रभात मिश्रा, रुद्र नारायण पांडेय, गिरीश जी, विकास तिवारी, प्रेम रंजन सिंह, तवारक हुसैन, अरबिंद गुप्ता, लायन सफदर अली खान, लाल बहादुर, शुनेस विश्वकर्मा, कमलेश कुमार, नेहा कुमारी, राधिका कुमारी, बबलू जी, अनूप जी, रविन्द्र जी सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गढ़वा जिले की महिला चिकित्सकों ने सीएमइ का किया आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के चिनिया रोड के होटल वीनस इंटरनेशनल में गढ़वा जिले के महिला चिकित्सकों के द्वारा कंटीन्यूविंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक कार्यक्रम में 'प्रसव के बाद अत्यधिक रक्त स्त्राव होना' यानी पीपीएच एंड गर्भावस्था के दौरान गर्भ में ही होने वाले रक्तस्त्राव (फेटल मैटरनल हेमरेज) के बारे में जानकारी दी गई। डॉक्टर नीतू ने पीपीएच के बारे में एवं डॉक्टर महेरू ने फेटल मैटरनल हेमरेज (एफएमएच) के बारे में प्रेजेंटेशन दिया। कार्यक्रम में गढ़वा शहर के महिला चिकित्सकों ने भाग लिया। जिसमें डॉ नीतू, डॉ महेरु, डॉ महजबी, डॉ सुष्मिता, डॉ माया, डॉ प्रतिमा, डॉ पुष्पा एवं डॉ स्नेहलता प्रमुख हैं। सभी चिकत्सकों ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए तहे दिल से धन्यवाद दिया और कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में नित-प्रतिदिन आ रहे बदलाव की जानकारी को साझा करने के उद्देश्य से सीएमई का आयोजन होते रहना चाहिए।

### असजद अंसारी रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बनाये गये



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** डॉ असजद अंसारी को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बनाया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रंका के पूर्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद का स्थानांतरण हरिहरगंज होने के कारण 7 अगस्त को सिविल सर्जन के आदेश पर डॉ असजद अंसारी को अस्पताल का प्रभार दिया गया था। वहीं आज सोमवार को गढ़वा सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह द्वारा डॉ असजद अंसारी को सदर अस्पताल का कार्य के अतिरिक्त प्रभार देते हुए रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी घोषित किया गया। मालूम हो कि डॉ असजद अंसारी ने राजनीति छोड़ कर सन् 2020 में झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर चिनिया प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में पदभार संभाला था। एक वर्ष गुजरते ही उनके कार्य को देखते हुए स्वास्थ विभाग द्वारा डॉ असजद को एनेस्थीसिया में प्रशिक्षण के लिए रिम्स भेजा गया। कुशलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटने के बाद उन्हें प्राथमिक स्वास्थ केंद्र चिनिया के कार्य के अतिरिक्त गढ़वा सदर अस्पताल में एनेस्थीसिया के कार्य हेतु नियुक्ति की गई। अब उनके उत्कृष्ठ कार्य को देखते हुए डॉ असजद को अतिरिक्त प्रभार देते हुए गढ़वा सिविल सर्जन द्वारा रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बनाया गया। इस मौके पर डॉ असजद अंसारी ने गढ़वा सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह का आभार व्यक्त किया है। साथ ही कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और इसके अंतर्गत रमकंडा और चिनिया प्रखंड के लोगों को बेहतर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराएं।

### खरडीहा पंचायत झामुमो युवा मोर्चा कमेटी का गठन, बुधन यादव बनाये गये अध्यक्ष



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत खरडीहा पंचायत भवन में झामुमो खरहीहा पंचायत युवा मोर्चा कमेटी का गठन गढ़वा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि वन एवं पर्यावरण विभाग श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू की अध्यक्षता में आठ गांवों की जनता के बीच गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से युवा पंचायत अध्यक्ष बुधन यादव, सचिव मुकेश पाण्डेय, कोषाध्यक्ष अयुब अंसारी, उपाध्यक्ष उमेश यादव, अनवर अंसारी, शकीम अंसारी, विनोद विश्वकर्मा, दिलदार सिंह को बनाया गया। जबकि पंद्रह लोगों को सदस्य बनाया गया है। इस अवसर पर झामुमो रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो युवा प्रखंड सचिव पप्पू यादव, बीडीसी नौशाद अंसारी, इंद्रदेव राम, झामुमो पंचायत अध्यक्ष योगेन्द्र यादव सहित काफी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### सावन मास की अंतिम सोमवारी पर नगर ऊंटारी के विभिन्न शिवालयों में उमड़ी भीड़

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** सावन मास के अंतिम सोमवारी के दिन नगर ऊंटरी अंतर्गत विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ देखी गयी। स्थानीय राजा पहाड़ी शिव मंदिर, बंशीधर शिव मंदिर, पंचमुखी शिव मंदिर, नंदेश्वर शिव मंदिर सहित सभी शिवालयों में भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए हजारों की संख्या में लोग सावन के अंतिम सोमवार को पहुंचे। स्थानीय पंचमुखी महादेव चेचरिया मंदिर में भगवान भोलेनाथ का सोमवार को सुबह 10 बजे महारुद्राभिषेक 51 किलो गाय का दूध से किया गया। जिसमें भारी संख्या में भक्तों की भीड़ थी। विद्वान पंडितों सत्यनारायण मिश्रा तथा सुशील पांडेय जी की टीम के द्वारा पूजा अर्चना करायी गयी। यजमान के रूप में सत्यप्रकाश, पियूष कुमार, मनीष कुमार, चिराग जायसवाल, शशि जायसवाल, गौरव कुमार ने विधिवत पूजा अर्चना की। मौके पर पूर्व विधायक राज राजेन्द्र प्रताप देव, राजेश प्रताप देव, मंदिर समिति के अध्यक्ष, अजय कुमार, ह्दयानंद कमलापुरी, मनदीप प्रसाद, बिरेंद्र कमलापुरी, राहुल जायसवाल, अनील कमलापुरी, अजय प्रसाद, बिनय प्रसाद, सुरेन्द्र जायसवाल, अनुप निराला, बिनोद काश्यकार सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं उपस्थित थे।

### मुखिया ने नव प्राथमिक विद्यालय बक्सीपुर में छात्रों के बीच किया स्कूली बैग का वितरण

**केतार (आजाद सिपाही)।** केतार प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय बक्सीपुर में सोमवार को मुखिया मुंगा साह ने विद्यालय में अध्यनरत 57 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूली बैग वितरण किया। इस मौके पर मुखिया मुंगा साह ने कहा कि यह बैग सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है। इस बैग का उपयोग आप सभी विद्यालय आने के दौरान पाठ्य पुस्तक को रखने के लिए करेंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को ड्रेस और बैग हमेशा साफ-सुथरा रखने और प्रतिदिन विद्यालय आकर मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने कहा कि सरकार विद्यालय में विभिन्न प्रकार की सुविधा दे रही है। मौके पर शिक्षक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### आक्रोश : नाराज लोगों ने शव सड़क पर रख कर किया प्रदर्शन

# बुंडू में वाहन के धक्के से विवाहिता की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह रांची-टाटा राजमार्ग पर वाहन के धक्के से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान विमला देवी (35) के रूप में हुई है। वह गोसाईडीह गांव की रहने वाली थी। वह इस दिन सुबह शौच के लिए गई थी। तभी ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। महिला के दो छोटे बच्चे राहुल तांती (14) और मौसमी कुमारी (11) है। उधर, महिला की मौत से नाराज ग्रामीणों ने शव को सड़क के बीचोबीच रखकर जाम कर दिया और प्रदर्शन करने लगे। इससे करीब दो किलोमीटर तक सड़क के दोनों और की लंबी कतार लग गयी। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस एवं बुंडू के विधायक प्रतिनिधि द्वारा 10 हजार रुपए तत्काल राहत राशि देकर लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। गौरतलब हो कि गोसाईडीह पेट्रोल पंप से गोसाईडीह गांव के मुहाने तक बीते पांच वर्षों में दर्जनों लोग सड़क हादसे का शिकार हो चुके हैं। बता दें कि गोसाईडीह गांव के एचपी पेट्रोल पंप पर तेल लेने के बाद चालक गलत दिशा में ही वाहनों को चलते हैं जिससे सड़क पार करने वाले लोग सड़क हादसे का शिकार होकर जान गंवा रहे।



महिला की मौत के बाद सड़क जाम कर प्रदर्शन करते आक्रोशित लोग।

## अंतिम सोमवारी को शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सावन की अंतिम सोमवारी को प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु अपने-अपने नजदीक के शिवालयों में पूजा अर्चना किए और भगवान शिव को फूल, बेलपत्र, अक्षत, रोड़ी, प्रसाद चढ़ाया। कई महिला श्रद्धालुओं ने सोमवारी का उपवास भी रखा। खलारी स्थित पहाड़ी मंदिर, जानकी रमण मंदिर, खलारी बाजारटांड, करकट्टा, धमधमियां नौ नम्बर शिवालय में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हुआ जो दोपहर तक जारी रहा। शाम को शिवालयों में भगवान शिव का फूल मालाओं से श्रृंगार कर विशेष पूजा, अभिषेक व आरती की गयी। भक्तजनों के बीच प्रसाद बांटा गया।

### अंतिम सोमवारी को बाबा आम्रेश्वर धाम में उमड़ा भक्तों का सैलाब

# 1.25 लाख लोगों ने किया भोलेबाबा का जलाभिषेक

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** सावन महीने की अंतिम सोमवारी के पावन अवसर पर खूंटी जिले के प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम अंगराबारी में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। करीब 1.25 लाख भक्तों ने बाबा का जलाभिषेक किया। बाबा आम्रेश्वर धाम में जलाभिषेक और पूजन-अर्चन के लिए रविवार रात से ही श्रद्धालु यहां पहुंचने लगे थे। देर रात से ही मुख्य मंदिर के प्रवेश द्वार पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगनी शुरू हो गई थी। तड़के 3.30 तीन बजे जैसे ही मुख्य मंदिर और अन्य मंदिरों के पट खुले, पूरा वातावरण बोल बम और हर-हर महादेव के नारों से गुंजायमान हो उठा। मंदिर परिसर में शांति और सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस के जवान, प्रबंध समिति के सदस्य और एनसीसी कैडेट व्यवस्था को संभालते हुए भक्तों को कतारबद्ध मंदिर में प्रवेश कराते रहे। तड़के प्रारंभ हुई पूजा-अर्चना का यह दौर पूरे दिन अनवरत जारी रहा। इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ ही बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अधिकारी व सदस्य भी दिन भर सक्रिय रहे। पूजा-अर्चना के बाद दूरदराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने धाम परिसर में लगे श्रावणी मेले का आनंद उठाया। मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए दंडाधिकारियों के साथ महिला और पुरुष बल के जवान मंदिर परिसर सहित पूरे मेले परिसर में तैनात थे। जलाभिषेक के लिए आनेवाले भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसे ध्यान में रख बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव, महामंत्री मनोज कुमार, सत्यजीत कुंडू के अलावा अन्य पदाधिकारी और सदस्य पूरे दिन धाम परिसर में मौजूद रहकर व्यवस्था की निगरानी करते रहे। दूसरी ओर शहर के पुरातन महादेव मंडा सहित अन्य शिवालयों में भी जलाभिषेक व पूजन अर्चन के लिए सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तोरपा के बाबा नागेश्वर धाम, पिपराटोली स्थित शिवालय, नामकोम शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी सोमवारी को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

## युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मेहनत करने की जरूरत : अभिजीत




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** युवा कांग्रेस की खूंटी जिला कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता युवा कांग्रेस के खूंटी जिलाध्यक्ष कुणाल कमल कश्यप ने की। बैठक में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, झारखंड प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा, प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी कुलदीप कुमार रवि, प्रदेश महासचिव शादाब खान, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा और प्रदेश सचिव सह बीस सूत्री सदस्य वेद प्रकाश मिश्र उपस्थित थे। युवा कांग्रेस के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि हम युवाओं को कांग्रेस के साथ मजबूती से खड़ा होना होगा। हर प्रखंड में हर विधानसभा में युवा कांग्रेस को बूथ स्तर पर मेहनत करनी है, ताकि आगामी चुनाव में हमें जीत मिले सके। प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा ने भी कार्यकर्ताओं से संगठित होकर काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आनेवाले चुनाव में युवाओं की भमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष फैजान खान, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष उस्मान खान, जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा, सुमन जयसवाल, अमित एक्का, गुलिट मिश्रा, तोरपा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष माइकल खालखो, शकील,केअलावा कई लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी युवा कांग्रेस के आइटी सेल और मीडिया प्रभारी साउथ छोटानागपुर अरकम हुसैन ने दी।

## बुंडू के सुभाष चौक में लगी नेताजी की प्रतिमा के समक्ष बनी अवैध पार्किंग



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सुभाष चौक में लगे नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति के चारों ओर अवैध पार्किंग बन गयी है। बाइक और स्कूटी लगाकर लोग अपना नीजि काम करने में व्यस्त रहते हैं। यह जगह ऐतिहासिक है। नेताजी बुंडू आकर इसी चौक पर खड़े होकर आजादी के लिए आजाद हिंद फौज में शामिल होने के लिए बुंडू की जनता से आह्वान किया था। लेकिन आज नेताजी दुखित हैं। नेताजी जिन्होंने भारत को आजादी दिलाने के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया वे आज बुंडू में अपमानित हो रहे हैं। यहां हर वर्ष 23 जनवरी को उनके जन्म दिन पर कार्यक्रम होते है फिर भी बुंडू की जनता प्रतिमा के रखरखाव के प्रति उदासीन और लापरवाह है।

## रक्षा बंधन के लिए सजा बाजार, खरीदारों की उमड़ रही भीड़



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** भाई-बहनों के पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन को अब महज दो दिन ही रह गए हैं। इसे लेकर बुंडू का बाजार सज धज तैयार है। बुंडू के विभिन्न चौक-चौराहों पर राखी एवं मिठाइयों की दुकान सज धज कर तैयार हैं। बहने अपने से दूर रहने वाले भाइयों के लिए अभी से ही राखी खरीद कर भेज रही हैं। रक्षाबंधन को लेकर पूरे बुंडू क्षेत्र में चहल-पहल बढ़ गई है।

## मोतियाबिंद के मरीजों का हुआ सफल ऑपरेशन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नेत्रदान पखवाड़ा के उपलक्ष में सोमवार को बिरसा आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन का आयोजन किया गया। बिरसा आई हॉस्पिटल में बारूहातु गांव के सभी मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन किया गया। रविवार को सभी का नेत्र जांच कराया गया था।

## अंतिम सोमवारी को शिवालयों में उमड़ी भीड़

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** श्रावण महीने की अंतिम सोमवार को बुंडू के विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पाड़ी। श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य भगवान शिव को जल चढ़ाया। बुंडू के थानेश्वर मंदिर, रानीचुआं, नवरात्रि मंदिर, डमारी शिव मंदिर, कॉलेज मोड शिव मंदिर में हजारों शिव भक्तों ने जल चढ़कर अपने और अपने परिवार की सुख शांति की कामना की।

# मुरहू में कलयुगी बेटे ने गलाघोंट कर की मां की हत्या, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के मुरहू थानांतर्गत हासा पंचायत के माहिल साकेटोली गांव निवासी शंकर मुंडा नामक युवक ने रविवार को किसी बात पर अपनी वृद्ध मां की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान कृष्णा देवी के रूप में हुई है। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने बीआइटी मेसरा स्थित अपनी ससुराल में रहने वाले महिला के बड़े बेटे सुखराम मुंडा को दी। खबर पाते ही सुखराम मुंडा गांव पहुंचा और मुरहू पुलिस को घटना की सूचना दी। उधर, सूचना मिलते ही मुरहू पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पड़ताल के बाद शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया। इस संबंध में मुरहू थाने में आरोपित शंकर मुंडा के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है। घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार आरोपित शंकर मुंडा को पुलिस ने मुरहू थाना क्षेत्र से ही सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। इस संबंध में एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि प्रारंभिक छानबीन एवं पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि आरोपित आए दिन नशे में मां से झगड़ा किया करता था। उसकी मानसिक अवस्था भी कभी-कभी खराब हो जाती है।

# धर्मेंद्र सिंह अध्यक्ष व कार्तिक पांडेय बने महासचिव

**सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति एनके एरिया की बैठक में दुर्गा पूजा कमेटी हुआ गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति एनके एरिया की बैठक सोमवार को डकरा स्थित श्री रत्नेश्वर मंदिर प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह ने की। बैठक की शुरूआत में दुर्गा पूजा के मुख्य संस्थापक स्वर्गीय ठाकुर भोला सिंह एवं स्वर्गीय नरसिंह पांडेय को लोगों ने नमन किया। इस दौरान दुर्गा पूजा कार्यक्रम के तहत रावण दहन, पंडाल, लाइट, मूर्ति और मेला को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। इस वर्ष भी हर्षोल्लास और धूमधाम से पूजा करने का निर्णय लेते हुए सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, पूजा कमेटी नेतृत्वकर्ता में सुशील सिंह, रामनारायण सिंह, रामप्रवेश सिंह, सुनील सिंह, नरेंद्र सिंह, मुख्य संरक्षक श्याम सुंदर सिंह, वरिष्ठ संरक्षक देवेंदर सिंह, अवधेश सिंह, जुगल किशोर सर्राफ, रामबदन सेठ, भगवान जेना, एस.एन उपाध्याय, प्रमोद सिंह, संरक्षक विनोद सिंह, विजय सिंह, शिव कुमार सिंह, रामाशीष सिंह, गुणाधर दत्ता, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बजरंगी, महासचिव कार्तिक पाण्डेय, सचिव तूफान सिंह, मुख्य कोषाध्यक्ष विकाश सिंह (गुड्डु), कोषाध्यक्ष सुमित सिंह, मुख्य संयोजक शत्रुंजय सिंह, संयोजक आलोक कुमार सिंह (सन्नी) के अलावा मुख्य सलाहकार अजीत सिंह, साहिब जान, प्रदीप जेना, आनन्द सिंह, सुशील श्रीवास्तव, मनोज कुमार सर्राफ, पूजा, प्रसाद वितरण एवं सफाई प्रभारी संजय पांडेय, राजकुमार शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, ओम प्रकाश गुप्ता, मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता, पवन गुप्ता को बनाया गया है। वहीं बैठक में रावण दहन कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष नंदलाल सिंह, कार्यकारी उपाध्यक्ष संजीत तुरी, मुकेश सिंह, कार्यकारी प्रभारी गौरव झा, संतोष सिंह, संजय कुमार, राजू पांडे, मुख्य यजमान धनजय सिंह, दान संग्रह मुख्य प्रभारी शिशिर कुमार सिंह, अविनाश सिंह, दिलिप सिंह, आशुतोष आनंद, अंशु सिंह, ओम प्रकाश पाण्डेय, प्रभाकर सिंह के अलावा कार्यकारणी सदस्यों में विक्की सिंह, रविकांत सिंह, पवन सिंह, गुलशन सिंह, विकाश सिंह, राजा, प्रशांत दत्ता, रंजीत, टुनटुन, सुशांत दत्ता, प्रीतेश, अतुल, अनुपम, आदित्य, मनीष, दीपक, धीरज, बाला जी, नितेश सिंह (गांधी), नितेश सिंह, अमित, राहुल, रोहित, आकाश, पियूष, आयुष, रिशु, ट्विंकल, अंकित, विक्की, ऋतिक, अभी सिंह, सुभम सिंह, सौरव सिंह, नितेश (छोटू), रोशन, बिंशू, राकेश, अभिषेक शर्मा आदि शामिल है।

## झारखंड की पैदल यात्रा कर रहे आर्या गुप्ता खलारी पहुंचे



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड की पैदल यात्रा कर रहे आर्या गुप्ता सोमवार को खलारी पहुंचे। आर्या गुप्ता जैनामोड़ बोकारो के रहने वाले है। उन्होंने बताया की झारखंड की पैदल यात्रा 18 दिसंबर 2022 को बोकारो से शुरू किया है। 28 अगस्त तक उन्होंने झारखंड के 10 जिलों की पैदल यात्रा कर चुके हैं। वे सोमवार को खलारी होते हुए मैकलुस्कीगंज निकले, जहां से चंदवा होते हुए लातेहार जिला फिर पलामू जायेंगे। आर्या गुप्ता एक यूट्यूबर है, जो फ्लाइंग आर्या 15 के नाम से यूट्यूब चैनल चलाते हैं। आर्या गुप्ता से पूछने पर उन्होंने बताया कि पैदल यात्रा का मुख्य उद्देश्य झारखंड की संस्कृति, वेषभूशा, कला, इतिहास, परंपरा और पर्यटन के बारे में लोगों को बताना और लोगों को पर्यटन के माध्यम से जागरूक करना है, ताकि लोगों को पलायन करने से रोका जा सके। उन्होंने बताया कि उनकी यात्रा में अभी 14 जिले बाकि हैं जो लगभग 6 से सात माह में पूरा करेंगे। बताया कि समाज के ही लोग उन्हें भोजन करा देते है। वे अपनी झारखण्ड यात्रा का समापन बोकारो पहुंच कर करेंगे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा भूइंयाडीह सब्जी बाजार



**तमाड़/रड़गांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के भूइंयाडीह बाजार जो सब्जी के लिए प्रसिद्ध है, अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां से पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार और झारखंड के कोने-कोने में सब्जियां जाति है। सब्जी खरीदने के लिए यहां बाहर से व्यापारी आते हैं और कम कीमत पर सब्जी खरीद कर शहरों में ऊंची कीमत पर बेचते हैं। लेकिन सरकार की ओर से आजतक इस बाजार में किसानों के लिए शेड का निर्माण नहीं कराया गया। ना ही कोई सुविधा दी गई है। यहां तक कि मलमूत्र त्यागने की भी व्यवस्था नहीं की गई है। बरसात में कीचड़ से पूरा बाजार पट जाता है। कृषि उत्पादन बाजार समिति की ओर से कई वर्षों से डाक नहीं होने से मसूल की वसूली भी नहीं होती है। प्रतिदिन हजारों किसान अपने खेतों में लगे सब्जी को बेचने यहां आते हैं और बाहर से आए व्यापारी काम कीमत पर सब्जियां खरीद कर ले जाते हैं। टाटा-रांची मुख्य पथ पर एक मात्र सब्जी का सबसे बड़ा बाजार भूइंयाडी बाजार ही है। किसानों की उम्मीद एवं आय का स्रोत मात्र एक भूइंयाडीह बाजार ही है। किसानों का राज्य सरकार से आग्रह है की भूइंयाडीह बाजार में शेड का निर्माण कराया जाय।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि के भुगतान के लिए सांसद प्रतिनिधि ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को लिखी चिट्ठी

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने खूंटी सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को लिट्ठी लिखकर 2018-19 में किसानों द्वारा कराए गए प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि भुगतान कराने की मांग की है। बतातें चलें कि 2018-19 में तमाड़ क्षेत्र में कम वर्षा होने से खरीफ फसल धान नहीं के बराबर हुआ था। इसी बाबत किसानों ने दी ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के पास, जी रांची खूंटी को आपरेटिव बैंक लिमिटेड तमाड़ के माध्यम से प्रधानमंत्री फसल बीमा कराया था। बीमा की राशि प्रति एकड़ 440 रुपए था। कुछ किसानों को भारी अनियमितता के बीच इसी वर्ष 2023 मार्च अप्रैल में फसल बीमा का लाभ मिला। पर अभी भी सैकड़ों किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख द्वारा भी कई बार वंचित किसानों को फसल बीमा का भुगतान कराने की बात कही गई है। पर अब तक भुगतान नहीं होने से किसानों में रोष है। सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने इसी निमित्त केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को आवेदन देकर जल्द 2018-19 की प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि भुगतान कराने की मांग की है।

## माकपा ने रांची पश्चिमी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की जेनरल बॉडी बैठक में आंदोलन की तैयारियों पर चर्चा




**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** माकपा की रांची जिला कमेटी के आह्वान पर सोमवार को जिले के पश्चिमी क्षेत्र के प्रखंडों नगड़ी, रातू, मांडर,चान्हो और इटकी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं-समर्थकों की बैठक बिजुलिया में हुई। जिसकी अध्यक्षता नगड़ी के प्रखंड प्रमुख और पार्टी के जिला कमेटी सदस्य मधुआ कच्छप ने की। बैठक को पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य डॉ रामचंद्र डोम, राज्य सचिव प्रकाश विप्लव के अलावा समीर दास, सुरेश मुंडा, सुखनाथ लोहरा, प्रकाश टोप्पो, प्रो रंथु उरांव, राकेश उरांव, अमित उरांव, रजनीश उरांव और भंते जैनेंद्र तथागत ने संबोधित किया। बैठक में तय किया गया कि बढ़ती महंगाई और घटते रोजगार के मुद्दे पर पंचायत स्तर तक घर-घर जाकर भाजपा सरकार की नीतियों को उजागर किया जाएगा। इस अखिल भारतीय अभियान के बाद झारखंड के ज्वलंत मुद्दों जिसमें विस्थापन और जमीन की लूट के खिलाफ और शहीद सुभाष मुंडा के हत्यारों को गिरफ्तार कर सजा दिए जाने की मांगों को लेकर 13 सितंबर को एक प्रभावी पदयात्रा निकाल कर रांची के डीसी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जायेगा।

## पर्यावरणीय स्वीकृति को लेकर लोक सुनावई 23 सितंबर को

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रोहिणी परियोजना खदान विस्तारीकरण के लिए झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की ओर से पर्यावरणीय स्वीकृति को लेकर लोक सुनावई 23 सितंबर को तुमांग के ढ़ुब देवी मंडप मैदान में आयोजित होगी। जिसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित स्थानीय प्रशासन, सीसीएल अधिकारी मौजूद रहेंगे। जानकारी के अनुसार परियोजना विस्तारीकरण के लिए 67.51 हेक्टेयर जमीन के लिए लोक सुनावई किया जा रहा है।

### तमाड़ में कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

# भाजपा को 2024 में उखाड़ फेंकना है: प्रदीप बालमुचू

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन सोमवार को दिवड़ी में संपन्न हुई। जिसमें पूर्व विधायक कालीचरण मुण्डा, पूर्व सांसद प्रदीप बालमुचु, रांची जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश किरण महतो, खुंटी जिला अध्यक्ष रवि समरेंद्र तिवारी आदि मुख्य रुप से उपस्थित थे। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष और संचालन युवा कांग्रेस के अध्यक्ष ने किया। अपने संबोधन में कालीचरण मुण्डा ने कहा कि अगले महीने से तमाड़ विधानसभा के हर पंचायतों का दौरा शुरू होगा। गांव-गांव में कार्यकर्ताओं के साथ जाएंगे।

वहीं, पूर्व सांसद प्रदीप बालमुचू ने कहा कि भाजपा को 2024 में उखाड़ फेंकना है। जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनावों में खुंटी लोकसभा कांग्रेस बहुत कम वोटो से हारी थी। इस बार कांग्रेस चुनाव जितेगी। सम्मेलन को अजय साहू, नोनके महतो, विनोद सिंह, मनोहर महतो, बसंत सेठ, निशीकांत गौंझु, खगेश महतो, जितेंद्र मुंडा, त्रिलोचन मुंडा, रोशन वारवा, गुरुचरण मुंडा ने भी संबोधित किया। इस दौरान आजसू के कई कार्यकर्ता पार्टी छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर विनीत सिंह, शमशाद अंसारी, दीपक गुप्ता, सुमित लाला, दामोदर लोहरा, विमल पांडे, सनातन लोहरा, श्रवण सेठ, महेंद्र मुंडा, क्यूम अंसारी आदि उपस्थित थे।


कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित तमाड़ के कांग्रेसी व आजसू छोड़कर आये लोग।

## बुढ़मू पुलिस ने छात्रा रीमा हत्याकांड का 24 घंटे में उद्भेदन कर हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

**रीमा के प्रेमी अजय भगत ने ही की थी हत्या**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुढ़मू।** बुढ़मू पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिदरोल में रविवार को हुई छात्रा रीमा कुजूर हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस व एफएसएल की संयुक्त टीम की मेहनत रंग लायी और हत्या के चौबीस घंटे के भीतर हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए रीमा के हत्यारे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारा कोई और नहीं बल्कि रीमा का अपना प्रेमी ही निकला। गिरफ्तार आरोपी का नाम अजय भगत है और वह छात्रा के ही गांव सिदरोल सियारटोली का रहने वाला है। शादी से इंकार करने पर आरोपी अजय ने रीमा पर ताबड़तोड़ हमले कर घटना को अंजाम दिया। छात्रा रीमा कुजूर व आरोपी अजय भगत के बीच पिछले तीन वर्षों से प्रेम संबंध चला आ रहा था। पिछले कुछ दिनों से किसी बात को लेकर दोनों के बीच अनबन चल रहा था। आरोपी अजय रीमा पर शादी का दबाव बना रहा था, परंतु रीमा अजय से शादी के लिए तैयार नहीं थी। अजय को शक था कि रीमा का संबध किसी और से हो गया है और इसी कड़ी में शनिवार रात्रि अजय ने अपनी प्रेमिका रीमा को रात्रि में मिलने बुलाया। जहां रीमा के पहुंचते ही अजय फिर से रीमा पर शादी का दबाव देने लगा। परंतु पूर्व की तरह रीमा फिर से शादी से इंकार कर गई। ऐसा देख नशे में धुत्त अजय ने साथ लाए धारदार दाबी से ताबड़तोड़ हमला कर रीमा को मौत के घाट उतार दिया और शव को पास के ही एक कुआं में डालकर चलते बना। पुलिस के समक्ष आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। वहीं पुलिस ने आरोपी सहित हत्या में प्रयुक्त दाबी को भी बरामद उसे जेल भेज दिया।

## भाकपा की बैठक में 13 सितंबर को पदयात्रा कर रांची उपायुक्त के समक्ष प्रदर्शन का निर्णय




**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की रांची जिला कमेटी के आह्वान पर आज जिले के पश्चिमी क्षेत्र के प्रखंडों नगड़ी, रातू, मांडर,चान्हो और इटकी क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की एक बैठक बिजुलिया में नगड़ी के प्रखंड प्रमुख और पार्टी के जिला कमिटी सदस्य मधुआ कच्छप की अध्यक्षता हुई। बैठक को पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य डा. रामचंद्र डोम, राज्य सचिव प्रकाश विप्लव के अलावा समीर दास, सुरेश मुंडा, सुखनाथ लोहरा, प्रकाश टोप्पो, प्रो. रंथु उरांव, राकेश उरांव, अमित उरांव, रजनीश उरांव और भंते जैनेंद्र तथागत ने संबोधित किया। बैठक में यह तय किया गया कि बढ़ती महंगाई और घटते रोजगार के मुद्दे पर पंचायत स्तर तक घर-घर जाकर महंगाई बढ़ाने वाली भाजपा सरकार की नीतियों को उजागर किया जाएगा। इस अखिल भारतीय अभियान के बाद झारखंड के ज्वलंत मुद्दों जिसमें विस्थापन और जमीन की लूट के खिलाफ और शहीद सुभाष मुंडा के हत्यारों को गिरफ्तार कर सजा दिए जाने की मांगों को लेकर 13 सितंबर को एक प्रभावी पदयात्रा निकाल कर रांची के उपायुक्त के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा।

## नगड़ी पंचायत भवन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. पीएन सिंह की पुण्यतिथि मनायी गयी



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी पंचायत भवन में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व. पीएन सिंह की 10वीं पुण्यतिथि मनाई गई। लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालों में शाहिद अहमद, तपेश्वर केशरी, सहावीर लोहरा, वरिष्ठ कांग्रेसी कुलदीप तिवारी, कृजीवन महतो, यासीन अंसारी, कुर्बान अंसारी, लक्ष्मी सिंह, फिरोज अंसारी, अख्तर अंसारी, मास्टर शाहिद, महेश शर्मा, प्रदीप महतो, रियाजुल अंसारी, मणिकांत ओझा, माहिर अंसारी, मंजूर अंसारी, अबुल हसन अंसारी, विजय उरांव, स्टीफन होरो, गुलशन टोप्पो, अबरार अंसारी, अब्दुल्ला अंसारी, निरुपमा तिग्गा,अनीता तिग्गा, बोनी पॉल होरो, हकीम अंसारी, पतरस एक्का सहित लोग शामिल हुए।

## अनगड़ा के सामाजिक कार्यकर्ता सत्यदेव मुंडा को राज्यपाल ने किया सम्मानित



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जल, जंगल, जमीन की रक्षा एवं सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत बीसा पंचायत के बेंती गांव निवासी सत्यदेव मुण्डा को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन नें सोमवार को सम्मानित किया। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके रांची में आयोजित उद्भव कार्यक्रम के दौरान सत्यदेव मुण्डा सम्मानित किए गए। मालूम हो कि सत्यदेव मुण्डा भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं तथा पर्यावरण और जल संरक्षण को लेकर लगातार क्षेत्र में अभियान चला रहे हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए वन सुरक्षा समिति के माध्यम से बेंती पैना पहाड़ में हजारों की संख्या में पौधरोपण का कार्य किया है तथा क्षेत्र के लोगों को पौधरोपण के लिए जागरूक और प्रेरित करते हैं। सम्मानित किए जाने पर क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया तथा बधाई दी।

## महासिद्धि शक्ति पीठ में दो दिवसीय अखंड हरिकीर्तन संपन्न



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के लुपूंग पंचायत अंतर्गत बाहेया खक्सीगढ़ा स्थित महासिद्धि शक्तिपीठ में आयोजित दो दिवसीय अखण्ड हरिकीर्तन कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ। समापन के पश्चात पूजा-अर्चना की गई तथा प्रसाद का वितरण किया गया। अंतिम दिन कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, अजय महतो, रामनाथ महतो, नरेश साहू, सुनील महतो, राजेन्द्र महतो, सुप्रेश महतो, घनेनाथ महतो, सुषमा बड़ाईक, उमेश बड़ाईक, विरेन्द्र सिंह भोगता, हिमांशु शेखर चौधरी, सत्यदेव मुण्डा, अजीत महतो, सोनालाल महतो, बुधराम बेदिया, डॉ रिझु नायक आदि शामिल हुए। मौके पर शक्तिपीठ के संयोजक लक्ष्मण बाबा ने सभी आगत अतिथियों और श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

## अंतिम सोमवारी : शिव मंदिर गड़गांव से शिव भक्तों ने निकाली विशाल पैदल यात्रा

# सात किमी पैदल यात्रा कर श्रद्धालुओं ने महादानी बाबा में किया जलाभिषेक

**शिव भक्तों का बेड़ो देवी मंडप चौक में शिवसेना, बजरंग दल, विहिप व सनातन सेना के कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** इटकी प्रखंड के मंडा टांड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण से सावन महीने के अंतिम सोमवारी को शिव भक्तों की विशाल पैदल यात्रा शिव सेना के झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह, गोमा सिंह, नरेश साहू, जितेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह, बबलू गुप्ता, महेंद्र गोप, राधे ठाकुर की अगुवाई में निकाली गई। इस पैदल यात्रा में सैकड़ों पुरुष महिला, युवा व युवतियां श्रद्धालु भजनों की धुन पर जमकर थिरकते हुए सात किलोमीटर की पैदल यात्रा कर महादानी मंदिर पहुंचे। जहां शिव भक्तों ने महादानी बाबा का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक के साथ यात्रा का समापन किया। वहीं शिव सेना झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह ने महादानी बाबा में जलाभिषेक किया। देश व प्रदेश में सुख समृद्धि खुशहाली की प्रार्थना की। इधर शिव भक्तों का बेड़ो देवी मंडप चौक में शिवसेना, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद व सनातन सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

## लापुंग के फतेहपुर शिव मंदिर में आचार्य हरिश्चंद्र दास ने शिवजी का रूद्राभिषेक कराया

**सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर सभी शिवालय हर हर महादेव से गुंजायमान हुए**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग के फतेहपुर में शिव मंदिर में शिवजी का रुद्राभिषेक कराया गया। सावन महीना का मलमास के अंतिम सोमवारी को लेकर यह रुद्राभिषेक किया गया। इसमें शिव परिवार के सभी शिव, पार्वती, कार्तिक व गणेश की विधि पूर्वक पूजा पाठ कर अभिषेक किया गया। सभी को दूध मिश्रित जल से अभिषेक के साथ दूध, घी, मधु, दही से स्नान कराया गया। फल व लड्डू पेड़ा का भोग लगाया गया। अपने परिवार के अलावे गांव क्षेत्र व देश की सुख समृद्धि की कामना की गयी। मुख्य पुजारी हरिश्चंद्र दास के द्वारा विधि पूर्वक रुद्राभिषेक कराया गया। इसमें पांच किलो गाय दूध का अभिषेक कराया गया।

पूजा में मुख्य रूप से सपत्नीक रामप्रसाद साहू, नथु राम साहू, राजेश नाग, मनोज कुमार साहू, रामकिशोर साहू, सूरज कुमार साहू, मुन्नीलाल साहू, नवीन कुमार साहू के अलावे अनेक लोग भाग लिए। साथ ही अनेक श्रद्धालु महिला-पुरुष व कुंवारी कन्याएं शिव मंदिर में जल और बेल पत्र चढ़ाए।

सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर गांव के सभी शिवालयों में हर हर महादेव से गुंजायमान हुआ। गलगली धाम, घघारी बाबा धाम, बाबा बनखंडी धाम में सुबह से ही शिव भक्त जल चढ़ाने पहुंचे व लाइन में रहकर पूजा पाठ किए।

## विधायक ने किया सीएचसी बेड़ो का निरीक्षण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को बेड़ो प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने मरीजों से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही विधायक ने चिकित्सा प्रभारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सफल संचालन की व्यवस्था के संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं मौके पर उप प्रमुख मोदस्सीर हक, करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह, सोमरा लोहरा, संजय कच्छप, सिल्वेस्टर, शमशाद, लालदेव, बुधराम, फहीम व अनमोल लकड़ा आदि मौजूद थे।

## मांडर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं की समस्याओं का बीडीओ ने किया समाधान

**सभी समस्याओं के निदान को लेकर बीडीओ ने विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक एवं अभिभावकों के साथ की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** मांडर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राएं 26 अगस्त की शाम को अपनी विभिन्न समस्याओं व शिकायतों को लेकर शोर मचाते हुए स्कूल के गेट से निकल भागीं और एनएच 75 में करीब 70 से अधिक छात्राएं तीन किलोमीटर की दूरी तय कर शोर मचाते हुए सामूहिक रूप से मांडर थाना में घुस गयी थीं और अपनी समस्यायों से बीडीओ को अवगत कराया। आज उन सभी समस्याओं के निदान को लेकर बीडीओ की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक एवं अभिभावकों की बैठक कस्तूरबा गांधी विद्यालय परिसर में हुई। जिसमें शिक्षकों की कमी को लेकर पढ़ाई में हो रही बाधा को दूर करने को लेकर गहन मंथन करते हुए घंटी आधारित शिक्षकों का मानदेय फिक्स करते हुए उन्हें 9 बजे से लेकर 3 बजे तक स्कूल में रहने एवं उनके क्लास में वृद्धि करते हुए दो क्लास की जगह चार या पांच किया गया, ताकि छात्राओं का कोई भी क्लास खाली न रहे। वहीं उनकी अन्य समस्याओं का भी निदान किया गया।

मौके पर निशि प्रभा एपीओ, बीईईओ तरसीला केरकेट्टा, गुलाम सरवर बीपीओ गुलाम सरवर, वार्डन इंदु केरकेट्टा, स्वेता वर्मा, जुगनी तिर्की, ग्राम शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुशीला मिंज, उपाध्यक्ष सुमति उरांव, मोनिका किस्पोटा, सुबाला देवी, बहुरा उरांव, पुपेन एक्का, जगरानी केरकेट्टा, जयंती कुजूर, निशिकांत कुमार, रामू उरांव, जगदेव उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

## शास्त्री चौक दड़दाग में बालाजी क्लेकशन का शुभारंभ



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** शास्त्री चौक दड़दाग में कपडों का अनुपम संग्रह बालाजी क्लेकशन का शुभारंभ सोमवार को किया गया। बालाजी क्लेकशन के प्रोपराइटर शैलेश कुमार ने बताया कि उचित मूल्य पर मेन्स, लेडिज, किड्स वियर उप्लब्ध हैं। उद्घाटन के अवसर पर दुकान में अच्छी खासी ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली।

## खेलकूद : साल्हन में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

# उद्घाटन मैच एफसी केदल और एफसी ओरमांझी के बीच खेला गया

**टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर युवा संगम क्लब साल्हन के तत्वावधान में सोमवार को साल्हन पतरा मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। उदघाटन मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने किया। उद्घाटन मैच एफसी केदल और एफसी ओरमांझी के बीच खेला गया। इससे पहले मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ तथा विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य श्रीमती अनुराधा मुण्डा, राजेन्द्र शाही मुण्डा, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, डॉ रिझु नायक, नरेश साहू, अजय महतो, मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, शिबु मुण्डा, सिकंदर अंसारी, एतवा भगत, रामसाय मुण्डा आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उदघाटन मैच को शुरू कराया। मौके पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेल को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण स्तर पर खेल संसाधन एवं खेल मैदान उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री देश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उन्हें प्रोत्साहित और हौसला अफजाई करते हैं।

टूर्नामेंट को सफल बनाने में क्लब के राजू नायक, दुर्योधन नायक, किशोर मुण्डा, दीपक मुण्डा, मनक करमाली, भुषण नायक, मुकेश नायक, श्रवण मुण्डा, दुर्गा मुण्डा, सूरज नायक, निरज करमाली, सामू मुण्डा, रितेश, अविनाश, अमित, विजय मुण्डा, विराट मुण्डा, अर्जुन मुण्डा, अमित नायक, आतिश मुण्डा, प्रवीण मुण्डा, शिवा मुण्डा, दीपू मुण्डा, यासीन अंसारी, रोहन महली, संजय नायक, सरोज मुण्डा, अभिषेक नायक, शशिभुषण नायक, मिंकु मुण्डा, सूरज करमाली, सुरेश मुण्डा, कंचन महतो, मंटु करमाली, रविन्द्र मुण्डा आदि का योगदान है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### हरियाली सावन महोत्सव पर चित्रकला और डांस प्रतियोगिता का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** चुटिया स्थित सुशीला पैलेस के तत्वाधान में एटी एकेडमी संचालिका आभा तिवारी द्वारा हरियाली सावन महोत्सव सह बच्चों के लिये चित्रकला एवं डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने डांस एवं चित्रकला में बढ़ चढ़कर भाग लिया। महिलाओं ने मनमोहक फिल्मी गीतों पर खूब झूमे एवं ठुमके लगाये। मौके पर अंताक्षरी, म्यूजिकल चेयर, हौजी गेम, शायरी, फैशन एवं अन्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन के विजय प्रतिभागियों महिलाओं एवं बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। महिलाओं एवं बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने का एक सुनहरा मौका मिला। इस आयोजन से महिलाओं एवं बच्चों में उत्साह का माहौल नजर आया। साथ ही महिलाओं ने भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया। प्रतियोगिता में सपना पार्लर, सीमा सुशीला पैलेस, स्वास्तिक महिला का नामकुम की अध्यक्ष नीता शर्मा और चंद्र मुखर्जी का अहम सहयोग रहा।

### शिव मंदिर में सामूहिक रुद्राभिषेक एवं भव्य आरती का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे स्थित लालगंज महुआ टोली के शिव मंदिर में सोमवार को सामूहिक रुद्राभिषेक एवं भव्य आरती का आयोजन किया गया। इसमें 21 परिवार ने 11 पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधि विधान और मंत्रोच्चार से परिवार, प्रदेश एवं विश्व की मंगलकामना व कल्याण के लिये अभिषेक पूजन किया। यह लालगंज का एक मात्र ऐसा सामूहिक शिव अभिषेक पूजन था, जिसमें इतने सारे परिवार द्वारा एक साथ पूर्ण आस्था, उत्साह के साथ अभिषेक पूजन, महायज्ञ और शिवजी की महाआरती की गयी। शिव रुद्राभिषेक पूजन को लालगंज महुआ टोली के पुजारी ने पूरे विधि विधान से संपन्न कराया। उन्होंने बताया कि पवित्र श्रावण मास में पार्थिव शिवलिंग की पूजा से महादेव सभी कष्ट दूर करते हैं। घर में सुख, शांति और समृद्धि आती हैं। रुद्राभिषेक के दौरान पूरा मंदिर प्रांगण हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। अभिषेक में शामिल सभी महिलाएं महाआरती के बाद थाल में रखे पार्थिव शिवलिंग को सिर पर रखकर बैंड बाजे व जयघोष के साथ लालगंज स्थित तालाब में विसर्जन किया। पूजन कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता संजीत सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी जीवन कुमारी आरती में उपस्थित होकर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिये भोलेनाथ से मंगल कामना की।

### अंतिम सोमवारी को रौनियार वैश्य समाज ने पहाड़ी मंदिर में लगाया सेवा शिविर



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** रौनियार वैश्य समाज के द्वारा सावन के अंतिम सोमवारी को भक्तों की सेवा में शिविर का आयोजन किया गया। पहाड़ी मंदिर जलाभिषेक करने आए हुए भक्तों के बीच भंडारे का खीर, पुड़ी, हलवा, शुद्ध पेयजल, चाय, बिस्कुट, फूल बेलपत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में रांची जिला रोनियार वैश्य सभा रांची एवं अखिल भारतीय रोनियार वैश्य सभा के उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, सहायक मंत्री अजय कुमार गुप्ता, रांची जिला रौनियार सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष शम्भु गुप्ता, डॉ विजय राज सिंह, डॉ मुरली सेनगुप्ता, महासचिव अशोक कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सुबोध गुप्ता, राम जन्म गुप्ता, शिविर के संयोजक सुरेश प्रसाद गुप्ता, सहसचिव मनीष कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, एनआईबीएम आरएन साह, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, हेमंत गुप्ता, प्रकाश कुमार गुप्ता, प्रो वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रो सीताराम प्रसाद गुप्ता, बिहारी लाल गुप्ता, दिवाकर गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता, छोटी गुप्ता, सुषमा गुप्ता, मीरा गुप्ता, नीलम गुप्ता, भोला गुप्ता, दुख हरण गुप्ता, अरविंद कुमार गुप्ता, पंकज गुप्ता ने शिविर में सहयोग दिए।

### बोड़ेया शिव मंदिर में भव्य शृंगार पूजन के बाद 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन शुरू



**कांके (आजाद सिपाही)।** बोड़ेया कांके शिव मंदिर में सावन के अंतिम सोमवारी को श्रृंगार पूजा पुरोहित मुकेश मिश्रा के द्वारा करायी गयी। श्रृंगार पूजा से पूर्व सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक किया। श्रृंगार पूजा के बाद 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू किया गया। अखंड हरि कीर्तन में रांची के सांसद संजय सेठ, भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश, पूर्व डीजीपी डीके पांडेय भी शामिल हुए। अखंड हरि कीर्तन का समापन कल दोपहर में हवन पूजा के साथ होगा। इसके सफल आयोजन में मंदिर समिति और पूजा समिति के पंडित अजय मिश्रा, नीतीश तिवारी सोनू, शंकर तिवारी, रितेश तिवारी, अभय नारायण तिवारी, वीरेंद्र नारायण तिवारी, मनोज नारायण तिवारी, मुखिया सोमा उरांव, शिवचरण केसरी, उपेंद्र केसरी, अरविंद साहू, भूषण केसरी, कैलाश केसरी, सहित भक्तों और सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।

### श्रमदान से की गयी दुर्गा मंदिर की छत की ढलाई



**इटकी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 23 रांची-गुमला रोड के इटकी मोड़ के समीप निमार्णाधीन दुर्गा मंदिर की छत की ढलाई सोमवार को श्रमदान से की गयी। श्रमदान के लिए हरही इटकी बारीडीह टटकुनदो, झिझरी मल्टी मोरो तरगरी सहित दर्जनों गांवों के लोगों ने भाग लिया। मौके पर पूजा अर्चना व भंडारा का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक डॉ दिवाकर मिंज सपत्नीक प्रो. देलोमयी हांसदा, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, सन्नी टोप्पो, कुशवाहा विजय कुमार, लाल रामेश्वरनाथ शाहदेव, हर्षवर्धन पांडेय, विशेश्वर शाही, जलेश्वर शाही, कर्मदेव शाही, एंथोनी लकड़ा, बसंत शाही, इशेस, नीरज, कंचित, अनूज, जनमजय, देवेंद्र, विशाल, पहन, एतो उरांव शुक्रा क्रिरकेट, अमित, आशुतोष, राहुल व संजू सहित अन्य शामिल थे।

**निर्देश :** डीसी ने की पीसी और पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा

# सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक का करें नियमित औचक निरीक्षण: उपायुक्त

**लिंग परीक्षण करने वाले केंद्रों का लाइसेंस रद्द करने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान डीसी ने जिले में रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लिनिक की जानकारी ली। उन्होंने पीसीपीएनडीटी टीमों को जिले में अवैध रूप से संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों की लगातार जांच करते रहने की बात कही। उन्होंने अल्ट्रासाउंड क्लिनिक में अपना जांच करवाने के लिए आनेवाली संबंधित महिला की पूरी जानकारी यथा उसका पता, फोन नंबर आदि रखने की बात कही। कहा कि अगर कोई भी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करते पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लिंग परीक्षण करने वाले अल्ट्रा साउंड केंद्रों का सीधे तौर पर लाइसेंस रद्द करते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में मशीन परिवर्तन व चिकित्सा बदलने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावे विभिन्न अल्ट्रासाउंड में नये मशीन का अधिष्ठापन या चिकित्सा बदलने के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ रवि, डॉ अर्चना तिवारी, अधिवक्ता अतुल सिंहा, डॉ अभय कुमार, स्वर्णलता, समाजसेवी गजेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते पलामू डीसी शशि रंजन।

## डीसी के निर्देश पर उत्पाद विभाग ने की छापामारी, 2.1 करोड़ का अवैध स्प्रिट जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीसी शशि रंजन के निर्देश पर रविवार को उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार के नेतृत्व में उत्पाद विभाग की टीम ने छतरपुर के कऊल गांव में छापामारी कर वहां से 2.1 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध शराब जब्त की। गुप्त सूचना के आधार पर विभाग की ओर से यह कार्रवाई की गयी। इस दौरान 12 हजार लीटर अवैध स्प्रिट जब्त किया गया। इस संबंध में मदन विश्वकर्मा नामक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है।

### ऐसे हुई कार्रवाई



उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि छतरपुर के कऊल गांव में गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापामारी के दौरान बड़ी मात्रा में स्प्रिट से अवैध रूप से शराब बनाने का पता चला। मदन इंजीनियरिंग वर्क्स नामक वेल्डिंग दुकान की आड़ में अवैध शराब का कारोबार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया की टीम में उत्पाद विभाग के एएसआई अनूप प्रकाश, होम गार्ड के जवान व छतरपुर थाना पुलिस के जवान शामिल थे।

## महिंद्रा ई अल्फा सुपर की पलामू में लांचिंग के साथ ही बुकिंग शुरू



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महिंद्रा के अग्रणी डीलर आनंद मोटर्स की ओर से सोमवार को ई अल्फा सुपर की लॉन्चिंग की गयी। इसमें आनंद मोटर्स के निदेशक आकर्ष आनंद, महिंद्रा एंड महिंद्रा के एसएम अनुप कुमार कर्मकार, महिंद्रा फाइनेंस के रमेश कुमार, आनंद मोटर्स के महा प्रबंधक मनप्रीत सिंह और सर्विस जीएम रवि सिंह ने संयुक्त रूप से उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आनंद मोटर्स के सेल्स मैनेजर राजमणि विश्वकर्मा ने ई अल्फा सुपर की कई विशेषताएं बताई। कहा कि महिंद्रा ई-अल्फा सुपर की शोरूम में कीमत 1.77 लाख रुपये है। महिंद्रा ई-अल्फा सुपर 140 एएच लेड-एसिड बैटरी से लैस है। इसकी रेंज की बात करें तो एडवांस्ड महिंद्रा ई-अल्फा सिंगल चार्ज पर 95 किलोमीटर रेंज देती है। थ्री-व्हीलर 18ए चार्जर के साथ आता है। महिंद्रा चार्जर के साथ 12 महीने की वारंटी और बैटरी के साथ 18 महीने की वारंटी दे रही है। महिंद्रा ई-अल्फा सुपर को महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी द्वारा तैयार किया गया है। यह नया इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बेहतर रेंज प्रदान करता है। मानक ई-अल्फा मॉडल की तुलना में ई-अल्फा सुपर अधिक मजबूत और टिकाऊ है। ई-अल्फा सुपर सवारी और माल ढोने दोनों की जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा कर सकता है। इस दौरान पांच कस्टमर ने बुकिंग की और आकर्षक उपहार भी पाए। मौके पर आनंद मोटर्स के सेल्स मैनेजर निखिल कुमार विश्वकर्मा, सेल्स एग्जीक्यूटिव श्रवण कुमार गुप्ता, नित्यानंद पांडे, शोएब आलम, अनिल पांडे और वर्कशॉप से कृष्ण कुमार, टीडीआई इंचार्ज वीरेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

## पलामू में संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक बाबूलाल की सभा की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला भाजपा की बैठक सोमवार को पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक झारखंड भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को लेकर हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक और संचालन महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं लातेहार के पूर्व जिला अध्यक्ष राजधानी यादव ने कहा कि बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के तहत पूरे प्रदेश के भ्रमण पर हैं। इस संकल्प यात्रा के तहत 13 सितंबर को चतरा जिले में कार्यक्रम समाप्ति के बाद पलामू के पांकी विधानसभा में सबसे पहले उनका आगमन होगा। चतरा जिले के प्रभारी एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य विपिन बिहारी सिंह ने कहा कि जिले के सभी बूथ स्तरीय कार्यकर्ता विधानसभा स्तरीय जनसभा में कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के इस संकल्प यात्रा को भव्य और विशाल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में हर बूथों से कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में पहुंचे। 13 सितंबर को पलामू जिले के पांकी विधानसभा में बाबूलाल जी के आगमन के बाद नीलांबर पितांबरपुर मध्य विद्यालय के मैदान में विशाल जनसभा होगी। उसी दिन मेदिनीनगर के हाउसिंग क्लोनी में डाल्टनगंज विधानसभा की भी जनसभा होगी। 14 सितंबर को छतरपुर फुलवारी मैदान में छतरपुर विधानसभा की विशाल जनसभा व उसी दिन अनुमंडल मैदान जपला में हुसैनाबाद विधानसभा की विशाल जनसभा होगी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सभी विधानसभाओं के कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं। पांकी विधानसभा में विधायक डॉ शशि भूषण मेहता, डालटनगंज विधानसभा में विधायक आलोक चौरसिया, छतरपुर विधानसभा में विधायक का पुष्पा देवी, विश्रामपुर में विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी एवं हुसैनाबाद विधानसभा में सांसद विष्णु दयाल राम को प्रभारी बनाया गया है। 30 अगस्त को सभी कार्यक्रम प्रभारी अपने-अपने विधानसभा में समीक्षात्मक बैठक करेंगे बैठक में छत्तरपुर विद्यायक पुष्पा देवी, परसुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, विनोद सिंह, कर्नल संजय सिंह, अजय तिवारी, अविनाश वर्मा, दुर्गा जौहरी आदि थे।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर हुसैनाबाद के शिवालयों में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सावन की अंतिम सोमवारी पर क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े शिवालयों में भगवान भोलेनाथ की पूजा की गई। स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम परिसर, सिचाई कॉलोनी, महाबीर मंदिर, नया ठाकुरवाड़ी के शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने विल्व पत्र आदि से पूजा कर भोलेबाबा से सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, जपला चौबे स्थित शिव मंदिर में विशेष जलाभिषेक किया गया। ऊपरी कला स्थित प्राचीन शिव मंदिर, मुरली पहाड़ी स्थित महाकालेश्वर धाम के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे दिन पूजा पाठ का दौर चलता रहा। इस अवसर पर सैदाबाद गांव स्थित हनुमान मंदिर व शिव मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर रामराज प्रसाद, उदय साव, बिंदु शर्मा, कुंडल साव, अजय साव, सुदेश्वर पासवान, जगरनाथ साव, राजगीर प्रसाद, श्रवण पासवान, भदई साव, रवि गुप्ता, दिनेश प्रसाद गुप्ता, दिलीप कुमार गुप्ता, अशोक प्रसाद आदि थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## भाजपा नगर मंडल ने शोकसभा कर पार्टी के दिवंगत नेता ललन चौबे को दी श्रद्धांजलि



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा नगर मंडल की ओर से सोमवार को विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में शोकसभा आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा के दिवंगत नेता सतेंद्र नाथ उर्फ ललन चौबे को नम आंखों से श्रद्धांजलि देकर नमन किया गया। बताते चलें कि वरीय भाजपा नेता ललन चौबे का निधन विगत रविवार की अहले सुबह हुई थी। स्व चौबे कैंसर रोग से पीड़ित थे। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष सीताराम आर्य ने किया। इस दौरान स्व, ललन चौबे के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, शिवबंस मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, महामंत्री मनीष कुमार, इंद्रजीत पासवान, रजनीश चंद्रवंशी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, बेबी देवी, महिला महामंत्री अर्चना देवी, देवनारायण सिंह, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय साह और अजय केशरी आदि मौजूद थे।

## संत तुलसीदास इंटर कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला-बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास इंटर कॉलेज के सभागर में सोमवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दिवंगत भाजपा नेता सतेंद्र नाथ चौबे उर्फ ललन चौबे के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त की गयी। कॉलेज कर्मियों ने स्व. ललन चौबे के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार धर दूबे ने कहा कि स्व. ललन चौबे प्रखर वक्ता थे। उनका असमय जाना साहित्य जगत को भी झकझोर कर रख दिया है। उल्लेखनीय है कि संत तुलसीदास कॉलेज में सहायक के पद पर कार्यरत अमित चौबे पिंटू भाजपा नेता स्व. ललन चौबे के बड़े पुत्र है। श्रद्धांजलि सभा में लव शुक्ला, उमेश सिंह, अनिल चौबे, राजीव चौबे, रूपा कुमारी, अनिल शुक्ला, इरफान अहमद, सोनी कुमारी, प्रभाकर सिंह, पंकज चौबे, अंजना कुमारी, पनपती कुंवर, उमेश चौबे, लक्ष्मीकांत शुक्ला, शशिकांत कुमार, सुभाष पांडेय छोटू सहित सभी कॉलेज कर्मी उपस्थित थे।

## मेदिनीनगर में खुला नैवेद्यम रेस्टोरेंट



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर के रेडमा चौक के समीप अमृत होटल के सामने नैवेद्यम रेस्टोरेंट का उद्घाटन सोमवार को पलामू के अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह ने किया। उन्होंने संचालकों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि शुद्धता और स्वाद रेस्टोरेंट का मुख्य कारक है। इस पर खरा उतरकर इस व्यवसाय में सफलता अर्जित की जा सकती है। कहा कि व्यंजनों का स्वाद ही ग्राहकों को रेस्टोरेंट से जोड़े रखता है। इस मौके पर कांग्रेस नेता रूद्र शुक्ला, धनंजय त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश अमरेंद्र, सतीश सुमन, अरुण शुक्ला, संजय कुमार पाण्डेय, करण, अजय कुमार पाण्डेय, विजय कुमार पाण्डेय, राजन पाण्डेय, सुमित पाण्डेय, अजय तिवारी, परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष विकास दुबे समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। जानकारी देते हुए रेस्टोरेंट के संचालक शुभम कुमार पाण्डेय, सुमीत कुमार पाण्डेय व विकास कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस रेस्टोरेंट में साउथ इडियन, नार्थ इंडियन, कोनटीनेन्टल व चाइनीज व्यंजनों के साथ ही स्थानीय स्तर के एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों की व्यवस्था होगी। रेस्टोरेंट में स्वच्छता एवं शुद्धता की पूरी गारंटी रहेगी। इसके अलावे होम डिलीवरी की भी सुविधा मिलेगी।

## उंटारी रोड की छह पंचायतों के मुखिया को मिल रही जान से मारने की धमकी, प्रशासन मौन

आजाद सिपाही संवाददाता



**उंटारी रोड/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के मुखिया संघ के अध्यक्ष सह लहर बंजारी पंचायत के मुखिया अशोक सिंह सहित पूरे प्रखंड के सभी मुखिया इस दिनों दहशत में है। उग्रवादी संगठन टीपीएससी के नाम पर प्रखंड के छह पंचायत के मुखिया को जान से मारने की मिल रही धमकी से पूरा मुखिया संघ परिवार सहमा हुआ है। मुखिया संघ ने थाना में आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। आवेदन में बताया है कि बीते दिन फोन कर टीपीएससी के नाम पर लगातार तीसरी बार जान से मारने की धमकी दी गई है। मुखिया संघ के अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया फोन कर टीपीएससी के नाम पर रंगदारी की मांग की जाती है। रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दिया जा रहा है। हालांकि मुखिया अशोक सिंह द्वारा स्थानीय थाना उंटारी रोड में शिकायत भी की गई। लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हो पाई है। उन्होंने ने कहा कि प्रशासन के छूट से क्षेत्र में गुंडा राज कायम होते जा रहा है। इस बाबत जिले भर के मुखिया संघ ने सोमवार को मेदिनीनगर में एक बैठक कर इस विषय पर पलामू पुलिस के प्रति नाराजगी जाहिर की। मुखिया अनुज त्रिपाठी ने कहा कि एक मुखिया को तीन-तीन बार धमकी मिलती है और प्रशासन सुस्त रहे इससे साफ झलकता है कि प्रशासन चैन की नींद सोई हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि मंगलवार को जिले भर के मुखिया संघ की टीम पलामू पुलिस कप्तान से मिलकर मामले की जानकारी देते हुए अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई का मांग करेंगा। बैठक में तोलरा मुखिया रोहित तिवारी, विनोद विश्वकर्मा, संतोष दूबे, पुरण यादव सहित कई लोग मौजूद थें।

## मुख्य सचिव ने कार्रवाई नहीं की तो बीस सूत्री अध्यक्ष ने राज्यपाल को लिखी चिट्ठी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर वन क्षेत्र में चहारदिवारी निर्माण के लिए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक विकास झारखंड रांची की ओर से 25 लाख रुपया आवंटित किया गया था। वन क्षेत्र चैनपुर के प्रांगण में वन क्षेत्र पदाधिकारी के कार्यालय सह आवास के नवनिर्माण के लिए 40 लाख रुपया आवंटित किया गया था। उपरोक्त दोनों योजनाओं को वर्तमान चैनपुर वन क्षेत्र के पदाधिकारी शंकर पासवान एवं जिले के पदाधिकारी की मिली भगत से सिर्फ कागजी प्रक्रिया में पूर्ण कर दोनों योजनाओं का भुगतान मार्च में ही कर दिया गया था। इसका ऑडिट भी करा दिया गया था। जिसकी शिकायत चैनपुर बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दूबे ने पलामू वन प्रमंडल के पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला और झारखंड सरकार के मुख्य सचिव से की गई थी। बावजूद इसके आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज बीस सूत्री के अध्यक्ष ने राज्यपाल को एक पत्र लिखकर इस वित्तीय मामले की अनियमित की जांच कर दोषी के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# स्पोर्ट्स



क्रिकेट में स्लो ओवर रेट की वजह से पहली बार रेड कार्ड दिखाया गया। यहकैरेबियन प्रीमियर टी-20 लीग में आया। जहां फील्डिंग कर रही राइडर्स टीम के खिलाड़ी सुनील नरेल को मैदान से बाहर जाना पड़ा।

## रांची के शिहान सुनील किस्पोट्टा बनाये गये भारतीय कराटे टीम के कोच

**रांची (आजाद सिपाही)।** थाइलैंड के बैंकॉक में 6 से 11 सितंबर तक आयोजित होनेवाली थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप के लिए इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तकनीकी निदेशक और शिको काई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के राज्य प्रतिनिधि शिहान सुनील किस्पोट्टा भारतीय कराटे टीम के कोच बनाये गये हैं। इस पर शिहान सुनील किस्पोट्टा ने खुशी जताते हुए विश्व कराटे संघ की तकनीकी कमेटी के सदस्य हांशी भारत शर्मा, कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष शिहान विजय तिवारी, शिहान संजीव जांगड़ा को धन्यवाद दिया। कहा कि कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन ने मुझ पर विश्वास दिखाया। यह एक बड़ा दायित्व है। पांच सितंबर की रात को कराटे टीम कोलकाता से बैंकॉक के लिए रवाना होगी।

**सीपीएल में खिलाड़ी को मैदान से बाहर भेजा**

## स्लो ओवर के कारण क्रिकेट में पहली बार दिखाया रेड कार्ड

एजेंसी।



**नयी दिल्ली।** क्रिकेट में स्लो ओवर रेट की वजह से पहली बार रेड कार्ड दिखाया गया। यह कार्ड कैरेबियन प्रीमियर टी-20 लीग में आया। दरअसल, रविवार को ट्रिनबागो नाइट राइडर्स और सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के बीच मुकाबला था। पहले फील्डिंग कर रही राइडर्स टीम को रेड कार्ड मिला। राइडर्स ने आखिरी तीन ओवर्स में स्लो बॉलिंग की थी और टीम जरूरी ओवर रेट से पीछे थी। इस वजह से अंपायर ने टीम को 19वें ओवर के बाद रेड कार्ड दिखाया। राइडर्स के कप्तान पोलार्ड ने स्पिनर सुनील नरेन को आखिरी ओवर में मैदान से बाहर भेज दिया। तब नरेन अपने चार ओवर पूरे कर चुके थे। आखिरी ओवर में टीम ने 10 खिलाड़ियों के साथ ही फील्डिंग की। क्रिकेट में ऐसा पहली बार हुआ है जब स्लो ओवर रेट की वजह से रेड कार्ड दिखाया गया। इससे पहले इंटरनेशनल क्रिकेट में अंपायर बिली बोडेन ने एक बार 2005 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 मैच में अंडरआर्म बॉल फेंकने पर ऑस्ट्रेलियाई बॉलर ग्लेन मैक्ग्रा को रेड कार्ड दिखाया था। वहीं, नाइट राइडर्स के कप्तान पोलार्ड ने मैच के बाद रेड कार्ड रूल को 'बिल्कुल हास्यास्पद' कहा।

## पांच दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट एक सितंबर से


**टूर्नामेंट का फाइनल मैच पांच सितंबर को, टूर्नामेंट में 32 टीमें होंगी शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब बुढ़ाखुखरा के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 का उद्घाटन एक सितंबर को दिन के 10 बजे से होगा। मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें शामिल होंगी। खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो व मो साकीब ने संयुक्त रूप से बताया कि टूर्नामेंट के विजेता को 71 हजार नगद व ट्रॉफी, उपविजेता को 41 हजार नगद व ट्रॉफी दिया जाएगा। साथ ही तृतीय स्थान पानेवाले को 11 हजार नगद व ट्रॉफी और चतुर्थ स्थान पानेवाले को 10 हजार नगद व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, मैच ऑफ द सिरीज होने वाले खिलाड़ी को भी सम्मानित किया जाएगा।

## घरों का कूड़ा-कचड़ा के लिए स्थायी डंपिंग यार्ड निर्माण कराये जाने की हो पहल : धीरज मिश्रा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने गढ़वा-शाहपुर सड़क किनारे नगर निगम द्वारा कूड़े का ढेर जमा किए जाने के कारण उस सड़क से गुजरने वाले मुसाफिरों को होने वाली परेशानियों के मद्देनजर नगर निगम के आयुक्त से मीडिया के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराते हुए कूड़े का ढेर हटाने का आग्रह किया था। जिस पर नगर निगम द्वारा कूड़े की सफाई कराकर छाई डस्ट से भरावट उक्त स्थान को साफ कर दिया गया। सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संचालक धीरज मिश्रा ने नगर निगम द्वारा सफाई कराए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए आयुक्त का आभार व्यक्त किया। कहा कि नगर निगम अंतर्गत घरों का कूड़ा कचड़ा के लिए स्थाई तौर पर शहर से बाहर डंपिंग यार्ड का निर्माण कराए जाने की जरूरत है, ताकि शहर वासियों एवं आम जनमानस को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मालूम हो कि गढ़वा-शाहपुर मुख्य सड़क के किनारे मेदिनीनगर शहर का कूड़ा कचरा फेंके जाने से निकल रहे दुर्गंध के कारण राहगीरों का उस सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया था। कचरा खाने के लिए जमा हुए जानवरों के झुंड के चलते मुसाफिरों को काभी परेशानी हो रही थी। बारिश का मौसम होने के कारण कचरा भींग जाने से उससे दुर्गंध निकलने से लोगों व मवेशियों में बीमारी फैलने की भी संभावना बनी हुई थी। इसे देखते हुए स्थाई समाधान कराने के लिए नगर आयुक्त से आग्रह किया था।

## न्यूज रील्स

### बच्ची की फ्लाइट में सांस रुकी, डॉक्टरों ने बचायी जान

नयी दिल्ली। बेंगलुरु से दिल्ली जा रही विस्तारा एयरलाइन की फ्लाइट में दो साल की बच्ची की सांस रुक गयी। इसी फ्लाइट में दिल्ली एम्स के पांच डॉक्टर भी यात्रा कर रहे थे। इन्होंने बच्ची का 45 मिनट इलाज किया और जान बचा ली। फ्लाइट के नागपुर पहुंचते ही बच्ची को ठीक स्थिति में चाइल्ड स्पेशलिस्ट को सौंप दिया।

### ममता बोलीं, लोकसभा चुनाव दिसंबर में हो सकते हैं

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि लोकसभा चुनाव दिसंबर में हो सकते हैं। भाजपा ऐसा करा दे तो हैरानी नहीं होगी। हमने बंगाल में सीपीएम के शासन को खत्म किया है, अब लोकसभा में भाजपा को हरायेंगे।


### ब्रिटेन में हवाई सफर ठप, लैंडिंग और उड़ान रुकी

ब्रिटेन। टेक्निकल फॉल्ट के चलते पूरे ब्रिटेन में अचानक हवाई सफर ठप हो गया है। इस वजह से न तो हवाई जहाज लैंड कर पा रहे हैं और न ही उड़ान भर पा रहे हैं। एक एयरलाइन ने बताया कि बड़े पैमाने पर नेटवर्क फेल हो गया है। यात्रियों से कहा गया है कि एयर ट्रैफिक कंट्रोल नेटवर्क डाउन है।

## बस्ती निवासियों को भूमि अधिकार देनेवाला ओड़िशा देश का एकमात्र राज्य है

# जागा मिशन ने गरीबों को दिया सम्मान, दी नयी पहचान : मुख्यमंत्री

### कार्यक्रम तब तक जारी रहेगा जब तक सभी को जमीन का अधिकार नहीं मिल जाता



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आपण माने खुशी त महानगर निगम के गरीबों को भूमि अधिकार प्रमाण पत्र देने के मौके पर मुख्यमंत्री के सवाल से कलिंग स्टेडियम हर्ष, उल्लास, तालियों और हुल हुली से गूंज उठा। गरीबों के लिए ऐतिहासिक दिन है। जो लोग वर्षों से शहर की सड़कों पर रह रहे हैं और अपना जीवन इसके विकास में, लोगों की सेवा में बिताया है, उनके पास शहर में अपना नाम रखने के लिए जगह या घर नहीं था। न कोई अधिकार था, न कोई सम्मान ये सब आज से इतिहास है। 5 शहरों के गरीब बस्ती परिवारों को भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी किये गये हैं। जागा मिशन में 65 हजार परिवारों को भूमि का अधिकार मिला। यह कार्यक्रम तब तक जारी रहेगा जब तक सभी परिवारों को भूमि अधिकार नहीं मिल जाता। मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक ने गरीबों को उनका अधिकार दिया है। राज्य में कोई बस्तियां नहीं होंगी। सभी बस्तियां आदर्श कॉलोनियां होंगी। बीजू आदर्श कॉलोनी। बस्ती निवासियों को भूमि अधिकार देने वाला ओडिशा देश का एकमात्र राज्य है मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आज कलिंग स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में 5 महानगरों भुवनेश्वर, कटक, ब्रह्मपुर, संबलपुर और राउलकेला के 65 हजार गरीब परिवारों को भूमि अधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन और मकान निर्माण के लिए भी आर्थिक सहायता दी जायेगी। प्रमाणपत्र का दूसरा चरण अगले अक्टूबर में जारी किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक शहर के सभी गरीब परिवारों को जमीन का अधिकार नहीं मिल जाता। गौरतलब है कि 2018 में शुरू हुआ जागा मिशन कार्यक्रम शहरी बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवारों को भूमि अधिकार प्रदान करता है। अब तक राज्य के विभिन्न शहरों के एक लाख 70 हजार से ज्यादा परिवारों को जमीन का अधिकार मिल चुका है। कार्यक्रम को मिलाकर प्रदेश में 2 लाख 40 हजार परिवारों को भूमि का अधिकार मिला। साथ ही 40 हजार परिवारों को घर बनाने के लिए सहायता दी गयी है। बस्ती निवासियों को मुक्त ओडिशा बनाने के उद्देश्य से इन सभी बस्ती को सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं दी जा रही हैं और इन्हें बीजू आदर्श कॉलोनियों में परिवर्तित किया जा रहा है। अब तक 68 शहरी क्षेत्रों की 1010 बस्तियों को बीजू आदर्श कॉलोनी में तब्दील किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शहर सिर्फ अमीरों के लिए नहीं है। गरीबों को भी अपने परिवार के साथ शहर में रहने का अधिकार है। शहर के निर्माण में इस्तेमाल होने वाली हर ईंट में गरीबों का श्रम जुड़ा हुआ है। हम सभी को उनके योगदान का सम्मान करना चाहिए। जागा मिशन ने गरीबों को सम्मान दिया है, नई पहचान दी है। यह कहते हुए कि हमारे इस कार्यक्रम ने न केवल ओड़िशा, बल्कि पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है, उन्होंने कहा कि विकास के परिणामस्वरूप पहला अधिकार गरीबों का है। उन्होंने कहा कि जग मिशन ने शहर के परिवर्तन में एक नए युग की शुरूआत की है। मुख्यमंत्री ने जग मिशन कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान के लिए टाटा स्टील फाउंडेशन और टाटा स्टील को धन्यवाद दिया। 5टी पहल ने लोगों के जीवन को बदलने के हमारे प्रयासों को गति दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जग मिशन इसका सशक्त उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हम सभी के सहयोग से आगे बढ़ रहे हैं। यह कहते हुए कि हमारा लक्ष्य एक नया ओडिशा, एक मजबूत ओडिशा, एक परिवर्तित ओड़िशा का निर्माण करना है, उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## भुवनेश्वर के सांसद दौरे के दौरान मारपीट, अपराजिता ने कहा

# मुख्यमंत्री को राजधर्म का पालन करना चाहिए




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री राजधर्म निभाएं। भुवनेश्वर बीजेपी के सांसद अपराजिता षड़ंगी ने हमले की तस्वीर जारी कर यह बात कही। कल सांसद ने अपने निर्वाचन क्षेत्र बालिपाटणा का दौरा किया। इस समय अपराजिता को विरोध का सामना करना पड़ा। अपराजिता ने कहा कि यह हमला एक प्रायोजित विरोध था। अपराजिता ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर मिशन शक्ति का इस्तेमाल महिलाओं पर हमला करने के लिए किया जा रहा है। अपराजिता षड़ंगी द्वारा जारी फोटो में महिलाएं पत्थर, अंडे और काले झंडे लिए नजर आ रही हैं। कल बालिपाटणा में सांसद षड़ंगी के खिलाफ दो गुटों के बीच मारपीट हुई थी। बालिपाटणा की सड़कों पर अपराजिता समर्थकों और अन्य गुटों के बीच हंगामा हुआ। बीजेपी सांसद अठांतर के गिरिंगेश्वरी पीठ में बीजेपी के बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे थे। स्थानीय इलाके के कुछ लोग सांसद के विरोध में सड़क पर उतर आये। सांसद के समर्थकों ने विरोध करने वाले के ऊपर वहस बाजी के साथ दोनों गुट आपस में भिड़ गये। इस के बाद उत्तेजना मारपीट तक पहुंच गयी। वहीं, भुवनेश्वर की सांसद अपराजिता षड़ंगी सड़क पर रुके हुए थे। दुखद बात यह है कि पुलिस की मौजूदगी में दोनों समूहों के बीच झड़प हुई और पुलिस अराजकता को नियंत्रित करने में विफल रही। इससे सांसद के समर्थकों में भारी उत्तेजना देखा गया। भुवनेश्वर के सांसद ने कहा कि उनके कार्यक्रम में आगे किसी भी तरह की गड़बड़ी के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार होगी।




# ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय का 15वां स्थापना दिवस आज मनाया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूओ) का 15वां स्थापना दिवस 29 अगस्त को कोरापुट के लांडीगुडा परिसर में मनाया जायेगा। ओड़िशा के महामहिम राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल इस अवसर पर सारस्वत अतिथि होंगे। महामहिम राज्यपाल विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर ऑनलाइन माध्यम से विश्वविद्यालयको संबोधित करेंगे। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), कोरापुट, सुनाबेडा के महाप्रबंधक सुधांशु मोहन जेना विशेष अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी समारोह की अध्यक्षता करेंगे। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के तहत इस वर्ष 2009 को कोरापुट में की गई थी। यह एक साथ स्थापित होने वाले देश के 13 अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों में से एक था। अपनी स्थापना के बाद से, विश्वविद्यालय अपने लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और क्षेत्र की शैक्षिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रयास कर रहा है। पिछले 14 वर्षों में, विश्वविद्यालय ने 08 स्कूलों और 18 विभागों की स्थापना की है और 08 विभागों में अनुसंधान कार्यक्रम शुरू किए हैं। वर्तमान शैक्षणिक वर्ष से, विश्वविद्यालय ने कृषि विज्ञान, वानिकी प्रबंधन, पशुपालन और डेयरी फार्मिंग में इ.रू पाठ्यक्रम और रसद और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में पीजी एमबीए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। वर्तमान पाठ्यक्रम उच्च शिक्षा प्राप्त करने में रुचि रखने वाले स्थानीय छात्रों की जरूरतों को पूरा करने और इलाके के आर्थिक विकास के लिए पेश किया गया है। वर्तमान कुलपति, प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने सितंबर 2022 में विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया। अपनी नियुक्ति के बाद, उन्होंने विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास की दिशा में अपना काम जारी रखा, जिसमें परिसर के बुनियादी ढांचे का विकास और शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शामिल है। विश्वविद्यालय का 15वां स्थापना दिवस कोरापुट के लांडीगुडा परिसर में मनाया जायेगा। इस अवसर पर कुलपति प्रातः काल विश्वविद्यालय का ध्वज फहराएंगे और सभा को संबोधित करेंगे।
















# भुवनेश्वर और मंचेश्वर रेलवे स्टेशन में सिग्नलिंग प्रणाली की प्रमुख पुनर्व्यवस्था

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बारंग और खुर्दा रोड रेल लाइन परियोजना के बीच बहुप्रतीक्षित तीसरी लाइन का काम हाल ही में शुरू किया गया है। इस तीसरी लाइन रेलवे खंड को रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) द्वारा मंचेश्वर और भुवनेश्वर के बीच काम के अंतिम पैच के निरीक्षण के बाद चालू किया गया है और आयुक्त रेलवे सुरक्षा (सीआरएस) से भी मंजूरी मिल गयी है। ट्रैक को लिंक करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण सुरक्षा संबंधी कार्य है। भविष्य में बारंग और खुर्दा रोड के बीच परेशानी मुक्त ट्रेन आवाजाही के लिए सिग्नलिंग सिस्टम का काम भी शुरू किया गया है। इस परियोजना का काम पूरा होने के बाद, बारंग और खुर्दा रोड के बीच ट्रेन सेवाएं आसान हो जाएंगी क्योंकि नराज मार्ग और कटक मार्ग से और पुरी और ब्रह्मपुर की ओर से आने-जाने वाली ट्रेनों को किसी भी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। यातायात को परेशानी मुक्त बनाने के लिए, पूर्व तट रेलवे ने कुछ ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द और आंशिक रूप से रद्द कर दिया है। ट्रेनों की समय-सारणी पर मुख्य ध्यान दैनिक यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखना था, इसलिए यात्रियों को न्यूनतम बाधा के लिए सभी प्रयास किए गए थे। इस काम के पूरा होने के बाद कटक, भुवनेश्वर, खुर्दा रोड जैसे ट्रेनों की आवाजाही के लिए बॉटल नेक एरिया आसान हो जायेगा। इसके अलावा, पूर्व तट रेलवे ने वास्तविक तारीखों से बहुत पहले ट्रेनों को रद्द करने और आंशिक रूप से रद्द करने की भी घोषणा की थी। इसे सोशल मीडिया के माध्यम से भी उपलब्ध कराया गया। सभी यात्रियों से अपील की जाती है।




### टाटा स्टील स्वयंसेवी सप्ताह की शुरुआत की

**भुवनेश्वर।** ढेंकानाल नरेंद्रपुर स्थित टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) के कर्मचारियों ने 25 अगस्त 2023 को बड़े उत्साह और उमंग के साथ टाटा स्टील स्वयंसेवी सप्ताह का शुभारंभ किया। 26 अगस्त से 4 सितंबर 2023 तक चलने वाले इस सप्ताह भर के अभियान के दौरान, टीएसएम कर्मचारी विभिन्न स्वयंसेवी कार्यक्रमों में शामिल होंगे जिनका समाज और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। टाटा स्टील स्वयंसेवी सप्ताह आधिकारिक तौर पर टाटा स्टील के स्थापना दिवस पर अंगुल और ढेंकानाल जिला प्रशासन, पुलिस अधिकारियों, टीएसएम के कॉर्पोरेट सेवा प्रभाग और समूह के सदस्यों की उपस्थिति में बअंरपाल, हिंदोल और ढेंकानाल में एक समर्पित मानसून सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के साथ शुरू किया गया। समारोह का आयोजन टीएसएम के कॉरपोरेट सर्विसेज के प्रमुख श्री मोहित दास के नेतृत्व में विशिष्ट अतिथियों और स्थानीय जनता की उपस्थिति में किया गया। वाहन चालकों एवं पैदल यात्रियों को सूचना पत्रक वितरित कर मौसमी सड़क सुरक्षा अभियान का शुभारम्भ किया गया। उपस्थित स्थानीय लोगों का उत्साह बढ़ाने के लिए सुरक्षा विभाग ने इन सभी जगहों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। हिंदोल में लोगों को हाथियों के बारे में जागरूक किया गया कि वे हमारे साथी हैं। वन विभाग के कर्मचारियों ने हाथियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के महत्व की जानकारी दी।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**